www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक -20 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



न्याय पत्र से घबरा गए मोदी : कांग्रेस 02
■ केंद्र सरकार रच रही महापौर चुनाव रोकने की...
■ डीटीसी बस से कुचल जाने से एक की मौत,... 03
■ आतंकवाद से लड़ने में दोहरे मानदंड न ...
■ अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलें ... 07
दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा : योगी 09

# ये चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का है : खड़गे

## कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, पहले चरण में हम आगे थे, दूसरे दौर में भी आगे रहेंगे

■ राजीव रंजन श्रीवास्तव

एक्सक्लूसिव



**नई दिल्ली, 25 अप्रैल ( देशबन्धु )। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सियासत में एक लंबा सफर तय किया है। राजनीति में शानदार पांच दशक से भी अधिक का लंबा सफर आज भी अनवरत जारी है। लगभग 83 साल की उम्र में भी वे लगातार चुनाव प्रचार में सक्रिय हैं और इनके ऊपर एक सबसे बड़ी जिम्मेदारी कांग्रेस को मजबूत करना और कांग्रेस को सत्ता में लौटाना है। इसीलिए इनकी तरफ वो मतदाता जरूर देख रहा है जो चाहता है कि सत्ता परिवर्तन हो। मल्लिकार्जुन खड़गे से चुनाव के माहौल, कांग्रेस की रणनीति, संविधान बचाने का सवाल, भाजपा की विपक्षी दलों पर दबाव की रणनीति, ऐसे अनेक मुद्दों पर देशबन्धु के मुख्य संपादक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने लंबी चर्चा की, पेश है उस चर्चा के चुनिंदा अंश।**

**सवाल**– खड़गे साहब आपसे पहला सवाल, चुनाव का वक्त है, अभी से दो महीने पहले आपने एक भाषण दिया था, उस भाषण में आपने कहा था, अपने कार्यकर्ताओं को कि इस चुनाव में डटकर लगो, नहीं तो ये आखिरी चुनाव होगा। क्या मतलब था, और क्या मकसद था ये कहने का?

**जवाब**– मतलब ये था कि एक तो हमारे कार्यकर्ताओं को उत्साहित करना। दूसरा मकसद ये था कि जो आज बीजेपी की सरकार, मोदी साहब की सरकार जो कदम उठा रही है, और लोगों को तंग कर रही है, नेताओं को सता रही है। लेवल प्लेइंग ग्राउंड वो देना नहीं चाहते। और अगर कोई हमारी पार्टी की मदद भी करना चाहता है, उसको रोकने की पूरी कोशिश हो रही है। आज भी ये यही कोशिश कर रहे हैं कि कोई कांग्रेस पार्टी को चंदा नहीं दे, हमारी मदद न करे। तो हम चाहते हैं कि भाई जब लेवल प्लेइंग ग्राउंड किसी डेमोक्रेसी में नहीं है, तो बड़ी मुश्किल ये होती है कि फ्री एंड फेयर इलेक्शन नहीं होते। डेमोक्रेसी को आहिस्ता आहिस्ता वो खत्म करना चाहते हैं और ऑटोक्रेटिक रूल बनाकर डिक्टेटरशिप के जैसे वो अपनी हुकूमत को चलाना चाहते हैं। इसलिए मैंने लोगों को ये कहा ये देखो ये आखरी चांस है इनको सबक सिखाने का। अगर इनको सत्ता में आने से रोक दिए तो निश्चित तौर पर डेमोक्रेसी भी बचेगी और संविधान भी बचेगा। क्योंकि बड़े कष्ट के साथ संविधान गरीबों को मिला है। बड़े मुश्किल से हमने आजादी हासिल की है और जिसको पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने डेमोक्रेटिक प्रिंसिपल से देश चलाने के लिए खूब बढ़ाया और गांधीजी का जो उसूल है कि जो कुछ भी हम करेंगे शांति के मार्ग से ही करेंगे और देश को भी आजादी उन्होंने ऐसा ही दिलायी कि देश आजाद होगा, लेकिन मारपीट से, खून खराबे से नहीं होगा, हमारा एक ट्रैक रिकॉर्ड है कि सबको समान दृष्टि से राजनैतिक तौर पर हम लेकर चलते हैं। लेकिन मोदी जी ये नहीं चाहते। वे किसी को, कुछ भी बोल देते हैं। कोई अगर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ या गांधी परिवार के खिलाफ बोला तो उसको समर्थन देते हैं। यहां तक कि देश के संविधान को भी तोड़ने का काम चल रहा है। उनकी पार्टी के लोग हमेशा ये कहते है तुम हमको दो तिहाई बहुमत दो, हम आपको संविधान बदल के देंगे। मोदी खुद तो ये कहते हैं कि बाबा साहब अंबेडकर अगर आए तो भी हम संविधान बदलने वाले नहीं हैं, लेकिन उनकी पार्टी के नेता कुछ और ही कहते हैं

> ‘मोदी जी की जो गारन्टी है वो नहीं देने की गारन्टी है।’

> ‘मोदीजी के लिए बेरोजगारी और महंगाई कोई मुद्दा नहीं है।’

**सवाल**– तो क्या लगता है कि यहाँ पर मोदी फंस गए? जब संविधान बदलने की बात उनके ही लोग कह रहे हैं और इनको अब ये वक्तव्य देना पड़ रहा है कि चाहे बाबा साहब आ जाए वो भी नहीं बदल सकते हैं और क्या यहीं से चुनाव में ये एक मुद्दा बन गया है? क्या यहां नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी फंसी हुई दिखाई देती है?

**जवाब**– ये दो-तीन मुद्दे मेरे लिए नहीं, 140 करोड़ जनता के लिए महत्वपूर्ण हैं। पहला है लोकतंत्र बचाना। दूसरा है संविधान बचाना। लोगों को इसका महत्त्व भी मालूम नहीं हुआ। आजादी के पहले कोई वोट मांगता नहीं था और कोई वोट के लिए कोशिश भी नहीं करता था। पहले किसी के पास राजनैतिक शक्ति नहीं थी, लेकिन फिर संविधान के तहत सभी को वोटिंग का अधिकार मिला तब सभी लोग महसूस करने लगे कि भाई एक बहुत बड़ा हथियार है, इसको हम बड़े संभाल कर इस्तेमाल करेंगे। तो संविधान और डेमोक्रेसी हमारे लिए सबसे बड़ा मुद्दा है। अब आई बात तीसरे मुद्दे की, आदमी को जीने के लिए काम चाहिए, और मोदी खुद किसी को काम नहीं दे रहे हैं। पहले तो उन्होंने कहा कि दो करोड़ नौकरियां दूंगा, लेकिन नहीं दी। उन्होंने कहा 15 लाख दूंगा, नहीं मिले। उन्होंने कहा किसानों की आमदनी दोगुनी करूंगा, वो भी नहीं हुआ। यानी मोदी जी की जो गारन्टी है वो नहीं देने की गारन्टी है। मोदी खुद बोलते हैं ये मोदी की गारंटी है, मोदी है तो मुमकिन है। मोदी की 56 इंच छाती के सामने कोई इसको रोक नहीं सकता। ये मैं-मैं बोलने वाला शब्द डेमोक्रेसी में अच्छा नहीं लगता क्योंकि डेमोक्रेसी में पार्टी के विचार और एजेंडा होते हैं। मोदीजी के लिए बेरोजगारी और महंगाई कोई मुद्दा नहीं है। लोग खाने के लिए तरस रहे और उनकी आमदनी भी घट रही है, हो सकता है चंद लोग खुश होंगे जिनके लिए कुछ मिला होगा। लेकिन बाकी लोग कष्ट में हैं।

**सवाल**– अभी भाजपा का जो संकल्प पत्र आया है उसके हर पेज पर मोदी की गारन्टी है। आपका भी न्याय पत्र आया और जहां तक मुझे ध्यान है कि आपने घोषणापत्र की कमिटी पहले बना ली थी और जैसे ही चुनाव की घोषणा हुई 5 अप्रैल को आपने उसको लॉन्च कर दिया। कांग्रेस का मैनिफेस्टो लॉन्च होने के बाद से ही सुर्खियां बटोर रहा है। नरेंद्र मोदी पहले मुस्लिम लीग से शुरू हुए, फिर मंगलसूत्र तक पहुंचे, उसके बाद कांग्रेस आरक्षण खत्म कर देगी, संविधान खत्म कर देगी जैसे बातें कर रहे हैं। आखिर क्या कुछ इसमें लिखा है कि इतनी सुर्खियां आपका मैनिफेस्टो बटोर रहा है? आपने तो मोदी से समय भी मांगा हैं मेनिफेस्टों पर चर्चा करने के लिए।

**जवाब**– मैंने ये कहा था कि अगर कुछ उनको समस्या है अगर वो किसी मुद्दे पर अगर स्पष्टीकरण चाहते हैं तो मैं उन्हें समझा सकता हूं, चैलेंज करने के लिए या नीचा दिखाने के लिए नहीं किया। वो प्रधानमंत्री हैं, लेकिन हम ये चाहते हैं भाई गलतफहमी मत फैलाओ, लोगों को भ्रमित मत करो। बार-बार ये कहना कि ये लोग जनगणना कर रहे हैं, तो, आपके घर में अलमारी को देखेंगे। आपके घर में घुसेंगे आपका सोना कितना है, चांदी कितना है? वो कितना है? ऐसा थोड़ी कोई करता है।

**सवाल** – विरासत टैक्स, इनहेरिटेंस टैक्स की बात।

**जवाब**– देखो वो मुद्दा हमारा नहीं है, हमारे इलेक्शन मैनिफेस्टो में भी नहीं है तो आप जो बात मैनिफेस्टो में नहीं है, उसे क्यों कह रहे हैं। जो बात मेनिफेस्टो में नहीं है, ( शेष पृष्ठ 2 पर )

## सार संक्षेप

### अखिलेश यादव ने कन्नौज सीट से भरा पर्चा



**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव ने गुरुवार को कन्नौज सीट ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल समेत कई नेता मौजूद रहे। कन्नौज के मौजूदा भाजपा सांसद सुब्रत पाठक हैं। वह इस बार भी मैदान में हैं और नामांकन कर चुके हैं। अखिलेश यादव का मुकाबला उन्हीं से है।

### धनखड़ ने दिलाई नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय ने आज यहां बताया कि श्री धनखड़ ने नवनिर्वाचित देवेंद्र प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह और महेंद्र भट्ट को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई।

### विदेशों में फंसे भारतीयों की वापसी शीघ्र होगी

**नई दिल्ली।** रूसी सेना में फंसे 10 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं और बाकी लोगों की रिहाई के लिए भी रूस सरकार ने सहयोग का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार से ईरान द्वारा बंधक बनाए गए वाणिज्यिक पोत पर तैनात चालक दल के सदस्यों में भारतीय सदस्यों की भी जल्द ही स्वदेश वापसी होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

# दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान आज

## राहुल गांधी समेत कई दिग्गज नेताओं की किस्मत का होगा फैसला



- वोटिंग मशीनें पहुंचाने समेत सभी तैयारियां पूरी
- 12 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश में मतदान
- 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में आजमा रहे भाग्य

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में चुनाव में शुक्रवार को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोट डाले जाएंगे और इसके लिए चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों तक वोटिंग मशीनें पहुंचाने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। इसके लिए दूरदराज के मतदान केन्द्रों पर मतदान कराने वाले अधिकारियों की टीमें मतदान सामग्री के साथ पहले ही रवाना कर दी गई हैं। आयोग ने दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए घर से मतदान करने की सुविधा भी की है। तेज गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर पेयजल और छाया की व्यवस्था की जा रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था।

### दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर

दूसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटों में जहां वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अग्नि परीक्षा होगी, वहीं तीन केंद्रीय मंत्री और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। राजस्थान के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्रों के भाग्य का फैसला भी जनता 26 अप्रैल को ही तय करेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को टिकट दिया है। कर्नाटक की मान्ड्या लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की साख दांव पर है।

# मोदी, राहुल के भाषणों पर आयोग ने भेजा नोटिस




- मोदी की कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआईएम ने की थी शिकायत
- निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत, 29 तक जवाब मांगा

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु) चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिए आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने श्री मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय- समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है। आयोग ने श्री गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है।

### शिकायतों को नोटिस के साथ भेजा

चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के प्रमुखों को जारी नोटिसों में श्री मोदी या श्री गांधी का सीधे उल्लेख नहीं किया है, लेकिन उनके खिलाफ शिकायतों को नोटिस के साथ जरूर भेजा है। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 का उल्लेख करते हुये इन पार्टियों के स्टार प्रचारकों को आदर्श चुनाव अचार संहिता और उनके लिये आयोग द्वारा तय किए गए मानकों की जवाबदेही पार्टी अध्यक्षों पर डाली है। आयोग ने कहा है कि अपने प्रत्याशियों, खास कर स्टार प्रचारकों के कामों के प्रति पहली जवाबदेही राजनीतिक दलों की ही होनी चाहिए।

# तिहाड़ जेल में दो गुटों में झड़प, चार कैदी घायल

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। एक संदिग्ध गैंगवार और जेल के अंदर वर्चस्व की लड़ाई में दिल्ली तिहाड़ की जेल नंबर 3 के अंदर कैदियों के दो समूह आपस में भिड़ गए। इस झड़प में चार कैदी घायल हो गए। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि घटना बुधवार सुबह की है। पुलिस ने घटना के संबंध में आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार, घायल अलग-अलग समूहों से थे। हमले का कारण जेल के अंदर वर्चस्व स्थापित करना था। अधिकारी ने कहा, घायलों को दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पटना जंक्शन के पास होटल में लगी आग, 6 की मौत

**पटना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरुवार को पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में लगी आग में झुलस कर अबतक 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 15 से अधिक लोग झुलस गए हैं। आग में झुलसे लोगों को इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतकों को आंकड़ा अभी और भी बढ़ सकता है। फिलहाल तीन दर्जन से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। दरअसल, गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई और दर्जनों लोग उसमें फंस गए। गर्म पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बिल्डिंग के नीचे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

# बसपा ने रायबरेली से ठाकुर प्रसाद को उतारा

■ तीन उम्मीदवारों की एक और सूची घोषित की

**लखनऊ,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने गुरुवार को तीन उम्मीदवारों की एक और सूची घोषित की। कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली में पार्टी ने ठाकुर प्रसाद यादव को उम्मीदवार बनाया है। बसना ने 2019 में अंबेडकर नगर में अपनी काबिज सीट पर कमर हयात अंसारी को मौका दिया है। उनका मुकाबला सपा के लालजी वर्मा और भाजपा के रितेश पांडेय से होगा। रितेश 2019 में बसपा से सांसद बने थे। अभी हाल में वह भाजपा में शामिल हुए हैं। बहराइच सुरक्षित सीट से बृजेश कुमार सोनकर को बसपा ने मैदान में उतारा है।

सुविधा | *सीजेआई ने डिजिटलीकरण को दिया बढ़ावा*

# अब व्हाट्सएप पर मिलेगी सुप्रीम कोर्ट की ‘वाद-सूची’

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब ‘व्हाट्सएप’ पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को इस बारे घोषणा करते हुए कहा, इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है।**

इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं। उन्होने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को ‘मेघराज क्लाउड 2.0’ में स्थानांतरित कर रहे हैं। अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं।’

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी जरूरी जानकारियां ‘व्हाट्सएप’ के जरिए उपलब्ध कराने की शीर्ष अदालत की इस कोशिश को एक और क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि



■ लोगों को आसानी से मिल सकेगी जानकारियां

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष आशाजनक सुधारों की एक सतत धारा देखी है। शीर्ष अदालत की अपनी आईटी सेवाओं के साथ ‘व्हाट्सएप’ को जोड़ने से संबंधित अधिवक्ताओं को मामले दायर करने, वाद सूची और अन्य जानकारियों के बारे में स्वचालित संदेश प्राप्त हो सकेंगे।

### आपत्तियों के बारे में भी तुरंत जानकारी मिलेगी

*इस सेवा के शुरू होने से ‘बार’ के सभी सदस्यों (अधिवक्ताओं) और रजिस्ट्री अधिकारियों को रजिस्ट्री द्वारा प्रकाशित होने पर वाद-सूची उसी क्षण प्राप्त कर हो सकेंगी। मामलों के सफल रूप से दाखिल होने पर व्हाट्सएप के माध्यम से स्वचालित संदेश प्राप्त होंगे। दायर मामलों में रजिस्ट्री द्वारा चिह्नित की गई आपत्तियों के बारे में भी जानकारी मिलेगी। शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने कहा, ‘यह सुविधा मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में एक और डिजिटल पहल है। यह कागज बचाने और हमारे पृथ्वी के संरक्षण में काफी मदद करेगी।’*

# देश

**उवाच**



"जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की लड़ाई उनकी पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच नहीं है, बल्कि यह है कि जम्मू-कश्मीर की आवाज को नई दिल्ली तक कौन लेकर जाएगा।"

-महबूबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 39.0 | 26.0 |
| मुंबई | 29.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 39.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# न्याय पत्र से घबरा गए मोदी : कांग्रेस

## प्रधानमंत्री खुद कई भाई-बहन हैं मंगलसूत्र की बात भी उनके मुंह से अच्छी नहीं

**लखनऊ,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि एक दिन में 20 किसान आत्महत्या करते हैं। यूपीए ने जिस तरह से किसानों को राहत दी थी, उस तरह से आज तक नहीं मिला। प्रधानमंत्री अपने 10 साल के सवाल का जवाब दें। राहुल गांधी ने न्याय यात्रा निकालने के बाद न्याय पत्र बनाया। उन्होंने न्याय पत्र तक नहीं पढ़ा। वह झूठ बोल रहे हैं। देश का राजा जब झूठ बोलता है तो देश की अवनति होती है। हम सभी न्याय की बात कर रहे हैं। इसमें क्या गलत है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री न्याय पत्र से घबरा गए हैं। वह दोबारा जीत गए तो सभी विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल देंगे। मीडिया अपना काम नहीं कर पाएगी। उन्होंने बताया कि जिसने हमारा न्याय पत्र पढ़ा वह दूसरे को वोट नहीं देगा। हम लोकतंत्र बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रधानमंत्री अब बहकी हुई बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खुद कई भाई-बहन हैं। मंगलसूत्र की बात भी उनके मुंह से अच्छी नहीं है। राम हमारी आस्था का स्रोत है। हम मंदिर मस्जिद सब जगह जाते हैं। हर संस्कृति का सम्मान करते हैं। भगवान राम राजनीति का विषय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो ओल्ड पेंशन स्कीम लाई



देश का राजा जब झूठ बोलता है तो देश की अवनति होती है, हम सभी न्याय की बात कर रहे हैं इसमें क्या गलत है : पवन खेड़ा

जाएगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों की आवाज सुनने के बाद न्याय पत्र तैयार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है और समाज में आर्थिक असमानता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अपनी पांच न्याय 25 गारंटी के साथ, हम यह लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और चार जून को हमें पूर्ण बहुमत मिलेगा और सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी के लिए न्याय, आर्थिक और सामाजिक समानता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं दूसरी

## भाजपा अब अटल की नहीं, अडानी व अंबानी की पार्टी : अजय राय

**वाराणसी।** गठबंधन के सभी जिलाध्यक्षों ने गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवास पर संयुक्त प्रेसवार्ता की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अमित शाह बनारस में आए और झूठ बोलकर चले गए। बनारस में कोई उद्योग नहीं लगा, किसी को रोजगार नहीं मिला, जिसे मिला हो मुझे बताए। अजय राय ने कहा कि खुद अमित शाह बताएं चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के अलावा उन्होंने कितने उद्योग का उद्घाटन किया। भाजपा ने पुराने कार्यकर्ता की कोई पूछ नहीं है। अब यह अटल की नहीं अदानी-अंबानी की पार्टी रह गई है। राय ने कहा कि बीएचयू में बच्ची से दुष्कर्म करने वालों के यहां बुलडोजर क्यों नहीं चला। उन्होंने कहा कि बनारस में कॉरिडोर के नाम पर सिर्फ मंदिर तोड़े गए हैं। संस्कृति को खत्म करने का काम किया गया है। टेंट सिटी बसाकर गंगा नदी में मल मूत्र बहाया गया और अमित शाह कह रहे हैं उन्होंने स्वच्छ किया है।



ओर उत्तर प्रदेश के चर्चित सीटों में से एक मैनपुरी लोकसभा सीट पर सपा मजबूती से डटी हुई है। सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को टक्कर देने के लिए, भाजपा ने योगी सरकार में मंत्री जयवीर सिंह को मैदान में उतारा है। गुरुवार को जनसंपर्क के दौरान डिंपल यादव ने एक बार फिर भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव के बाद बहुत ही अच्छे नतीजों की तरफ संकेत मिल रहे हैं। भाजपा में कहीं न कहीं घबराहट है। कहा कि अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने पर ये घबराहट और बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मैनपुरी में दौरा प्रस्तावित है। इस पर उन्होंने कहा कि सीएम आएं, उनका स्वागत है। बताते चलें कि सपा इस बार बदली हुई रणनीति के तहत काम कर रही है। सपा इस बार के चुनाव में बड़ी रैलियां करने की बजाय नुक्कड़ सभाएं कर जनसंपर्क कर रही है।

## मध्य प्रदेश की छह लोकसभा सीटों के लिए मतदान आज

**भोपाल,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मध्य प्रदेश के छह लोकसभा क्षेत्रों में आज मतदान होगा। इसके लिए कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार लोकसभा क्षेत्र टीकमगढ़ (अजा), दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान सम्पन्न कराने के लिए सभी मतदान दल अपने-अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच गए हैं। मतदान केंद्र पहुंचने पर मतदान कर्मियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। मतदाताओं की सुविधा के लिए दूसरे चरण के उपरोक्त छह लोकसभा क्षेत्रों में मतदान दिवस (26 अप्रैल) को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश रहेगा। राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है। मतदान के दिन (26 अप्रैल को) भारत निर्वाचन आयोग के वोटर टर्न आउट एप और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्य प्रदेश की वेबसाइट पर मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी उपलब्ध रहेगी। इसके माध्यम से नागरिक हर दो घंटे में दर्ज हुए मतदान प्रतिशत के बारे में जानकारी ले सकेंगे। वोटर-टर्न आउट एप नागरिकों को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर डाउनलोड करना होगा।

## मोदी का राजस्थान में दिया गया भाषण पूरी तरह से मुस्लिम विरोधी : फारुख अब्दुल्ला

### देश को तोड़ने की कोशिश करने का लगाया आरोप

**श्रीनगर,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए उनपर देश को तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। श्रीनगर में कांग्रेस मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री का हाल ही में राजस्थान में दिया गया भाषण पूरी तरह से मुस्लिम विरोधी है और उसने देश के मुसलमानों को हिला दिया है। श्रीनगर संसदीय सीट से अपनी पार्टी उम्मीदवार आगा रुहुल्लाह के आज नामांकन पत्र भरने के बाद उन्होंने श्री रुहुल्लाह के समर्थन में प्रचार किया। नेकां अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री को राष्ट्र के संविधान के तहत देश के सभी लोगों की सुरक्षा करनी है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी देश का प्रधानमंत्री बनेगा वह सभी के लिए पिता तुल्य है और उसे कभी भी लोगों को उनके रंग, पंथ या धर्म, भोजन या कपड़े से अलग नहीं करना पड़ेगा चाहे कोई उनकी पार्टी का हो या नहीं। उन्होंने आरोप लगाया, मैं पीएम के भाषण से निराश हूं क्योंकि वह देश को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हिंदू, मुस्लिम और ईसाई



सहित जो भी देश के नागरिक हैं। फारूक ने कहा कि इंडिया गठबंधन देश के संप्रदायों के बीच दरार पैदा करने के खिलाफ है। अब्दुल्ला ने कहा कि इंडिया समूह का गठन सिर्फ भारत की पहचान और संविधान की रक्षा के लिए किया गया था, जिस पर खतरा मंडरा रहा है। एनसी अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया समूह देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने और डॉ. अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान की रक्षा के लिए है। अब्दुल्ला ने उन दिनों की यादें ताजा करते हुए कहा कि जब कांग्रेसी नेता राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर आए थे और यात्रा के दौरान बर्फबारी हुई लेकिन उन्होंने यहां आकर लोगों को आश्वस्त किया कि वह यहां लोगों के दर्द और परेशानियों को कम करने के लिए यहां आए हैं। उन्होंने चुनाव में इंडिया समूह की जीत का दावा करते हुए कहा कि समूह डॉ अंबेडकर के संविधान की रक्षा करेगा।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार करेंगे अमित शाह

**भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज मध्य प्रदेश के प्रवास पर रहते हुए अशोकनगर एवं राजगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। शाह सुबह भोपाल से गुना जाएंगे। वे अशोकनगर जिले में पिपरई के मंडी केंपस में जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर लगभग डेढ़ बजे वे राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### जम्मू पुलिस ने दो हेराइन तस्करों को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने जम्मू बस स्टैंड के पास से मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों की हेरोइन को जब्त की है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि ऑपरेशन 'संजीवनी' के तहत मादक पदार्थों की तस्करी और मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ अभियान में जम्मू पुलिस ने बुधवार रात बस स्टैंड क्षेत्र में दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 169 ग्राम हेरोइन जब्त की। उन्होंने कहा कि निरीक्षक विकास डोगरा, थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टाउन हॉल रोड के पास लगाए गए नाका जांच के दौरान दो ड्रग तस्करों को पकड़ा और उनके कब्जे से 169 ग्राम हेरोइन बरामद की।

## त्रिपुरा में भाजपा उपाध्यक्ष पटल कन्या को नोटिस

**अगरतला,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। त्रिपुरा में त्रिपुरा ईस्ट (सु) संसदीय सीट पर चुनाव से एक दिन पहले गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्जी ने टीआईपीआरए मोथा के संस्थापक एवं शाही वंशज प्रद्योत किशोर देववर्मन के खिलाफ प्रतिकूल बयान देने के मामले में पार्टी के उपाध्यक्ष पटल कन्या जमातिया को कारण बताओ नोटिस दिया।

**टीआईपीआरए मोथा के संस्थापक की आलोचना करने का मामला**

इससे पहले जमातिया ने संवाददाता सम्मेलन में प्रद्योत किशोर पर हमला बोला और उन पर आदिवासी सशक्तिकरण का समर्थन करने वाले लोगों का विश्वास तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रद्योत किशोर ने अपने संकीर्ण उद्देश्यों के लिए भाजपा के साथ गठबंधन किया है और उन्हें आदिवासियों और गैर-आदिवासियों के बीच नफरत फैलाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा प्रद्योत भाजपा के उपाध्यक्ष के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि पार्टी के हितों की रक्षा के लिए और शीर्ष नेतृत्व को प्रद्योत पर बहुत अधिक भरोसा करने के प्रति आगाह करूं। मैं पार्टी का एक वफादार सिपाही और मोदी जी का समर्पित अनुयायी हूं, इसलिए मैं यह सब कह रहा हूं। यह आदमी (प्रद्योत) अपनी बड़ी-बड़ी बातों से राज्य और यहां के लोगों, विशेषकर आदिवासियों का भला नहीं कर सकता। भट्टाचार्जी ने हालांकि जमातिया के रुख को खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी उनके विचारों का समर्थन नहीं करती है।

## राजस्थान की पांच सीटों पर कई दिग्गजों की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर

# कोटा-बूंदी में अपनों से ही ओम बिरला की टक्कर

**जयपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में शुक्रवार को राजस्थान की 13 सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। 2019 के चुनाव में ये सभी सीटें भाजपा के खाते में आई थीं। इन सबके बीच 13 में से पांच सीटें बाड़मेर-जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, जालोर और बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट ऐसी हैं जिन पर सबकी निगाहें हैं, जहां से दो केंद्रीय मंत्री, लोकसभा के स्पीकर और पूर्व कांग्रेसी सीएम के बेटे की किस्मत दांव पर लगी है। चुनाव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं कैलाश चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. सी.पी. जोशी सहित कई नेताओं की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर लगी हैं। कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में चुनाव इस मायने में बहुत रोचक हो गया है, क्योंकि यहां



- भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए प्रहलाद गुंजल से है ओम बिरला का मुकाबला
- दूसरे चरण में केंद्रीय मंत्रियों समेत बड़े नेताओं का भाग्य ईवीएम में होगा कैद

वास्तविकता में टक्कर भाजपा के ही पूर्व और मौजूदा दिग्गजों में है। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के सामने भाजपा से ही कांग्रेस में गए पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल हैं। गुंजल चार महीने पहले विधानसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़े थे। बिड़ला को भाजपा के वोट कटने का खतरा है, तो कांग्रेस में भितरघात की आशंका। शहरी वोटों को लेकर भाजपा तो

### बांसवाड़ा-डूंगरपुर में आदिवासी नेताओं में साख की जंग

बांसवाड़ा-डूंगरपुर में प्रत्याशी भी आदिवासी समुदाय के हैं और निर्णायक भी आदिवासी मतदाता हैं। पूरा चुनाव जनजातीय मुद्दों पर टिका है। दशकों से क्षेत्र में कांग्रेस के बड़े आदिवासी चेहरे और कई बार के विधायक और मंत्री रहे महेंद्रजीत सिंह मालवीय को इस बार भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। सामने भारतीय आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार विधायक राजकुमार रोत हैं। कांग्रेस ने भारतीय आदिवासी पार्टी से गठबंधन किया, लेकिन कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार ने अंतिम समय में नामांकन वापस ही नहीं लिया। ऐसे में मुकाबला कहने को त्रिकोणीय है, लेकिन कांग्रेस को समर्थन रोत का करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में इसी सीट पर सभा के दौरान मंगलसूत्र वाला बयान देकर क्षेत्र को पूरे देश में चर्चित कर दिया था।

अल्पसंख्यकों पर कांग्रेस आश्वस्त हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में मीणा-गुर्जर वोटों का बंटवारा बहुत हद तक परिणाम प्रभावित करेगा। एक-एक वोट को बटोरने के लिए भाजपा की ओर से मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, कांग्रेस से पूर्व मंत्री अशोक चांदना और क्षेत्र के युवा नेता नरेश मीणा दिन रात मशक्कत में जुटे हैं। इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों में कांग्रेस और पूर्व की गहलोत सरकार पर चुन-चुन कर निशाना साधकर पार्टी का प्रभुत्व बनाए रखने का प्रयास किया है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से भी केंद्र सरकार के साथ ही प्रदेश सरकार पर निशाना साधा गया और विधानसभा की हार को लोकसभा चुनाव में जीत में बदलने का प्रयास किया गया है।

## बिहार को राजद ने किया बर्बाद : विजय सिन्हा

**पटना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। तेजस्वी यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि जेपी नड्डा बहुत सारा बैग लेकर दिल्ली से आए हैं और जहां-जहां चुनाव हो रहा है, वहां-वहां पैसा बांट रहे हैं। तेजस्वी के इस आरोप पर भाजपा हमलावर हो गई है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। तेजस्वी यादव को भ्रष्टाचारियों का सुपुत्र बताते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि भ्रष्टाचार की गोद में पले बढ़े तेजस्वी यादव में अगर दम है तो चुनाव आयोग में जाकर शिकायत करें। तेजस्वी यादव झूठा आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांक कर देख लें। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव खुद को देख लें कि भ्रष्टाचार से कितनी संपत्ति कमाई है। टिकट बेंचने और मंत्री बनाने में पैसा वसूलने वाले लोगों को इस तरह की बात करने का कोई अधिकार नहीं है। अगर उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तो सारा दूध का दूध और पानी सामने आ जाएगा।

### जदयू नेता सौरभ कुमार की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में बुधवार की रात जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता सौरभ कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई जबकि उनका मित्र घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि जदयू नेता सौरभ कुमार अपने दोस्त मुनमुन के साथ पुनपुन थाना क्षेत्र के बढ़िया कॉल गांव में देर रात एक शादी के रिसेप्शन से लौटते समय गाड़ी में बैठ रहे थे तभी मोटर साइकिल पर सवार चार बदमाशों ने करीब से गोलियां चलाईं।

## ये चुनाव लोकतंत्र और...

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

उस चीज की हम रिस्पांसिबिलिटी नहीं लेते। हां आप तर्क रखो। उन्होंने जो कहा अमेरिका के बारे में कहा तो किसी और नाम से हमसे छेड़छाड़ मत करो। हमारे घोषणापत्र में हमने पांच न्याय की बात कही तो हमने तो ये कहा कि युवाओं को न्याय देंगे जिसका मतलब है गवर्नमेंट सर्विस में जितने भी सेवा करने की जगह है। वो भर्ती करेंगे। उसमें ये लिखा गया है कि अप्रेंटिस कोर्स करके सब बच्चों को सक्षम करके उनको हम रोजगार में लाएंगे और उन्हें एक लाख सालाना देंगे। इसमें मुस्लिम लीग की बात कहां से आई।

**सवाल** - आपका एक लंबा अनुभव रहा है, चौदहवीं लोकसभा आप देख रहे हैं और इस लंबे अनुभव में क्या आपने इस ढंग का प्रचार देखा? जहां आप खुद कह रहे हैं कि आपके मैनिफेस्टो में जो नहीं है, उस पर बात हो रही है। आपके मैनिफेस्टो में ना मुस्लिम लीग की बात है, ना मंगलसूत्र छीनने की बात है, ना विरासत टैक्स की बात है। ना ही मांस मछली की बात है। कुछ भी ऐसा नहीं है ना? मुस्लिम आबादी की बात है लेकिन यहां पर प्रचार कैसा हो रहा है। आपकी पार्टी का एक डेलिगेशन चुनाव आयोग में मिलके आया है। मैं आपसे समझना चाहता हूं एक लंबे अनुभव के आधार पर भी क्या इस तरह का प्रचार पहले भी होता रहा? और आज अगर हो रहा है तो इस पर क्या कुछ एक्शन हो सकता है? दूसरी बात ईवीएम की, इस पर संदेह के बादल हैं कि लोग अब थोड़ा कतरा रहे हैं वोट डालने के लिए। कैसे इन मतदाताओं को प्रेरित करेंगे कि आप जाइए वोट देकर आइए

**जवाब**- देखिए, मैंने तो अपना इलेक्शन मैनिफेस्टो बताया। और वो लोग कांग्रेस पार्टी को टोकने का काम कर रहे हैं। हमारा कहना है फ्री एंड फेयर इलेक्शन हो, लेवल प्लेइंग इलेक्शन हो। एक अच्छे डेमोक्रेटिक सिस्टम को, अच्छे लोगों को चुनने का एक मौका होता है। लेकिन अब बीजेपी ये नहीं चाहती। मोदी जी ये नहीं चाहते। वो लोगों का ध्यान भटकाने के लिए कुछ ना कुछ बोलते हैं। मैं बोलता हूं मुझे भूख लगी है। खाना दो जी, वो बोलते हैं, नहीं बेकरी में अपनी ये केक मिल रहा है कम दाम में, वो जा के खाओ। मैं बोलता हूं उसे नौकरी दो वो कहते हैं तुम नौकरी नहीं हैं, पकौड़ा बनाओ।

संविधान को तोड़ के मरोड़ के आप लोग अपनी सत्ता चला रहे हैं। बीडीज को खत्म कर रहे हैं। ईडी, सीबीआई, इन्कम टैक्स, इनको सब मिसयूज कर रहे हो तो ये जब आप खुद ही मिसयूज कर रहे हो और बाद में ये बात भी आप कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों को मैं सहन नहीं करूंगा। जेल की सलाख के पीछे डालूंगा, लेकिन वो सब इनके बगल में बैठे है। शाह साहब के पास तो एक बड़ी लांड्री है। उस बड़ी लांड्री में एक बहुत बड़ी वाशिंग मशीन है। यहां के जितने भी भ्रष्ट होते हैं, उसमें डाल दिए तो क्लीन होकर बाहर आ जाते हैं। तो ये कितना लोगों को बेवकूफ बनाएंगे? कब तक बनाएंगे?

**सवाल**- तो आपको लगता है कि ये मैसेज वोटर्स तक मतदाताओं तक पहुंचाने में आप लोग कामयाब रहे हैं? क्योंकि चुनाव का वक्त है और यही है अगर जो बातें आप कह रहे हैं इस आधार पर सत्ता परिवर्तन ही इसका उपाय दिखाई देता है।

**जवाब**- सत्ता परिवर्तन के लिए इलेक्शन होते हैं ना? लेकिन लेवल प्लेइंग फील्ड नहीं है। अब चंदा लेते हैं, अगर कोई चंदा नहीं देता, उसको ईडी की धमकी देते हैं। हेमंत सोरेन को उन्होंने कहा कि भाई तुमको अकेला लड़ना है। अगर आप गठबंधन के साथ लड़ेंगे, कांग्रेस के साथ जाएंगे तो आपको अंदर जाना पड़ेगा। हेमंत भाई ने कहा जेल जाना पसंद करूंगा। लेकिन गठबंधन नहीं छोड़ूंगा।

**सवाल**- आम आदमी पार्टी ने भी प्रेस कांफ्रेंस की थी कि आप बीजेपी में शामिल हो जाओ या गठबंधन में मत जाओ, और अभी अरविंद केजरीवाल भी जेल में है।

**जवाब** - इनका मकसद ही यही है कि लोगों को, सभी राजनेताओं को खत्म करो।

**सवाल**- क्या ये जो आपके ऊपर लगातार प्रहार है? नरेंद्र मोदी की तरफ से, उनकी पार्टी की तरफ से, क्या जाति आधारित जनगणना की जो बात लगातार राहुल गाँधी ने अपनी यात्राओं में की है, उसके बाद आपने बिहार में जब सरकार में अभी कुछ दिन पहले थे उस समय आप लोगों ने बिहार में एक एक्सपेरिमेंट करके दिखाया जाति आधारित जनगणना को आप वहाँ लोगों के सामने लेकर आए और कहा कि हमारी सरकार आएगी तो हम ये जनगणना करेंगे। क्या ये एक मूल मुद्दा है जिसकी वजह से आपके ऊपर अटैक है?

**जवाब**- वो कुछ भी करे, हमें कुछ होने वाला नहीं है। हम उसूलों की बात कहते हैं। जो आदमी, जो पार्टी उसूल पर चलती है, उसको कोई हिला नहीं सकता। हम तो यही चाहते हैं कि जाती जनगणना करने है, लेकिन समाज को तोड़ने के लिए नहीं। जैसा नेहरू जी के जमाने में पंचवर्षीय योजना थी, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग सब पर काम हुआ। लेकिन इन्होंने नीती आयोग बना दिया, इनके आने के बाद तो सार्वजनिक निकाय को बेचना शुरू किया। इस देश में दो लोग बेचने वाले हैं, दो लेने वाले हैं। एक आंकड़ा बताऊंगा आपको, देखो 22 व्यक्ति के पास 70 लाख लोगों जितनी संपत्ति है।

20 प्रतिशत 46 रू. रोजाना से कम पर गुजारा करती है। आर्थिक असमानता दूर करने की जगह मोदी जी कहते हैं, देखो आपकी संपत्ति छीनकर दूसरों को दे रहे। अरे भाई हमारी संपत्ति, हमारे टैक्स के ऊपर बने हुए पब्लिक सेक्टर हैं, वो तो तुम दूसरों को बेच रहे हो। 22 लोग इस देश की संपत्ति खा रहे हैं और आप चुप बैठे हो? कॉर्पोरेट का 30 प्रतिशत पहले टैक्स था तुमने उसको 22 प्रतिशत कर दिया। 8 प्रतिशत घटा दिया। ऐसा किसानों के लिए, और मध्यम वर्ग के लिए तो नहीं किया।

**सवाल**- आप जब मुद्दों की बात करते हैं वो आपको धर्म के नाम पर घेरते हैं। आपके ऊपर नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी आरोप लगाते हैं कि राम मंदिर के उद्घाटन के समय हमने आपको बुलाया, आप लोग आए नहीं?

**जवाब**- देखो बार बार उसका जिक्र छेड़ना नहीं चाहता। जगजीवन राम जी को हिन्दू यूनिवर्सिटी में एक विभाग का उद्घाटन करने के लिए बुलाया। पहले तो विरोध हो गया। बाद में उन्होंने उद्घाटन किया तो उनके गेस्ट हाउस पहुंचने तक गंगा जल और दूध डाल कर उसको साफ किया। यह मानसिकता उनकी है। प्राण प्रतिष्ठा क्या आस्था का प्रश्न है? हमने प्रभारी जी के लोगों को भी कहा तुम जाइए किसी को रोक नहीं है लेकिन मेरे लिए, रोक इस समाज ने डाली है कि किसी भगवान के मंदिर में आने नहीं देते। मेरे लोगों को पढ़ने नहीं देते, मेरे लोगों को पानी नहीं देते। औरतों का रेप करते हो, ये रोको ना? और जब आप ये बात करते हैं तो मैं ये भी पूछना चाहता हूं मोदी जी को अरे भाई। बुद्ध तो विष्णु का उदार महत्व होता है। नौवां अवतार मान्य। फिर उसकी पूजा क्यों नहीं करते?

**सवाल**- बड़ा प्रश्न है ये बहुत बड़ा प्रश्न आप कर रहे है मतलब ये बात अभी तक किसी ने ये सवाल उठाया नहीं।

**जवाब**- भगवान। अरे उसको छूना भी नहीं चाहते तुम? उसकी पूजा भी नहीं करना चाहते। और बुद्धम शरणम् गच्छामी भी बोलना नहीं चाहते। तुम्हारी आस्था तुम्हारी जगह, हमारी आस्था, हमारे जगह, लेकिन हम सब डेमोक्रेसी में जनता की सेवा के लिए आए हैं, वो सेवा करो। तो वोटों को पॉलिटिक्स आप करना बंद करो, फ्री इलेक्शन करो।

**सवाल**- एक गंभीर प्रश्न आप उठा रहे हैं और फेयर इलेक्शन की बात भी कर रहे हैं। लेवल प्लेइंग फील्ड की बात भी हो रही है जो आपके लिए नहीं है और उन सब के बीच आपका इंडिया गठबंधन है। आप अपना मैनिफेस्टो ले आए? इंडिया गठबंधन के जो दूसरे दल घटक दल हैं वो भी कई लोगों के मैनिफेस्टो आए हैं। क्या आप लोगों का कामन मिनिमम प्रोग्राम

**जवाब**- सबके विचार एक ही है एक दो विषय पे है वो हम जब गवर्नमेंट बनेंगे तो उसमें जो भी ठोस मिनिमम प्रोग्राम होगा वो करेंगे। अभी इस दौरान नहीं ला रहे हैं।

**सवाल**- उत्तर प्रदेश के लिए कहते हैं कि वहां से अगर 80 सीटें हैं मैक्सिमम जो ले गया वो उसकी सरकार दिल्ली में बन जाती है। उत्तर प्रदेश में आपका जो साथी दल है वो समाजवादी पार्टी है, आप भी 17 सीटों पे लड़ रहे है लेकिन दो सीटों की चर्चा खूब हो रही है वो सीट है रायबरेली और दूसरी सीट है अमेठी राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी का जिक्र बार बार आ रहा है। कितना दम है, क्या सच्चाई है इसमें?

**जवाब**- देखो पार्टी तय करेगी कि उन सीटों पर कैसे लड़ना है और हम जब वक्त आएगा तब पत्ते खोलेंगे।

**सवाल**- राहुल गाँधी कह रहे हैं 150 सीटें, पहले 180 बोल रहे थे, अब बोल रहे हैं 150 सीटें तक बीजेपी सिमट जाएगी। 350 सीटों की बात आप कह रहे हैं कि हम लोग 350 सीटों के लगभग लड़ेंगे। अभी मैं देख रहा था 308 या 311 सीटें आप लोगों ने घोषणा कर दी है। आप लोगों ने अपना लक्ष्य क्या रखा है?

**जवाब**- हमारा लक्ष्य यही है कि इंडिया गठबंधन बीजेपी को सत्ता से दूर रखे।

**सवाल**- सत्ता से दूर रखने के लिए हमको कितने नंबर चाहिए? उतने नंबर आ जाएंगे गठबंधन को। आपको उम्मीद है कि सब मिलकर के 272 पर करेंगे।

**जवाब**- उम्मीद है। उम्मीद के ऊपर ही आदमी जीता है, लेकिन हम भी उम्मीद भी रखते हैं कोशिश भी करते हैं।

**सवाल**- मोदी जी ने अपनी पार्टी की जीत का जो आंकड़ा दिया है वो 370 का दिया है। आर्टिकल 370, फिर उसके बाद तीन तलाक। इन सब की चर्चा तो करते ही हैं नरेंद्र मोदी, उसके अलावा सीएए ले आए, अभी एन आर सी की बात हो रही है और यूनिफॉर्म सिविल कोड की बात भी हो रही है तो इस पर आपकी क्या राय है?

**जवाब**- वो सारी चीजें हमने जो चीजें हम कर सकते हैं, वो हमने बताया है अपने इलेक्शन में। इसके अलावा भी इंडिया गठबंधन की सहमति जिन मुद्दों पर होगी, वो जरूर करेंगे।

**सवाल**- चर्चा ये हो रही थी कि आपने सीएए के बारे में कुछ नहीं कहा। खासकर केरल और बाकी राज्यों में इसकी चर्चा खूब की गई बीजेपी की तरफ से तो मैं आपका पक्ष जानना चाह रहा था

**जवाब**- मैं वहीं बोलना नहीं चाहता। चिदंबरम बोले दूसरे हमारे पार्टी के साउथ के लीडर्स भी बोले हैं। जो बोलना है हमने लोकसभा और राज्यसभा में कहा है।

**सवाल**- अभी ठीक चुनाव से पहले आपके अकाउन्ट को फ्रीज कर दिया गया था इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से। अब चुनाव है। आर्थिक संकट से पार्टी गुजर रही है, ऐसा लगातार सुनने में आता है। कैसे मैनेज कर रहे हैं?

**जवाब**- बस जितनी कोशिश करना है, कर रहे है। हमारे वर्कर्स चंदा भी दे रहे है और जो चंदा दिया हुआ पैसा था वो भी चौदह लाख उन्होंने उसके ऊपर 135,00,00,000 का दंड डाला है। हमारे पास विज्ञापन के लिए पैसे नहीं हैं, ज्यादा खर्च नहीं कर सकते और दूसरी जो चीजें हैं उनको भी नहीं कर सकते।

**सवाल**- पहले दौर का चुनाव हो गया, कल दूसरे दौर का मतदान है। आप क्या उम्मीद रखते हैं

**जवाब**- देखिए पहला चरण की तो हमें रिपोर्ट जो मिली है कि हम आगे है। अब दूसरा दौर है, इसमें भी हम आगे रहेंगे, इसलिए कि लोग जब ट्रेंड देखते हैं तो उस ट्रेंड के ऊपर थोड़ा कुछ ध्यान दे कर वो वोट डालते हैं। अंडर करंट दिखाई दे रहा है और लोग बात नहीं कर रहे है, लेकिन वोट जरूर दे रहे है।

**सवाल**- लेकिन वोटिंग प्रतिशत जो कम हुआ है, ये क्या कारण हो सकता है?

**जवाब**- एक तो हम ये कोशिश करेंगे अब ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करो। जितना ज्यादा वोटिंग करेंगे उतना फायदा। पैदल चलने वाले आदमी को लाभ होगा।

**(मल्लिकार्जुन खड़गे का संपूर्ण साक्षात्कार पाठक हमारे यूट्यूब चैनल डीबीलाइव पर देख सकते हैं)**

# केंद्र सरकार रच रही महापौर चुनाव रोकने की साजिश : भारद्वाज

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी आप के नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने वृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार महापौर चुनाव रोकने और दिल्ली नगर निगम से 'आप' को बाहर करने की साजिश रच रही है।

मंत्री ने आरोप लगाया कि मुख्य सचिव नरेश कुमार ने उन्हें दरकिनार कर महापौर चुनाव कराने के लिए एक पीठासीन अधिकारी को नामित करने में नियमों का उल्लंघन किया है। आप नेता ने यहां एक प्रेस वार्ता में कहा कि पीठासीन अधिकारी को नामित करने का प्रस्ताव मुझे दरकिनार करके गुपचुप तरीके से उपराज्यपाल को भेजा गया था। मैंने फाइल वापस करने के लिए उपराज्यपाल को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया था कि यह नियमों का उल्लंघन करके सीधे उन्हें भेजी गई थी। शहरी विकास मंत्री ने दावा किया कि बुधवार को मैंने फिर से मुख्य सचिव को पत्र लिखा और उनसे पूछा कि किस नियम के तहत उन्होंने मेरी अनदेखी की और फाइल भेज दी। मैंने पत्र की एक प्रति उपराज्यपाल को भेजी। उपराज्यपाल कार्यालय या मुख्य सचिव कार्यालय से तत्काल कोई प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं हो सकी है।




उपराज्यपाल केरल के दौरे पर हैं जबकि दिल्ली में महत्वपूर्ण काम रुके हुए हैं : सौरभ भारद्वाज

भारद्वाज ने आरोप लगाया कि हमने सुना है कि उपराज्यपाल केरल के दौरे पर हैं जबकि दिल्ली में महत्वपूर्ण काम रुके हुए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा चुनाव रोकने और दिल्ली की चुनी हुई सरकार को दिल्ली नगर निगम एमसीडी से बाहर करने की साजिश रचने की कोशिश कर रही है।

## भाजपा ने निगम महापौर चुनावों की तारिखों को लेकर साधा आम आदमी पार्टी पर निशाना



दिल्ली का काला दिवस तो 21 मार्च 2024 था जब दिल्ली के मुख्य मंत्री भ्रष्टाचार में गिरफ्तार हुए थे : कपूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने गुरुवार को कहा कि दुर्गेश पाठक एवं सौरभ भारद्वाज दिल्ली नगर निगम महापौर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति पर विवाद करने से पहले दिल्ली वालों को बताएं की बिना पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के दिल्ली नगर निगम का महापौर चुनाव क्यों घोषित किया गया। इसी तरह विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विधायकों का नगर निगम सदन में नामांकन भी विवादित है क्योंकि उसमे भी नियमानुसार फाइल पर मुख्य मंत्री की सिफारिश होनी चाहिए थी जो इस बार नही है। कपूर ने कहा है की सच यह है की निगमायुक्त एवं निगम सचिव नही चाहते थे की बिना सभी स्वीकृतियों के चुनाव घोषणा हो पर सत्ताधारी आम आदमी पार्टी नेताओं ने दबाव डाल कर घोषणा करवाई और उसी का परिणाम है की अब चुनाव को लेकर समस्या आ रही है। निगम प्रशासन नियमानुसार पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की फाइल मुख्य सचिव से मुख्य मंत्री फिर मुख्य सचिव और उपराज्यपाल को जानी होती है पर मुख्य मंत्री के उपलब्ध ना होने से फाइल पूरी होने में समस्या आई है जिसके लिए अरविंद केजरीवाल के मुख्य मंत्री बने की जिद जिम्मेदार हे। आने वाले समय में ऐसे अनेक प्रशासनिक विवाद सामने आएंगे।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की दुर्गेश पाठक का यह कहना की आज दिल्ली के लिए काला दिवस है हास्यास्पद है। दुर्गेश पाठक जान लें दिल्ली का काला दिवस तो 21 मार्च 2024 था जब दिल्ली के मुख्य मंत्री भ्रष्टाचार में गिरफ्तार हुए थे।

## डीटीसी बस से कुचल जाने से एक की मौत, अभाविप ने किया विरोध-प्रदर्शन



■ चालकों को यातयात सुरक्षा संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन करने की मांग

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली में बसों से हो रहे सड़क हादसों की रोकथाम के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली परिवहन निगम के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। छह सूत्रीय मांगों के साथ दिल्ली परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन भी सौंपा है।

दिल्ली परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपकर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने तथा बस चालकों को यातयात सुरक्षा संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन करने की मांग की।

गौरतलब है कि बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के नजदीक एक व्यक्ति की मृत्यु डीटीसी बस से कुचल जाने से हो गई। एबीवीपी ने इस दुर्घटना का कारण डीटीसी चालक का बस को लेन से अलग चलाना बताया है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने ज्ञापन में बसों को अपने निर्धारित लेन में चलने, बसों का ठहराव सिर्फ बस स्टैंड पर हो यह सुनिश्चित करने, बस ड्राइवरों की नियमित काउंसलिंग की व्यवस्था करने, बस ड्राइवरों के मासिक वेतन को नियमित करने, मृतक के परिवार को पर्याप्त मुआवजा देने और दिल्ली परिवहन निगम को बसों के द्वारा कुचले जाने या रौंदे जाने वाले मृतकों के परिवार को मुआवजे की व्यवस्था करने जैसी मांगों को सम्मिलित किया है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दिल्ली के प्रांत मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर डीटीसी बसों द्वारा दुघर्टनाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।

## सार संक्षेप

### एमसीडी ने सभी 12 जोन में मनाया विश्व मलेरिया दिवस

**नई दिल्ली।** एमसीडी के सभी 12 जोन में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बीमारी के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए जन भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। एमसीडी के सेंट्रल जोन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन बत्रा हॉस्पिटल, नई दिल्ली के सहयोग से किया गया। मध्य क्षेत्र के उपायुक्त, बत्रा अस्पताल के निदेशक और एनआईएमआर, एनसीवीबीडीसी, दिल्ली सरकार के गणमान्य व्यक्ति, एमसीडी के चिकित्सा अधिकारी सहित 100 से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में अस्पतालों, बत्रा अस्पताल के कर्मचारियों और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। मच्छर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के संबंध में सभी 12 जोन में विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई हैं।

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर शोध चर्चा आयोजित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा साल 2023 में पारित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर महर्षि विश्वविद्यालय के महर्षि ला स्कूल, नोएडा परिसर ने एक शोध चर्चा का आयोजन किया। कार्यक्रम में नेशनल यूनिर्वसटी आफ स्टडी एंड रिसर्च इन ला रांची के असिसटेंट प्रोफेसर ला डा शुभम श्रीवास्तव, भारत सरकार के अधीन कार्यरत नेशनल फोरेंसिक यूनर्विसटी के पूर्व प्रोफेसर जेके सेमवाल और जनसत्ता के वरिष्ठ पत्रकार और लंबे समय से अपराध कवर कर रहे अमलेश राजू बतौर मुख्य वक्ता मौजूद थे। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में महर्षि ला स्कूल नोएडा परिसर के डीन प्रो डा केबी अस्थाना, डीन एकेडमिक्स डा त्राप्ती अग्रवाल, डिप्टी डीन प्रो अमिता राठी ने भी शिरकत की।

## धूमधाम से मनाई हनुमान जन्म महोत्सव



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। समस्त हनुमान भक्त सेवा समिति पंजीकृत द्वारा आयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव मरघट वाले बाबा जमुना बाजार में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं हनुमान जी के परम भक्त राम अवतार गर्ग ने प्रीतमपुरा दिल्ली में भजन संध्या एवं ज्योति प्रज्वलित करके बाबा के गुणगान कार्यक्रम की शुरूआत की।

महंत वरुण शर्मा व विश्व विख्यात ज्योतिषाचार्य डॉक्टर राजेश ओझा एवं देश के जाने माने संतों के पवित्र सानिध्य में हनुमान जन्मोत्सव का ये कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सुप्रसिद्ध भजन गायक सरदार लखविंदर सिंह लक्खा, सरदार हरविंदर सिंह रोमी, शंभू –रूपम , उमा लहरी, श्री हनुमान जी के भजनों से लोगों को मन मुग्ध कर दिया।

संस्था के संरक्षक सुरेश रतेरिया, पंकज गोयल, जगमहेंद्र मित्तल, अतुल मित्तल, अमित जिंदल, सुभाष कंसल, प्रधान संजय गर्ग, महासचिव मुकेश महेश्वरी, कोषाध्यक्ष विपिन माहेश्वरी, सह–कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता, वरिष्ठ उप प्रधान राजेंद्र कुमार, महेंद्र बघेल, दिनेश तनेजा, उप प्रधान विवेक आनंद झा, डी के गुप्ता एवं अन्य मौजूद रहे।

## आप ने चुनाव के लिए लॉन्च किया कैंपेन सॉन्ग




■ जेल का जवाब वोट से रखा थीम
■ गीत को दिलीप पांडे ने लिखा है व अपनी आवाज भी दी

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने वृहस्पतिवार को पार्टी मुख्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए अपना कैंपेन सॉन्ग जेल का जवाब वोट से लॉन्च किया। इसके गाने में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत विपक्षी दलों के नेताओं को जेल में डालने, बेरोजगारी, महंगाई समेत जनता से जुड़े मुद्दों को उठता गया है। इस गीत को आप नेता दिलीप पांडे ने लिखा है और अपनी आवाज भी दी है। आम आदमी पार्टी इस गीत को अलग–अलग प्लेटफार्मों के जरिए जनता तक पहुंचाएगी। पार्टी अपने चुनावी कैंपेन के तीसरे चरण की शुरुआत 27 अप्रैल से करेगी। जिसमे अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी उनके संदेशों को लेकर जनता के बीच जाएंगी। साथ ही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जगह–जगह चुनावी सभाएं, डोर टू डोर करके जनता तक अपनी बात पहुंचाएंगे। गाने के लॉन्च के दौरान सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिनको आजादी के बाद सबसे बड़ा बहुमत मिला है। 2015 में दिल्ली की 70 में से 67 सीट अरविंद केजरीवाल को मिली। आप पार्टी के 10 साल के सफर में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दो–दो राज्यों में सरकार बनाई। गोवा में 6.5 पर्सेंट वोट आया और दो विधायक जीते, जबकि गुजरात में 14 फीसद वोट मिला और पांच विधायक जीते। वहीं, मध्यप्रदेश में मेयर का चुनाव जीते, उत्तर प्रदेश में कई अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्य और सभासद का चुनाव जीते। इसके बाद एमसीडी को जीता।

उन्होंने कहा कि जब भाजपा को लगा कि वह दिल्ली जीत नहीं सकते तो आम आदमी पार्टी की सरकार गिराने की कोशिश की जा रही है।

## भाजपा जीत गई तो 2024 के बाद देश में नहीं होंगे चुनाव : संजय सिंह

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने देशवासियों को भाजपा से देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की अपील की है। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि इस चुनाव में अगर भाजपा और नरेंद्र मोदी जीत गए तो फिर इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे। उन्होंने गुजरात के सूरत की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा देश से संविधान को खत्म करने की शुरुआत सूरत से कर चुकी है। सूरत में कांग्रेस समेत सभी दलों के प्रत्याशियों का पर्चा खारिज कर दिया गया और चुनाव से पहले ही भाजपा प्रत्याशी को जीत का सर्टिफिकेट दे दिया गया। आज तक के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ है कि कोई सत्ताधारी दल बगैर चुनाव के जीती हो। सूरत बस एक झांकी है, पूरा देश अभी बाकी है। सत्ता में आते ही ये लोग बाबा साहब के संविधान, आरक्षण, वोट का अधिकार खत्म कर देंगे और आरएसएस के संविधान से देश को चलाएंगे। इससे पहले ये लोग चंडीगढ़ में वोटों की बेईमानी करते हुए कैमरे में रंगेहाथ पकड़ा गए थे। संविधान खत्म करने के लिए ही भाजपा के उम्मीदवार और नेता 400 सीटें मांग रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा द्वारा संविधान बदलने की साजिश करने पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत के लोकतंत्र को किस तरह से खत्म करने की कोशिश की गई है और ऑपरेशन लोटस चला कर किस तरह से अलग–अलग सरकारों को गिराने की कोशिश की गई है, इसका जीता जागता उदाहरण पूरे देश के सामने है। उन्होंने कहा कि अब जो सूरत से शुरुआत हुई है, वो इस बात का संकेत है कि पिछले 10 साल में ऑपरेशन लोटस चलाकर भाजपा ने अलग–अलग राज्य सरकारों को तोड़ा, विधायकों को तोड़ा और खरीदा, सरकारों को गिराया, लेकिन 2024 के बाद इस देश में चुनाव नहीं होगा। पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी चुनाव खत्म कर देगी। संजय सिंह ने देश के 140 करोड लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह आपका अंतिम चुनाव है। इसके बाद आपको वोट करने का अधिकार नहीं मिलेगा।




भाजपा देश से संविधान को खत्म करने की शुरुआत सूरत से कर चुकी है : संजय सिंह

संजय सिंह ने कहा कि आज से पहले कभी भी यह नहीं सुना गया था कि सत्ताधारी पार्टी बगैर मतदान के लोकसभा का चुनाव जीत गई हो। पहले कभी भी बगैर वोट डाले, बगैर चुनाव हुए कोई सत्ताधारी पार्टी चुनाव नहीं जीती है। सूरत में न सिर्फ कांग्रेस, बल्कि सभी दलों के प्रत्याशियों का पर्चा खारिज कर दिया गया। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों का भी पर्चा खारिज कर दिया गया और चुनाव से पहले ही भाजपा के प्रत्याशी को प्रमाण पत्र पकड़ा दिया गया। 2024 के बाद पूरे देश में ऐसा ही होने जा रहा है। केवल दिखावे के लिए एक संविधान होगा, जो आरएसएस का नागपुर का संविधान होगा। नागपुर के संविधान में आरक्षण की व्यवस्था नहीं होगी, किसानों के अधिकार की बात नहीं होगी, महिलाओं और युवाओं के रोजगार और सुरक्षा की बात नहीं होगी। देश में आरएसएस का संविधान होगा और बाबा साहब अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान को खत्म किया जाएगा। आरक्षण और चुनाव को खत्म कर दिया जाएगा।

## आइसक्रीम विक्रेता की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार



प्रभाकर से छुटकारा पाने के लिए उसने अजय के साथ साजिश रची और उसे अपने प्रेमी को खत्म करने के लिए प्रेरित किया : डीसीपी

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली में बुधवार देर रात इंडिया गेट के पास एक आइसक्रीम विक्रेता की एक व्यक्ति ने चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 25 वर्षीय प्रभाकर के रूप में हुई है। वह दिल्ली के संगम विहार में रहता था और उत्तर प्रदेश के इटावा का मूल निवासी था। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात 9:02 बजे कर्तव्य पथ पुलिस स्टेशन में इंडिया गेट के पास झगड़े की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस टीम को मौके पर प्रभाकर घायल मिला। उसे तत्काल लेडी हार्डिंग अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नई दिल्ली के डीसीपी देवेश कुमार महला ने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि प्रभाकर इंडिया गेट पर आइसक्रीम बेचता था। लगभग 20 साल का एक व्यक्ति उसकी आइसक्रीम रेहड़ी (गाड़ी) के पास आया और उस पर कई बार चाकू से वार कर दिया।

घटनास्थल पर पुलिस टीम को खून और चप्पलें मिली हैं। लेकिन मृतक का मोबाइल फोन गायब था। मृतक के परिवार के सदस्यों से विस्तार से पूछताछ की गई और यह रिकॉर्ड में आया कि प्रभाकर एक नाबालिग लड़की के साथ रिश्ते में था।

मामले को सुलझाने के लिए पुलिस टीम ने कथित लड़की और उसके परिजनों के मोबाइल नंबरों की निगरानी शुरू की और एनसीआर के विभिन्न स्थानों पर संयुक्त छापेमारी भी की।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 16230493 | इंटर कूलर फॉर टी आर सी 2507 | 49 नग | 17-05-24 |
| 02 | 02240001 | 12 वी, 7 ए एच कैपेसिटी सील्ड मेंटेनेंस फ्री बैटरी | 3120 नग | 20-05-24 |
| 03 | 19232054A | ऐन्ड कवर (गियर व्हील साइड) | 270 नग | 20-05-24 |
| 04 | 02241305 | हॉट वाटर बॉयलर (स्टेनलेस स्टील) | 91 नग | 20-05-24 |
| 05 | 77245170 | मैन्युफैक्चरिंग एण्ड सप्लाई ऑफ़ फेरो मॉलिब्डेनम | 1.65 एम टी | 21-05-24 |
| 06 | 08235717 | सप्लाई इंस्टालेशन टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ़ रैक माउनटेबल 24 पोर्ट | 29 नग | 22-05-24 |
| 07 | 02242135 | बैटरी फ्यूज बॉक्स | 961 नग | 22-05-24 |
| 08 | 12241922 | मल्टी स्टैण्डर्ड सिंगल कोर एलेक्ट्रोन बीम | 69000 मीटर | 27-05-24 |
| 09 | 02241295 | 60 के वी ए, 750 वी/415 वी, 3 फेस ड्राई टाइप डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर | 104 नग | 27-05-24 |
| 10 | 12241201 | पी वी सी इंसुलेटेड अंसहिथेड़ | 28000 मीटर | 03-06-24 |
| 11 | 77245171 | मैन्युफैक्चरिंग एण्ड सप्लाई ऑफ़ स्टील चिप्स | 392.13 एम टी | 03-06-24 |
| 12 | 12241917 | मल्टी स्टैन्डेड सिंगल कोर इलेक्ट्रान बीम | 39000 मीटर | 10-06-24 |
| 13 | 77245161 | टंगस्टन कार्बाइड टम्पिंग टूल (TCTT) फॉर एम एफ आई | 10 सेट | 11-06-24 |
| 14 | 77245172 | मैन्युफैक्चरिंग एण्ड सप्लाई ऑफ़ ब्लोन एल्यूमीनियम पाउडर | 212.63 एम टी | 20-06-24 |
| 15 | 77245160 | टंगस्टन कार्बाइड टैंपिंग टूल्स (TCTT) फॉर ओल्ड सी एस एम | 05 सेट | 18-07-24 |
| 16 | 19240317 | सेट ऑफ़ सस्पेंशन बेअरिंग फॉर हिटाची/टी ए ओ–659 | 270 सेट | 05-08-24 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं 06/2024–2025 दिनांक 24.04.2024 1237/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

01015/01016 दादर-गोरखपुर-दादर विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01015 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01016 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:30 | दादर | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिन: 01015 दादर से 27.04.2024 से 04.05.2024 (शनिवार, बुधवार) तक। और 01016 गोरखपुर से 29.04.2024 से 06.05.2024 (सोम., शुक्र.) तक।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

01427/01428 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक(टर्मि.) एक्सप्रेस विशेष — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01427 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01428 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:50 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिन: 01427 लोकमान्य तिलक(टर्मि.) से 26.04.2024 एवं 01.05.2024 को और 01428 गोरखपुर से 28.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य;
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

01411/01412 पुणे-गोरखपुर-पुणे विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01411 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01412 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:30 | पुणे | 06:40 | --- |
| 09:35 | 09:40 | लखनऊ | 23:50 | 23:55 |
| 14:50 | --- | गोरखपुर | --- | 18:20 |

चलने के दिन: 01411 पूणे से 27.04.2024 को और 01412 गोरखपुर से 28.04.2024 को।; स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
ठहराव: हडपसर, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

02250/02249 दिल्ली जं.-पटना जं.-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02250 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02249 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 05:40 | --- |
| 11:45 | --- | पटना जं. | --- | 13:00 |

चलने के दिन: 02250 दिल्ली जं. से 27.04.2024 को और 02249 पटना जं. से 28.04.2024 को।
स्थान: 3 टियर वाता. एकोनॉमी; ठहराव: कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।

09478 पटना जं.-साबरमती विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा

| रेलगाड़ी सं. 09478 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 11:30 | पटना जं. |
| 22:45 | 22:55 | लखनऊ |
| 19:40 | --- | साबरमती |

चलने के दिन: 09478 पटना जं. से 27.04.2024 को
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य; ठहराव: आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर सिटी, सुलतानपुर, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई जं., जयपुर, फुलेरा जं., अजमेर जं., आबू रोड, पालनपुर जं. एवं महेसाना जं. स्टेशन।

08481/08482 पुरी-आनन्द विहार(टर्मि.)-पुरी विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08481 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08482 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:45 | पुरी | 21:30 | --- |
| 09:50 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 11:50 |

चलने के दिन: 08481 पुरी से 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक और 08482 आनन्द विहार(टर्मि.) से 01.05.2024 से 26.06.2024 (बुधवार) तक
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
ठहराव: साक्षीगोपाल, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जखपुरा, हरिचन्दनपुर, केन्दुझरगढ़, बांशपानी, डांगोवापोसी, चाईबासा, चाण्डिल, मूरी, बोकारो स्टील सिटी, एनएससी गोमोह, कोडरमा, गया, सासाराम, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, कानपुर सेन्ट्रल एवं टूण्डला स्टेशन।

04672 जम्मू तवी-नई दिल्ली विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा

| रेलगाड़ी सं. 04672 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 17:35 | जम्मू तवी |
| 04:20 | --- | नई दिल्ली |

चलने के दिन: 04672 जम्मू तवी से 27.04.2024 को
स्थान: 3 टियर वाता.; ठहराव: पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, धूरी, जाखल, जीन्द, रोहतक एवं शकूरबस्ती स्टेशन

04221 वाराणसी-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा

| रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 19:20 | वाराणसी |
| 10:55 | --- | दिल्ली जं. |

चलने के दिन: 04221 वाराणसी से 27.04.2024 को
स्थान: 3 टियर वाता.,
ठहराव: भदोही, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., अमेठी, राय बरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर जं., बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1246/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

इस अभियान के तहत जो यात्री अपना वोट डालेंगे, वो ही इस खास ऑफर का लाभ उठाने के लिए योग्य होंगे। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को स्टेशन के प्लेटफॉर्म लेवल पर बने प्रीमियम लाउंज के एएफसी गेट पर मौजूद स्टाफ को अपनी मतदान इंक लगी हुई अंगुली दिखानी होगी। इसके बाद स्टाफ उन्हें प्रीमियम लाउंज में प्रवेश करवा देगा और इसके बाद यात्री सीधे नमो भारत ट्रेन के प्रीमियम कोच में सफर कर सकेंगे।

**पुनीत वत्स, एनसीआरटीसी प्रवक्ता**

## मतदान से एक दिन पहले पकड़ी गई 3.75 लाख नकदी

**नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मतदान के ठीक एक दिन पहले तक नोएडा में कैश पकड़ा जा रहा है। गुरुवार को थाना सेक्टर-20 पुलिस एवं एफएसटी टीम द्वारा बीएसएनएल पर जांच की जा रही थी। इस दौरान एक टोयटा ग्लैंजा को रोका गया। जांच के दौरान बैग में 3 लाख 75 हजार 500 रुपए कैश मिले। नोट 500-500 रुपए के थे। कैश के बारे में साक्ष्य और दस्तावेज मांगने पर चालक रिपूदमन तख्तर कुछ भी प्रस्तुत नहीं कर सके। रिपूदमन नोएडा के सेक्टर-19 के निवासी है। कैश को जब्त कर इनकम टैक्क्स डिपार्टमेंट को जानकारी दे दी गई है।

- **बीएसएनएल चौराहे के पास हो रही थी जांच**
- **आयकर विभाग को दी जानकारी**

आचार संहिता के बाद नोएडा, ग्रेटरनोएडा में जांच के दौरान अब तक करीब 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम पकड़ी जा चुकी है। ये रकम हरियाणा, दिल्ली से होते हुए यूपी में प्रवेश कराई जा रही थी। हालांकि बार्डर पर सघन जांच होने के चलते ये पकड़ा जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर में कल मतदान होना है। इसको लेकर दिल्ली से जुड़ी सीमाओं को भी सील कर दिया गया है। यहां सघन जांच के बाद ही नोएडा में वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है। इसके अलावा प्रमुख मार्ग पर भी टीमे जांच कर रही है।

### नगर आयुक्त गाजियाबाद के नेतृत्व में 3200 बूथों पर तैयारी हुई पूर्ण, अधिकारियों ने लिया जाएजा

## पोलिंग के समय भी सतर्क रहें विभागीय अधिकारी : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जनपद गाजियाबाद में 3200 बूथों को व्यवस्थित कराया गया है, तैयारी सभी पूर्ण हो चुकी हैं, तैयार हुए पोलिंग स्टेशनों पर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने जायजा भी लिया, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा समस्त पोलिंग स्टेशन पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधा जनक मतदान केंद्र रहे इसका विशेष ध्यान दिया गया है।

- **सुव्यवस्थित के साथ-साथ सुसज्जित किए गए हैं पिंक तथा मॉडल बूथ**

मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत, 408 मतदान केंद्रो पर मतदाता सहायता केंद्र भी बनाए गए हैं जिनको



पूर्णतः व्यवस्थित कराया गया है बैठने की सुविधा टेंट की सुविधा आवश्यक बिछाई की व्यवस्था भी की गई है, आवश्यकता अनुसार लगभग 9000 से ज्यादा गद्दे की व्यवस्था भी कराई गई है, इसी क्रम में पांचो विधानसभा के अंतर्गत प्रमुखता से ध्यान रखते हुए 'दिव्यांग बूथ' भी बनाए गए हैं जिसमें साहिबाबाद विधानसभा के अंतर्गत कैंब्रिज स्कूल शक्ति खंड एक इंदिरापुरम पश्चिम विग कक्ष संख्या एक, मोदीनगर विधानसभा के अंतर्गत आदर्श कन्या इ0 का0 दक्षिण भवन गोविंदपुरी, मुरादनगर विधानसभा में गाजियाबाद पब्लिक स्कूल नेहरू नगर ईस्ट विंग, गाजियाबाद विधानसभा के अंतर्गत चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल पटेल नगर पूर्व विंग कक्ष संख्या तीन मे दिव्यांग बूथ बनाए गए हैं, इसी प्रकार 'महिलाओं के लिए पिंक बूथ' विधानसभा साहिबाबाद के अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल शक्ति खंड 4 इंदिरापुरम पूर्व विंग कक्ष संख्या एक, विधानसभा मुरादनगर के अंतर्गत ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल संजय नगर, विधानसभा गाजियाबाद के अंतर्गत ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय हापुड़ मोड कक्ष संख्या एक में पिंक बूथ बनाया गया है, 'युवाओं के लिए' साहिबाबाद विधानसभा अंतर्गत जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल राजनगर एक्सटेंशन उत्तरी विंग कक्ष संख्या चार, मुरादनगर विधानसभा अंतर्गत सिटी अपार्टमेंट क्लब हाउस आदित्य वर्ल्ड सिटी शाहपुर बम्हेता,




गाजियाबाद विधानसभा अंतर्गत गोल्डन पब्लिक स्कूल सेक्टर 11 प्रताप विहार कक्ष संख्या 2 में बूथ बनाए गए हैं, इसी प्रकार 'मॉडल बूथ' के रूप में साहिबाबाद विधानसभा अंतर्गत खेतान पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर पश्चिमी विंग कक्ष संख्या 1 मुरादनगर विधानसभा अंतर्गत सीलर इंस्टीट्यूट राज नगर, गाजियाबाद विधानसभा अंतर्गत मेंटेनेंस ऑफिस महागुन मस्कट क्रॉसिंग रिपब्लिक में सुसज्जित तथा सुव्यवस्थित किया गया है।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा सभी मतदान केंद्र पर निरीक्षण किया गया जिसके क्रम में अवगत कराया गया कि नगर आयुक्त महोदय विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार जनपद गाजियाबाद में 3200 बूथो पर तैयारी की जा चुकी है, आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरा भी लगाए गए हैं इसके अलावा गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत विशेष प्रबंध करते हुए महिलाओं के लिए दिव्यांगों के लिए युवाओं के लिए निर्वाचन प्रक्रिया को समावेशी एवं सहभागी बनाने के लिए मतदाता स्थलों पर व्यवस्था कराई गई है, इस प्रकार के पोलिंग स्टेशनों पर फीडिंग पॉइंट छोटे बच्चों के लिए क्रैच की सुविधा सेल्फी किओस्क, रैंप की व्यवस्था रेलिंग की व्यवस्था टॉयलेट के निर्माण कार्य मोबाइल टॉयलेट की सुविधा, जल के लिए टैंकरों की सुविधा, सेल्फी पॉइंट का निर्माण कार्य, मतदान सहायता केंद्र हेतु 15-15 की अस्थाई टेंट की व्यवस्था व अन्य आवश्यकता अनुसार व्यवस्था कराई गई है।

नगर आयुक्त द्वारा जहां मतदाताओं से अपना महत्वपूर्ण मत उपयोग करने के लिए भी अपील की गई है वहीं गाजियाबाद नगर निगम के समस्त विभागीय अधिकारियों को भी पोलिंग के समय अलर्ट रहने के लिए भी कहा गया है व्यवस्थाओं को पूर्ण रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं



जिसके क्रम में सभी विभागीय अधिकारी अपनी अपनी टीम सहित पोलिंग के समय अपनी अपनी जिम्मेदारियां पर डटे रहेंगे, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किए गए कार्य सराहनीय है।

## सार संक्षेप

### नाले में मिला महिला का शव, शिनाख्त नहीं

**नोएडा।** सेक्टर-8 के पास गुरुवार को नाले में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। फेज-1 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त करने की कोशिश शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीआरवी द्वारा सूचना मिली कि सेक्टर-8 के पास नाले में महिला का शव पड़ा है। शुरुआती जांच में महिला की उम्र करीब 30 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव 24 घंटे पुराना लग रहा है। महिला ने साड़ी पहन रखी है, जो काफी पुरानी है। पुलिस ने अंदेशा जाहिर किया है कि महिला रात को नाले के किनारे बैठी थी। इस दौरान नाले में गिरने से उसकी मौत हो गई है। पुलिस की टीम ने लोगों से महिला के बारे में पूछताछ की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने महिला के बारे में जानकारी जुटाने के लिए आसपास के जिलों की पुलिस से संपर्क किया है।

### लेंजर्स ग्रुप ने मतदाता वाहन लॉन्च कर मनाया 7वां स्थापना दिवस

**नोएडा।** चैलेंजर्स ग्रुप ने नोएडा स्थित सेक्टर-22 सामुदायिक केंद्र में 7 वर्षों के संघर्ष को एक अनूठी पहल के साथ निःशुल्क मतदाता वाहन लॉन्च कर संस्था का 7वां स्थापना दिवस मनाया। जिसका उद्देश्य जिले में मतदान दिवस (26 अप्रैल 2024) पर अपने राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान बूथ तक लाने-ले जाने के लिए और देश के जागरूक नागरिक बनने हेतु लोगों को प्रेरित करना है। चैलेंजर्स ग्रुप के संस्थापक प्रिंस शर्मा ने वार्षिकोत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये सात वर्ष राष्ट्र के उत्थान में समर्पित हुए हैं तो ये खास दिन भी राष्ट्र को समर्पित है इसी सोच के साथ कार्यक्रम में मौजूद बुजुर्ग शिशपाल ने फीता काटकर निःशुल्क मतदाता वाहन का शुभारंभ किया। इस मुहिम में लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतदान शत्-प्रतिशत बढ़ाने के लिए संस्था द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 8882550556 जारी किया गया है जिससे संपर्क कर लोगों तक निःशुल्क मतदान वाहन की सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर रौशनी, गीतिका, राजू, पिंकू, राजू, रामहरी, पुष्पेंद्र, लालाराम, किशन पाल, महिपाल आदि लोग मौजूद रहे।

### एमिटी की डॉ. स्मिता साहू को मिला 'आईपी एजुकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड'

**नोएडा।** एमिटी आईपीआर सेल की निदेशक डॉ. स्मिता साहू को गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय आईपी लीडरशिप अवार्ड कार्यक्रम में 'आईपी एजुकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दुनिया भर में नवाचार और स्थिरता के लिए अंतर्दृष्टि, सर्वोत्तम प्रथाओं एक साथ लाना था। डॉ. स्मिता साहू की ओर से पुरस्कार स्वीकार करते हुए, एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. डब्लू. सेल्वामूर्ति ने कहा कि मैं डॉ. स्मिता साहू की ओर से पुरस्कार स्वीकार करते हुए स्वयं को सम्मानित और प्रसन्नचित महसूस कर रहा हूं, जिन्होंने इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## ज्यादा मतदान करने में सहयोग करने वालों को जिलाधिकारी करेंगे सम्मानित

**गाजियाबाद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद लोकसभा के लिए चुनाव के लिए 26 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है।

- **जिला निर्वाचन अधिकारी समेत कई संगठनों ने लोगों से की अत्यधिक मतदान करने की अपील**



जिसकी प्रशासनिक स्तर पर तमाम तैयारी पूरी कर ली गई है। साथ ही जिला प्रशासन व स्वयंसेवी संगठनों द्वारा गाजियाबाद में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत करने के लिए सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही साथ जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने घोषणा की है कि जिस भी मतदान केंद्र पर पिछले मतदान से 10 प्रतिशत अधिक मतदान यदि होता है तो संबंधित क्षेत्र के आरडब्ल्यूए को सम्मानित किया जाएगा। वही हर्ष अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. बृजपाल त्यागी ने लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करते हुए उन्हें सम्मानित करने की घोषणा की है। बीपी त्यागी ने कहा है कि जो भी व्यक्ति मतदान करने जाएगा और वह अस्पताल जाकर स्याही निशान उंगली पर दिखाएगा तो उसे फर्स्ट एड किट मुफ्त में दी जाएगाऔर उसके स्वास्थ्य के निःशुल्क जांच की जाएगी ।

इसके अलावा इंडियन माइनॉरिटी फॉर्म के अध्यक्ष आजाद खालिद ने भी लोगों से अपील की है कि वह देश हित में राष्ट्रहित में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।

जिलाधिकारी ने इसको लेकर एक बयान जारी किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 में मतदान प्रतिशत काफी कम हुआ था इस बार हम सबको मिलकर इस मिथक को तोड़ना है और सर्वाधिक मतदान वाले जिले की श्रेणी में गाजियाबाद को लाकर खड़ा करना है। इंद्र विक्रम सिंह ने लोगों से अपील की है कि वह निडर होकर मतदान अपने निकटतम मतदान केंद्र पर जाएं और अपना मतदान करें। उन्होंने यह भी कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए और अपने सुनहरे भविष्य के लिए राष्ट्र की मजबूती के लिए मतदान बेहद जरूरी है ।

वहीं हर्ष हर्ष अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. बीपी त्यागी ने भी कहा है कि लोग ज्यादा से ज्यादा मतदान करें और और ऐसे प्रत्याशी को अपना वोट दें जो जनता के साथ खड़ा रहे। उन्होंने कहा है कि जो व्यक्ति भी उनके अस्पताल में मतदान करने के बाद उंगली में स्याही का निशान दिखाएगा उसको मुफ्त में फर्स्ट एड किट दी जाएगी और उसके स्वास्थ्य की भी निशुल्क जांच की जाएगी।

आजाद खालिद ने कहा है कि राष्ट्र की मजबूती के लिए वोट जरूर दें साथी उन्होंने लोगों से यह भी कहा है कि उम्मीद वार का चयन बहुत ही सोच समझकर करें जाति धर्म से ऊपर उठकर ऐसे व्यक्ति को वोट दे जो आम जनता का हितेषी हो और उसकी छवि भी साफ हो।

### लोकसभा चुनाव

## मतदान को लेकर रहेगा मार्ग परिवर्तन यातायात पुलिस ने जारी की एडवायजरी

**गाजियाबाद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान शुक्रवार को होगा। मतदान सम्पन्न होने के बाद सभी ईवीएम गोविंदपुरम अनाज मंडी में ईवीएम जमा की जाएंगी। जिसके चलते गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। रूट डायवर्जन शुक्रवार शाम चार बजे से देर रात तक ईवीएम जमा होने तक जारी रहेगा। एडीसीपी (यातायात) वीरेंद्र कुमार का कहना है कि असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

**यह रहेगा मार्ग परिवर्तन**

- हापुड़ चुंगी से गोविंदपुरम अनाज मंडी की ओर भारी व व्यवसायिक वाहन नहीं जा सकेंगे। ये वाहन हापुड़ चुंगी से डायमंड तिराहा से आत्माराम स्टील तिराहा होते हुए एनएच 09 होकर जा सकेंगे या हापुड़ चुंगी से एएलटी की ओर भी जा सकते हैं।
- डासना पुल से गोविंदपुरम होते हुए हापुड़ चुंगी की ओर भारी व व्यवसायिक वाहन नहीं जा सकेंगे। ये वाहन डासना से एनएच- 09 होते हुए आत्माराम स्टील तिराहा से डायमण्ड तिराहा से हापुड़ चुंगी होकर जाएंगे।
- हल्के व निजी वाहन एनडीआरएफ कट से संतोष मैक्सवेल अस्पताल के बीच हापुड़ रोड पर वाहन नहीं जा सकेंगे।

**ईवीएम जमा करने आने वाली बसों के लिए यह होगा रूट**

डासना की ओर से ईवीएम को जमा करने आने वाली बसें सीएनजी पम्प कट से अंदर होकर गोविंदपुरम मंडी के गेट नंबर दो पर कर्मियों को उतारकर डीडीपीएस स्कूल से बाएं मुड़कर हापुड़ चुंगी होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगी।

हापुड़ चुंगी की ओर से ईवीएम को जमा करने आने वाली बसें गोविंदपुरम पुलिस चौकी से अंदर होकर डीडीपीएस स्कूल से गोविंदपुरम मंडी के गेट नंबर दो पर कर्मियों को उतारकर बाबा मार्केट कट से बाएं मुड़कर 47वीं वाहिनी पीएसी होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगी।

मोदीनगर/मुरादनगर की ओर से मनन धाम होते हुए ईवीएम जमा करने आने वाली बसें सिटी पार्क के सामने से कर्पूरीपुरम सीएनजी पैट्रोल पंप होकर गोविंदपुरम मंडी के गेट नम्बर दो पर कर्मियों को उतारकर बाबा मार्केट कट से 47वीं वाहिनी पीएसी होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगी।

## मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के साथ निकाली रैली



**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग की तरफ से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के करीब 50 एनसीसी कैडेट्स ने शहर में विभिन्न स्थानों से जागरूकता रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक किए। इस दौरान उन्हें शपथ भी दिलाई गई। संगोष्ठी में 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले युवाओं को उनके मताधिकार के बारे में जानकारी दी। सभी लोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। इस मौके पर विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा ने कहा कि मतदान करने की जिम्मेदारी हम सब की है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए 26 अप्रैल को घर से बाहर मतदान करने के लिए निकलें। उन्होंने छात्रों को कहा कि अपने मतों का प्रयोग जरूर करें। आप का वोट कीमती है। काम जरूर रोक दें लेकिन मतदान ना रोके। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि 18 वर्ष की उम्र होते ही मताधिकार प्राप्त हो जाता है, लेकिन कई मतदाता वोट डालने के लिए घर से ही नहीं निकलते। मताधिकार का प्रयोग करके हम देश और प्रदेश के लिए अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं। ऐसे में अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें। इस दौरान छात्र कल्याण विभाग डीन डॉ. प्रमोद कुमार, खेल निदेशक डॉ. कपिल दवे,डॉ. केके पांडेय, लेफ्टिनेंट यशोधरा राजे समेत विश्वविद्यालय के डीन और एचओडी मौजूद रहे।

### पुलिस प्रशासन ने लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने का किया आह्वान

## कड़ी सुरक्षा के बीच होगा द्वितीय चरण का मतदान आज

**बुलंदशहर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा द्वितीय चरण के शुक्रवार को होने वाले मतदान को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन ने सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। शुक्रवार को जनपद बुलंदशहर में मतदान पैरा मिलिट्री फोर्स पुलिस के जवानों की निगरानी में होगा। द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को शुक्रवार के दिन बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा,बसपा, कांग्रेस, सहित छ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 26-44 लाख मतदाता करेंगे। मतदान सुबह 7 से लेकर सायं 6 बजे तक होगा। पुलिस प्रशासन ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करने के लिए पूरे जिले को 33 जोन व 191 सेक्टरों में बांटा गया है। हरेक मतदान केंद्र व बूथो पर पैरामिलिट्री के साथ पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। डीएम एसएसपी ने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है। डीएम ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि सभी मतदाता

- **26-44 लाख मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला**



निर्भीक होकर अपने घरों से निकले और अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के पर्व को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वह चुनावी चरण में आपस में सौहार्द बनाए रखें। बुलंदशहर लोकसभा सीट में 26 अप्रैल को यानी आज मतदान होगा और नतीजा 4 जून को घोषित किए जाएंगे। सुबह 7 बजे से शाम 6 तक डाले जाएंगे वोट क्षेत्र में कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे। इसके लिए इस बार वोटिंग का भरपूर समय रखा गया है। सुबह 7:00 से लेकर शाम 6:00 बजे तक मतदान होगा। इस तरह कुल 11 घंटे का मतदान होगा।

## 25वीं वर्षगांठ पर शिक्षण संस्थान में हवन पूजन का हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईईसी कॉलेज में संस्थान के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर संस्थान द्वारा पूजा एवं हवन का आयोजन किया गया। कर्यक्रम के दौरान प्रबंधन के सभी सदस्य, निदेशक, शिक्षक, स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे। संस्थान के एक्सीक्यूटिव निदेशक प्रोफेसर सुनील कुमार ने



बताया कि संस्थान के पूर्व चेयरमैन स्व: आर. एल. गुप्ता ने वर्ष 1999 में देश को आगे बढाने तथा कुशल प्रोफेशनल तैयार करने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा में आईईसी कालेज की नींव रखी थी। संस्थान पिछले 25 वर्षों में 15000 से अधिक कुशल इंजीनियर, प्रबंधक एवं अन्य कुशल पेशेवर तैयार कर चुका है जो देश ही नहीं अपितु बल्कि पूरे विश्व के विभिन्न देशो में उच्च पदों पर आसीन हैं। इसकी सफलता का श्रेय संस्थान के मैनेजमेंट की दूरगामी सोच तथा कुशल एवं अनुभवी शिक्षको को जाता है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सीएफओ अभिजित कुमार, निदेशक प्रोफेसर विनय गुप्ता, प्रो, भानु प्रताप सिंह सागर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे।

## संसदीय चुनाव में मतदान को प्रोत्साहन देने के लिए एनसीआरटीसी की पहल

**गाजियाबाद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। संसदीय चुनाव 2024 में मतदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद क्षेत्र के मतदाताओं के लिए एक नई पहल की है। इस जागरूकता अभियान में मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस क्षेत्र में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होना है। मतदान करने वाले यात्री स्टैंडर्ड टिकट मे भी प्रीमियम कोच में यात्रा कर पाएंगे। यह नागरिकों को चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए संलग्न करने और सशक्त बनाने के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) की विभिन्न पहलों के अनुरूप है।एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस अभियान के तहत जो यात्री अपना वोट डालेंगे, वो ही इस खास ऑफर का लाभ उठाने के लिए योग्य होंगे। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को स्टेशन के प्लेटफॉर्म लेवल पर बने प्रीमियम लाउंज के एएफसी गेट पर मौजूद स्टाफ को अपनी मतदान इंक लगी हुई अंगुली दिखानी होगी। इसके बाद स्टाफ उन्हें प्रीमियम लाउंज में प्रवेश करवा देगा और इसके बाद यात्री सीधे नमो भारत ट्रेन के प्रीमियम कोच में सफर कर सकेंगे। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को 'आरआरटीएस कनेक्ट ऐप' से स्टैंडर्ड कोच की टिकट खरीदनी होगी, इसके आधार पर ही वे प्रीमियम कोच में यात्रा के पत्र होंगे। नमो भारत ट्रेन में छह कोच हैं, जिनमें एक कोच प्रीमियम कोच है जबकि अन्य पांच कोच स्टैंडर्ड कोच हैं। आम चुनाव 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ईसीआई के 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' अभियान के अनुरूप, यह पहल चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने के महत्व पर प्रकाश डालकर यात्रियों के बीच सामुदायिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का प्रयास है। एनसीआरटीसी यात्रियों को नमो भारत ट्रेन में प्रीमियम कोच की बढ़ी हुई आराम और सुविधा का आनंद लेने का मौका दे रहा है।



**वोट देने वाले यात्री स्टैंडर्ड टिकट मे भी कर पाएंगे प्रीमियम कोच में यात्रा**

उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल 26 अप्रैल, 2024 के लिए सक्रिय है। इस अभियान में भाग लेने के लिए 'आरआरटीएस कनेक्ट ऐप' पर टिकट बुक करना अनिवार्य है। प्रीमियम कोच का निःशुल्क अपग्रेड सीटों की उपलब्धता पर निर्भर है।

## अतिथि व्याख्यान में छात्रों को आंतरिक सुरक्षा में न्याय और सुशासन की मिली जानकारी

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध विवि के स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एंड गवर्नेंस ने एस एन श्रीवास्तव, आईपीएस पूर्व पुलिस आयुक्त, दिल्ली को 'कानून और आंतरिक सुरक्षा' विषय पर कानून के छात्रों के साथ बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया है। स्कूल ऑफ लॉ जस्टिस एंड गवर्नेंस ने कुलपति प्रोफेसर आर.के.सिन्हा के मार्गदर्शन में कानून के छात्रों के उज्ज्वल कैरियर के लिए व्याख्यान श्रृंखला शुरू की है। श्रीवास्तव ने आंतरिक सुरक्षा के संदर्भ में न्याय और सुशासन के लिए कानून के अनुप्रयोग पर जानकारी दी। उन्होंने भारत के आंतरिक मुद्दों यानी नक्सलवाद, जम्मू-कश्मीर के मुद्दों, उत्तर पूर्व के मुद्दों आदि के संदर्भ में इसके मूल से लेकर वर्तमान विकास तक का वर्णन किया। उनके व्यावहारिक अनुभव के साथ मिश्रित उनका ज्ञान छात्रों के लिए बहुत जानकारीपूर्ण था। उन्होंने नक्सलबाड़ी गांव



की उत्पत्ति, उद्गम स्थान यानी नक्सलबाड़ी गांव, विकास की समय-सीमा, नक्सलवाद का समाधान और राष्ट्रीय कानून के विभिन्न प्रावधानों का वर्णन किया जो नक्सलवाद और अन्य आंतरिक मुद्दों से निपट सकते हैं। उन्होंने उन कमियों के बारे में भी बताया जो पिछली सरकार ने की थी, जिसके कारण इस स्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। सकारात्मक रूप से उन्होंने कुछ वर्तमान घटनाक्रमों को साझा किया कि वर्तमान सरकार और नौकरशाह इन सभी स्थितियों से निपटने के लिए कैसे गंभीर हैं।

उवाच

मतदान के दौरान विद्युत आपूर्ति की वजह से कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए 19 टीमों की तैनाती की गई है। तीन कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं। किसी तरह की समस्या होने पर तत्काल समाधान किया जा सके।

**एसएन गांगुली, महाप्रबंधक ऑपरेशन, एनपीसीएल**

# कैपिटल ज़ोन

प्रधानमंत्री मोदी ने आगरा में विशाल जनसभा को किया संबोधित

## विरासत पर भी डाका डालने की तैयारी में कांग्रेस और इंडी गठबंधन

■ प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं

**आगरा/ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग ओबीसी को मिले आरक्षण के हक पर डाका डालने की तैयारी में है। पीएम मोदी ने कहा कि वे खुद भी ओबीसी समुदाय से आते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस षड्यंत्र में समाजवादी पार्टी का भी पूरा साथ मिला है। सपा यादवों और पिछड़ों के साथ विश्वासघात कर रही है। पीएम मोदी गुरुवार को कोठी मीना बाजार में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे की एक्स-रे मशीन अब बहन बेटियों की आलमारी की जांच करना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस वाले हमारे परिजनों द्वारा हमें दी गई संपत्ति पर भी डाला डालने की तैयारी में हैं। मोदी ने कहा है कि वो विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं।






**कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी : नरेन्द्र मोदी**

**हथियारों के दलाल और उनके सहयोगी बौखला गए हैं**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आगरा में बन रहे डिफेंस कॉरीडोर से ऐसे लोग बौखला गये हैं, जो दुनियाभर के हथियारों के दलालों से सांठ गांठ करके मलाई खाते थे। उन्होंने कहा कि हथियारों के दलाल पिछली सरकारों में घूस देकर अपना काम कराते थे। पीएम ने कहा कि देश के अंदर बैठे ऐसे लोग नाराज हैं क्योंकि मोदी अब यहां शस्त्र बनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की बात कहता है। वो नाराज है कि भारत की सेना आत्मनिर्भर बन रही है। इसलिए वो सभी मोदी के विरोध में एकजुट हो गये हैं।

### जमीन कब्जा करने वालों को योगी सरकार ने सही जगह पहुंचा दिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि योगी जी के मुख्यमंत्री बनने से पहले यहां इंडी गठबंधन वालों का नारा होता था, कि जो जमीन सरकारी है वह जमीन हमारी है। उस वक्त ऐसे लोगों को लखनऊ में वोट बैंक वाली सरकार का आशीर्वाद प्राप्त होता था। मगर योगी सरकार ने ऐसे लोगों को सही जगह पर पहुंचा दिया है। अब कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों का नया प्लान सामने आया है। कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस के शहजादे की एक्सरे मशीन अब बहन बेटियों के अलमारी में पहुंचेगी। शहजादे की एक्सरे मशीन लॉकर में पहुंचेगी। किसी गरीब मां ने अपनी बेटी के लिए बचाकर रखा है, कांग्रेस की एक्सरे मशीन वहां भी पहुंचेगी। मंगलसूत्र और गहनों पर सपा और कांग्रेस की सरकार आएगी तो उसपर डाका डालेगी। ये खुद शहजादा और उनके बड़े बड़े लीडर कह रहे हैं। माताएं बहनें सर कटवा देगी मगर स्त्रीधन कभी लेने नहीं देंगी। ये इंडी गठबंधन वालों को मालूम नहीं है।

**इंडी गठबंधन के लिए देश से भी पहले उनका वोट बैंक है**

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के लिए देश से भी पहले उनका वोट बैंक है। मगर हमारा मॉडल शत प्रतिशत लाभार्थियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का है। हमारे लिए यही सेक्युलरिज्म है। यही सच्चा सामाजिक न्याय है। फ्री राशन, मुफ्त इलाज, पक्का घर, शौचालय, नल से जल जैसे लाभ हर लाभार्थी को बिना भेदभाव के मिले ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि वह देश के लिए मेहनत कर रहे हैं और उनकी हर योजना को जमीनी धरातल पर ले जाने में मुख्यमंत्री योगी पूरी मेहनत कर रहे हैं।

**मोदी आपका चौकीदार बनकर खड़ा है**

उन्होंने कहा कि आपसे आपकी संपत्ति छीनने की कांग्रेस और इंडी गठबंधन की योजना यहीं नहीं रुकती। उनका कहना है कि वो आपकी विरासत पर भी लूट करेंगे। जो आपके पिता ने आपके लिए मेहनत करके रखा है, उसके 55 प्रतिशत पर सरकार कब्जा कर लेगी। आज जो संपति आने वाली पीढ़ियों के लिए आप जोड़ रहे हैं उसपर भी ये लोग आधे से ज्यादा टेक्स लगाकर लूटने का प्लान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन वाल

ों को दीवार पर लिखा पढ़ लेना चाहिए और कान खोल कर सुन लेना चाहिए कि जबतक मोदी जिंदा है ऐसा कोई भी पाप करने से पहले आपको मोदी से निपटना पड़ेगा। मोदी आपका चौकीदार बनकर खड़ा है। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री बेबीरानी मौर्या, योगेंद्र उपाध्याय, धर्मवीर प्रजापति, आगरा के सांसद व भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी के सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर आदि मौजूद रहे।

## लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज करेंगे मतदाता

■ सभी पार्टी के नेताओं ने मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने का किया पूरा प्रयास

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महापर्व में फैसला जनता के हाथ में होती है, गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला शुक्रवार को मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए करेंगे। मतदान के महापर्व पर जनता गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर पिछली बार के जीते प्रत्याशी पर मुहर लगाती है या जनता परिवर्तन चाहती है। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद सभी राष्ट्रीय पार्टी ने अपने-अपने उम्मीद्वार चुनावी मैदान में उतार दिया है। गौतमबुद्ध नगर जिले में भाजपा गठबंधन, इंडिया गठबंधन व बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा गठबंधन से डॉ. महेश शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के राजेन्द्र सिंह सोलंकी और इंडिया गठबंधन से डॉ. महेन्द्र नागर चुनावी मैदान में हैं। जनता के मत का पाने के लिए सभी पार्टी के प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत के साथ अपने पक्ष में करने का प्रयास किया है। मतदान को लेकर नेताओं की उल्टी गिनती शुरु हो गई है, उनके भाग्य का फैंसला जनता ही करेगी। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिसमें मात्र एक महिला प्रत्याशी है और 4 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

**चुनावी मैदान में प्रत्याशी**

समाजवादी पार्टी से डा. महेन्द्र सिंह नागर, भारतीय जनता पार्टी से डा. महेश शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, नेशनल पार्टी से किशोर सिंह, भारतीय राष्ट्रीय जनसत्ता से नरेश नौटियाल, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) से नारावेदश्वर, वीर के वीर इंडियन पार्टी से भीम प्रकाश जिज्ञासु, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से मनीष कुमार द्विवेदी, सुपर पावर इंडिया पार्टी से रण सिंह डुडी, जय हिंद नेशनल पार्टी से राजीव मिश्रा, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी से कु. शालू, निर्दलीय प्रत्याशियों में पराग कौशिक, महकार सिंह, मुमताज आलम, शिवम आशुतोष के भाग्य

## लोकसभा चुनाव में निर्बाध बिजली आपूर्ति को एनपीसीएल की 19 टीमों ने संभाला मोर्चा

■ विद्युत आपूर्ति में दिक्कत आने पर तुरंत होगा समस्या का समाधान

■ कासना, सूरजपुर व अर्बन क्षेत्र में बने कंट्रोल रूप में इंजीनियर व अन्य कर्मचारी किए गए तैनात

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्धनगर लोकसभा चुनाव पर आज यानी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के दौरान विद्युत आपूर्ति में कोई दिक्कत न हो इसके लिए नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) की 19 टीमों ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं कासना, सूरजपुर व ग्रेटर नोएडा अर्बन क्षेत्र में बने कंट्रोल रूम में इंजीनियर व अन्य कर्मचारियों की तैनाती कर दी है। टीमों द्वारा समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया जाएगा। टीम में इंजीनियर, लाइनमैन और अन्य कर्मचारियों की टीम क्षेत्र में तैनात रहेगी। मतदान केंद्रों का सर्वे कर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है।

एनपीसीएल द्वारा ग्रेटर नोएडा शहरी क्षेत्र के अलावा एरिया के 118 गांवों में बिजली की सप्लाई की जाती है। लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान बिजली की समस्या उत्पन्न न हो इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। 19 टीमों ने गुरुवार से ही मोर्चा संभाल लिया है। पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्र पर पहुंच गई हैं। कासना, सूरजपुर व अर्बन क्षेत्र में मतदान को लेकर विशेष रूप से बने कंट्रोल रूम में इंजीनियर की तैनाती की गई है।

मतदान के दौरान विद्युत आपूर्ति की वजह से कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए 19 टीमों की तैनाती की गई है। तीन कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं। किसी तरह की समस्या होने पर तत्काल समाधान किया जा सके।

## मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र होंगे मान्य

■ मतदाता सूची में नाम व पोलिंग बूथ जानने के लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या वोटर हेल्पलाइन ऐप का करें उपयोग

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल (शुक्रवार) को मतदान होगा। मतदान के समय ऐसे मतदाता जिनके पास अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र न हो, वे 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा वितरित मतदाता सूचना पर्ची को पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए उपर्युक्त में से कोई एक वैकल्पिक फोटो

## विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य शिक्षा शिविर का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शारदा विवि के मेडिकल कॉलेज, स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एवं रिसर्च के सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर गुरुवार को स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम और स्वास्थ्य कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

दुनिया भर में मलेरिया को खत्म करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विश्व मलेरिया दिवस का विषय 'समय आ गया है कि हम निवेश, नवाचार और कार्यान्वयन के माध्यम से मलेरिया को शून्य स्तर तक लाएं' पर केंद्रित था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शारदा ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, पंचायतन, ग्रेटर नोएडा और शारदा शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, भंगेल नोएडा में आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समुदाय में मलेरिया और अन्य मच्छरों और मक्खियों से फैलने वाली बीमारी के खिलाफ जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ाना था। मेडिकल कॉलेज में डीन डॉ. प्रोफेसर निरुपमा गुप्ता ने इस आयोजन के सफल होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर हमने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिससे समुदाय में मलेरिया और अन्य मच्छरों और मक्खियों से फैलने वाली बीमारी के खिलाफ जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाई जा सके। हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समुदाय के साथ मिलकर हमने यह कार्यक्रम आयोजित किया और उम्मीद है कि यह हमें अच्छे नतीजे देगा और इस तरह के जागरूकता से भरे कार्यक्रम हम आगे भी करते रहेंगे।

## सेक्टर डेल्टा दो का प्राधिकरण के ओएसडी ने किया दौरा

■ काम नहीं हुआ तो ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्ट

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश ने सेक्टर डेल्टा-दो का दौरा किया, जिसमें समस्याओं के समाधान के लिए ठेकेदारों को एक हफ्ते का समय दिया, उन्होंने कहा कि काम नहीं हुआ तो होंगे ब्लैक लिस्ट। इस मौके पर रेजिडेंट सुधार समिति के अध्यक्ष अनिल भाटी एडवोकेट और आलोक नागर ने बताया कि सेक्टर के समस्याओं को लेकर सेक्टर का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को प्राधिकरण में एसीईओ लक्ष्मी से मिला था और मुलाकात का असर देखने को मिला और तुरंत कार्रवाई करते हुए सेक्टर की समस्याओं को जानने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश ने सेक्टर डेल्टा-दो का दौरा किया और उनके साथ डेल्टा टू रेजिडेंट्स समिति के सदस्यों द्वारा सेक्टर मैं जगह-जगह घूम कर सेक्टर की समस्त समस्याओं से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को अवगत कराया गया। सेक्टर के अंदर आवारा पशु, आवारा कुत्तों का आतंक है पार्क और ग्रीन बेल्ट की सौंदर्य करण, सेक्टर में पूरी तरह से चरमरा गई सफाई व्यवस्था को एक हफ्ते के अंदर सही करने का समय ओएसडी ने ठेकेदार उनके सुपरवाइजर को दिया। अगर आगे से सफाई के संबंध में या हॉर्टिकल्चर विभाग की तरफ से



कोई शिकायत मिलती है तो उस पर पेनल्टी लगाई जाएगी ओएसडी इंदु प्रकाश ने यह चेतावनी स्वास्थ्य विभाग और हॉर्टिकल्चर विभाग के ठेकेदारों को दी जगह-जगह सेक्टर में जो बाउंड्री तोड़कर बनाए गए हैं उनको जल्द से जल्द बंद करने के निर्देश दिए गए पार्क में एलईडी लाइट है और जिम और झूला जल्द से जल्द लगाने के निर्देश दिए। इस मौके पर अध्यक्ष अनिल भाटी, आलोक नागर, कर्नल अनुज श्रीवास्तव, दलवीर चौधरी, रिंकू भाटी, बॉबीभाटी, नंदा भाटी, पूनम, प्रमोद शर्मा, काफी संख्या सेक्टर के और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संबंधित मैनेजर, जेई, सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

## बिजली की एक चिनगारी से बीस बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई खाक

**दनकौर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के ठसराना गांव के जंगल में बिजली की चिंगारी से गुरुवार को भीषण आग लग गई। जिससे किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो



गई। किसानों का आरोप है कि बिजली विभाग से काफी समय पहले लाइन को बदलने की शिकायत की गई थी। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसकी लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। किसानों ने फसल के मुआवजे की मांग बिजली विभाग के अधिकारियों से की है। गांव के किसानों की फसल की कटाई पिछले कई दिनों चल रही थी। अचानक गुरुवार की दोपहर खेत के ऊपर से होकर निकल रही। बिजली के लाइन में स्पार्किंग हुई और चिंगारी नीचे गिर गई। जिसके चलते फसल में आग लग गई। कुछ देर में ही करीब 20 बीघा फसल आग की चपेट में आकर जल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पीड़ित किसान दीपक समेत कई ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। कई बार लाइन को बदलवाने की मांग विभाग अधिकारियों से की गई थी। लेकिन ग्रामीणों की शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसके चलते ही यह आग लगी है। जिससे किसानों की लाखों रुपए की फसल जल गई। पीड़ित किसानों का कहना ही काफी लागत से उन्होंने फसल को पैदा किया था। किसानों में बिजली विभाग के प्रति काफी रोष है। जिन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009



### पहले मतदान, फिर जलपान की शिक्षकों व विद्यार्थियों ने ली शपथ

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 'लोकतंत्र के महापर्व' के उपलक्ष्य में गलगोटियास विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर मतदान करने के लिए ली शपथ। गलगोटियास विश्वविद्यालय के प्रांगण में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' इस थीम के साथ शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। गलगोटियास विश्वविद्यालय के वॉइस चॉसलर डा. के. मल्लिखार्जुन बाबू ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपका एक कीमती वोट राष्ट्र के हित के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसलिए आप अपने बहुमूल्य वोट का सदुपयोग अवश्य ही करें। क्योंकि यह आपका जन्मसिद्ध अधिकार है और आप अपना मतदान करने अवश्य जायें। यह आपका राष्ट्र के प्रति परम कर्तव्य भी है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## बाराही मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुति से कलाकारों ने बांधा समा

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। सूरजपुर में चल रहे ऐतिहासिक प्राचीनकालीन बाराही मेला के तीसरे दिन ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के नन्हें मुन्हों ने गीत संगीत और नृत्य की खास प्रस्तुति दी। रात्रिकालीन रागनियों के रंगारंग कार्यक्रम में हरेंद्र नागर, दीपा चौधरी एंड पार्टी के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक रागनी की प्रस्तुति देते हुए शमा बांध दिया। जब कि लोक कला संस्कृति मंच से राजबाला सपेरा एंड पार्टी राजस्थान के कलाकारों द्वारा गीत संगीत के साथ खास नृत्य प्रस्तुत किए गए। सिकंदरनाथ बीन तुंबा पार्टी के कलाकारों के द्वारा कई प्रकार के करतब दिखाते हुए विशेष प्रस्तुति खासा आकर्षण का केंद्र रही। चौपाल की विशेष प्रस्तुति में नगाडा पार्टी के कलाकारों के द्वारा संगीत और नृत्य की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। हरेंद्र नागर, कर्मवीर बैंसला, दीपा चौधरी और






पिंकी शर्मा ने एक से बढ़कर एक रागनियां प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। डॉली शर्मा और कशिश चौधरी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करते हुए जमकर धमाल मचाया। शिव मंदिर सेवा समिमि के अध्यक्ष धर्मपाल भाटी, महासचिव ओमवीर बैंसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल, मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिजेंद्र ठेकेदार, उपाध्यक्ष जगदीश भाटी एडवोकेट और सुभाष शर्मा जिंस वाले, राजपाल भडाना, महाराज सिंह उर्फ पप्पू, राजपाल, विनोद सिकंद्राबादी, रवि भाटी, अजय शर्मा एडवोकेट आदि पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर हरेंद्र नागर और दीपा चौधरी एंड पार्टी के कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया शुक्रवार को लार्ड गणेश पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जब कि रागनियों के रंगारंग कार्यक्रम में रनवीर भडाना और राधा चौधरी एंड पार्टी के कलाकारों में जिले सिंह नागर, रोहताश दायमा, अर्जुन जोनचाना, पायल और सोनी चौधरी अपनी खास प्रस्तुतियां देंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

आप सभी को संज्ञान में लाया जाता है कि स्वर्गीय श्रीमति जसवीर कौर महापत्रा पत्नि रविन्द्र कुमार महापत्रा निवासी फ्लैट नं 1301, 13th Floor Tower Aspen Omaxe Forest SPA Sector-43, Faridabad (HR) 121003 की मालिक थी। व दिनांक 29.08.2020 को इनका स्वर्गवास हो गया था। उनकी वसीयत के आधार पर मै श्री रविन्द्रा कुमार महापत्रा पुत्र श्री दशरथी महापत्रा नगर निगम फरीदाबाद में सम्पत्ति कर रिकार्ड में उनके स्थान पर अपना नाम बदलवा रहा हू। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो वो इस प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति नगर निगम फरीदाबाद में दर्ज कराए। रविन्द्र कुमार महापत्रा फ्लैट नं 1301, 13th Floor Tower Aspen Omaxe Forest SPA Sector-43, Faridabad (HR) 121003

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# मतदान के दूसरे चरण में किसे बढ़त ?

पहले चरण में संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया द्वारा बढ़त लेते हुए दिखने के बाद अब इस बात की उत्सुकता बढ़ गई है कि 18वीं लोकसभा के लिये शुक्रवार को होने जा रहे मतदान के दूसरे चरण में कौन आगे निकल जायेगा। यह भी सवाल है कि भारतीय जनता पार्टी एवं उसके गठबन्धन यानी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) को नुकसान भरपाई करने का मौका मिलेगा या इंडिया इसके बाद ऐसी बढ़त बना लेगा कि भाजपा-एनडीए को उसकी बराबरी कर पाना मुश्किल हो जायेगा? राजनीतिक पर्यवेक्षकों तथा विश्लेषकों का मानना है कि अगर इंडिया ने इस राउंड में एनडीए को पहले जैसी टक्कर दी तो भाजपा का 370 व 400 सीटों के पार जाने का नारा तो हवा में उड़ ही जायेगा, उसे बहुमत (272 का आंकड़ा) के भी लाले पड़ जायेंगे। अनुमान कुछ ऐसे ही बतलाये जा रहे हैं।

एक सप्ताह पहले यानी 19 नवम्बर को 21 राज्यों की 102 सीटों के लिये मतदान हुआ था। अब 13 राज्यों की 88 सीटों के लिये मतदान होने जा रहा है। इस चक्र का महत्व सिर्फ इस लिहाज से नहीं है कि इसमें राहुल गांधी (वायनाड-केरल), अरूण गोविल (मेरठ-उत्तर प्रदेश), शशि थरूर (तिरुअनंतपुरम-केरल), कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक-मांड्या) आदि की प्रतिष्ठा दांव पर है या इस राउंड में 16 फीसदी सीटों के लिये लोग मतदान करेंगे, बल्कि वह इसलिये है कि अब लगभग सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि इसमें भी इंडिया को बढ़त मिलने की पूरी सम्भावना है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया की हुई विशाल रैली में दावा किया था कि पहले चरण में विपक्षी गठबन्धन को 80 से 90 सीटें मिल रही हैं। यह सभा वहां के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर जेल में डाले जाने के खिलाफ 21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। वैसे लोग यह दावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपनी प्रचार सभाओं में इस्तेमाल की जा रही भाषा से भी कर रहे हैं जिसके स्तर में अभूतपूर्व गिरावट दर्ज हुई है।

प्रथम चरण के मतदान के बाद ही मोदी ने अनेक ऐसी बातें कहीं हैं जिनसे न सिर्फ उनके पद की गरिमा और भी गिरी है वरन वह समाज के लिये ही खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रचार रैली को सम्बोधित करते हुए 18 वर्ष पहले दिये तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के उस बयान को तोड़-मरोड़कर उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'देश के संसाधनों पर पहला अधिकार भारत के वंचितों, आदिवासियों, पिछड़ों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों आदि का है।' इस बयान को बड़े ही घृणित तरीके से प्रस्तुत करते हुए मोदी ने कहा कि 'अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मंगलसूत्र छीनकर अधिक बच्चे वालों के बीच बांट दिये जायेंगे।' उनका इशारा मुस्लिमों की तरफ था। अगले दिन इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में यह कह दिया कि 'कांग्रेस की नज़र आपकी सम्पत्ति पर है।' बुधवार को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में भी उन्होंने इसी आशय का भाषण दिया- बावजूद इसके कि उनके खिलाफ़ कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। एनडीए के सहयोगी अकाली दल ने भी इस पर आपत्ति जताई है। वैसे तो इस मामले पर उन्हें माकूल जवाब कांग्रेस के कई लोगों की ओर से मिल गया, साथ ही मनमोहन सिंह का असली बयान क्या है, यह भी सामने आ गया है। लोग जान गये हैं कि डॉ. सिंह ने 'मुस्लिम' शब्द का इस्तेमाल ही नहीं किया था। वैसे तो कांग्रेस का न्याय पत्र (घोषणापत्र) जब जारी हुआ था, उसके दूसरे दिन ही मोदी ने इस पर 'मुस्लिम लीग की छाप' बतलाई थी। हालांकि यह कोई समझ नहीं पाया कि इसमें ऐसा क्या है जिससे मुस्लिम लीग का असर दिखे।

ऐसे ही, कांग्रेस को बदनाम करने के उद्देश्य से उन्होंने देश में संचार क्रांति लाने वाले सैम पित्रोदा के उस बयान को भी तोड़-मरोड़कर पेश किया जिसमें पित्रोदा ने विरासत टैक्स पर बात की थी। इसका सन्दर्भ व अवसर एकदम अलग था लेकिन मोदी उसका भी कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल करने से नहीं चूके। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विरासत टैक्स के नाम से जनता की सम्पत्ति लूट लेगी। स्वयं पित्रोदा ने इसका खंडन किया व अपने बयान को सही रूप में व्याख्यायित कर मोदी के छल को बेनकाब किया है। कांग्रेस ने इसकी भी शिकायत की है। मोदी के लिये वैसे इससे बड़ा संकट कोई हो नहीं सकता क्योंकि उनके सारे दांव उल्टे पड़ रहे हैं और कांग्रेस व विपक्ष उनकी गलतबयानी व असत्य का लगातार पर्दाफाश कर रहा है। इसका असर न सिर्फ मोदी बल्कि सभी भाजपा नेताओं की सभाओं में लोगों की घटती संख्या के रूप में दिख रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस नेताओं एवं इंडिया गठबन्धन की सभाओं में खचाखच भीड़ है।

मोदी व भाजपा की दिक्कतों को इस मायनों में दोहरा होता हुआ कहा जा सकता है कि एक ओर तो कांग्रेस का न्याय पत्र जनता में लगातार लोकप्रिय हो रहा है, तो वहीं इंडिया गठबन्धन टूट तो नहीं ही रहा है, सतत मजबूत हो रहा है। बेशक कहीं-कहीं उसके सामने सीटों के बंटवारे को लेकर अवरोध आ रहे हैं तथा कई कांग्रेसी नेताओं ने ऐसे कठिन दौर में पार्टी भी छोड़ी है लेकिन उसका भाजपा या एनडीए को फायदा होता नहीं दिख रहा है। हां, इंडिया-कांग्रेस का कारवां जारी है! इन सभी तथ्यों को ही मोदी की बौखलाहट का कारण माना जा रहा है; और इंडिया की बढ़त का आधार भी।

# चण्डीगढ़ से सूरत वाया खजुराहो : वन पार्टी और नो इलेक्शन

■ बादल सरोज

सूरत में जो हादसा हुआ है वह किसी भी सभ्य समाज और परिपक्व लोकतंत्र पर एक बदसूरत धब्बा है। जैसा कि अब तक लगभग सब जान चुके हैं कि इस संसदीय क्षेत्र के चुनाव अधिकारी, जो आम तौर से कलेक्टर होता है, ने 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में सूरत संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया है। यह काम जिस तरह से किया गया है वह इंडिया दैट इज भारत में जनादेश की चोरी से शुरू हुई यात्रा के लोकतंत्र के अपहरण से होते हुए मताधिकार की लूट की खतरनाक स्थिति पहुंच जाने के संकेत देता है।

यह दोहराने में हर्ज नहीं है कि जैसा सूरत में हुआ वैसे निर्विरोध निर्वाचन के लिए जरूरी होता है कि सिर्फ एक प्रत्याशी बचे-उसके सामने कोई न हो। अब ऐसा अपने आप तो होने से रहा। लिहाजा सबसे पहले तो उनके विरुद्ध इंडिया गठबंधन के साझे उम्मीदवार, कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुम्भानी और उनके डमी उम्मीदवार सुरेश पाडसाला का नामांकन रद्द 'करवाया' गया उसके बाद बाकी बसपा और 3 छोटी पार्टियों जिनमे सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर बनी पार्टी भी शामिल थी. के उम्मीदवारों को 'बिठवाया' गया और इस तरह भाजपा के मुकेश भाई दलाल को 'जितवाया' गया।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने खुद कह दिया कि 'निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव मैदान से हटाने के लिए प्रयत्न किये थे। अब यह कैसे हुआ होगा इसका पक्का अनुमान लगाने के लिए राकेट साईंस का ज्ञाता होने की आवश्यकता नहीं है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले देश के लिए यह सचमुच अशुभ और अशोभनीय दोनों है। इससे पहले, इसी तरह का काम दूसरे तरीके से मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट, जहां से भाजपा के मध्यप्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं, पर किया गया। यहां से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी मीरा दीपक यादव का नामांकन पत्र भी खारिज करवा दिया गया। इसका आधार प्रत्याशी द्वारा हस्ताक्षर न किया जाना बताया गया - जबकि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी नामांकन फॉर्म को अधूरा भरा होने की वजह से रद्द नहीं किया जा सकता। साफ़ प्रावधान है कि यदि प्रत्याशी से कोई जगह भरने से छूट जाती है तो उसका सुधार कराने की जिम्मेदारी स्वयं निर्वाचन अधिकारी की है। निर्वाचन कार्यालय में ठीक इसी काम के लिए दो दर्जन से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी तैनात रहते हैं। मगर जब सैयां ही कोतवाल हैं, सैयां ही सीएम और पीएम हैं, उन्हीं के हुकूमबरदार चुनाव आयोग में हैं तो काहे के निर्देश, कैसे क़ानून!!

सूरत काण्ड ने नोटा- इनमें से कोई नहीं- के स्वांग की भी कलई उतार दी है। सैद्धांतिक रूप से यदि एक के अलावा दूसरा उम्मीदवार नहीं था तब भी नोटा ने तो नाम वापस नहीं लिया था, उन्हें तो इस कथित रूप से निर्विरोध चुने गए दलाल को अस्वीकार करने का अवसर दिया जाना चाहिए था। केन्द्रीय चुनाव आयोग को इसे सुनिश्चित करना चाहिए था।

पहले इस तरह के छल, धनबल, बाहुबल की प्रपंची कारगुजारियां पंची और सरपंची के चुनाव में आजमाई जाती थीं, कालेजों के छात्र संघ चुनावों और सहकारिताओं में अपनाई जाती थीं। इन दिनों वहां भी ये पहले की तुलना में कम हुई हैं। लोकसभा चुनाव में तो इस तरह की खुले खजाने निर्लज्जता के ये पहले उदाहरण हैं। कुछ महीने पहले चंडीगढ़ में यह काम अलग तरीके से किया गया था। इसीलिए यह सिर्फ सूरत भर की बात नहीं है। भारतीय प्रायद्वीप के नामचीन शायर रघुपति सहाय फ़िराक़ गोरखपुरी साहब ने एक शेर में कहा है कि ;

जिसे सूरत बताते हैं पता देती है सीरत का
इबारत देख कर जिस तरह मानी जान लेते हैं।

इस तर्ज पर कहें तो सूरत में जो हुआ वह इस देश के लोकतंत्र की आज की जो सीरत है उसका उदाहरण है। पिछले 10 वर्षों से इस देश में संविधान और संविधान सम्मत संस्थाओं के साथ जो हो रहा है उसका भयावह और विद्रूप संस्करण हैं। यह कॉरपोरेटी हिन्दुत्व द्वारा मोदी राज की दो पंचवर्षीय अवधि में तैयार किया गया आगामी भारत का सांचा है। अगर इनकी चली और इसी तरह चली तो चंडीगढ़ से बरास्ते खजुराहो सूरत तक पहुंचना, आने वाले दिनों की सीरत की बानगी भी है। यह इन 10 वर्षों में जिन कारपोरेट घरानों के लिए छप्परफाड़ मुनाफे कमवाये गए हैं उनकी छीजन के सहारे तंत्र पर कब्जा करके लोक से अपना जन प्रतिनिधि चुनने के जनता के मूलभूत अधिकार का अपहरण है। अब तक जनादेश चुराने, चुनी चुनाई सरकारों को अगवा कर भगवा बनाने, सांसदों, विधायकों, गुटों. समूहों, दलों को ईडी, सीबीआई से डरा कर, लालच प्रलोभन से लुभाकर खरीदे जाने की कार्यनीति अपनाई जा रही थी- अब उस आड़ को भी छोड़ दिया गया है; थैलियों और नौकरशाहों की दम पर सीधे सांसदी ही अपहृत की जा रही है। लूट की हिस्सेदारी में वसूली गई अकूत कमाई और उसकी तलछट के एक रूप इलेक्टोरल बांड में इकट्ठा किया हजारों करोड़ रुपया इसी तरह के दलदल पैदा कर सकता है। ये दलदल भारतीय लोकतंत्र को हमेशा के लिए डुबो देने की विनाशकारी ताकत रखता है।

**भारतीय सामाजिक ढांचे में गांवों में किनके नाम पर सर्वानुमति बनेगी इसे समझा जा सकता है। चंडीगढ़ से सूरत वाया खजुराहो इसी फार्मूले को संसद और विधानसभाओं तक ले जाने का धतकरम है। इससे पहले कि देर हो जाए, देश की लोकतंत्र हिमायती अवाम, संगठनों, दलों, व्यक्तियों को सूरत से बजे अलार्म की आवाज से खुद भी जागना होगा, बाकियों को भी जगाना होगा।**

इस दलदल तक बहला फुसला कर लाने के सारे प्रबंध पहले ही किये जा चुके हैं। चुनाव आयोग में नियुक्ति के तरीके को बदलने के पीछे का कपट सामने आ चुका है। किसी टीवी चैनल ने इस खबर के अन्दर की खबर नहीं ढूंढी, अभी तक जितने अखबार देखे हैं उनमें से किसी में भी लोकतंत्र को धर दबोच कर हलाल किये जाने के इस कारनामे पर सम्पादकीय नहीं मिला। हां, इससे उलटा जरूर हुआ है, नफ़रतियों की आईटी सैल ने इसे अबकी बार, 400 पार की यात्रा का पहला मुंडाभिषेक बताते हुए अपना श्रगाल-रोदन शुरू कर दिया है। उनमें से कुछ तो ऐसा होने की वजह से उम्मीदवारों का खर्चा बचने, कर्मचारियों के चुनाव ड्यूटी की व्याधा से बचने और चुनाव में खर्च होने वाला सरकारी पैसा बचने का महात्म्य समझाने में जुट भी गए हैं।

चंडीगढ़ से वाया खजुराहो सूरत ने बता दिया है कि सता-संरक्षित, कॉरपोरेट आश्रित ठुल्लों और गली मुहल्लों के शोहदों के चंगुल में लोकतंत्र का पहुंचा दिया जाना ही वन नेशन वन इलेक्शन का मॉडल है और उसका असली अर्थ है वन पार्टी नो इलेक्शन। उन्हें किसी भी तरह का चुनाव नहीं चाहिए। चूंकि चुनाव 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हर भारतीय को उसकी जाति, वर्ण, नस्ल. भाषा, आदमी, औरत, गरीबी, अमीरी का फर्क किये बिना बराबर के वोट का वोट का अधिकार देता है, भले एक दिन के लिए, एक ही मामले में ही सही सबको सामान बना देता है- इसलिए चुनाव नहीं चाहिए। मोदी जिस हिंदुत्व पर आधारित राष्ट्र बनाना चाहते हैं उस भूतिया तहखाने के आर्कीटेक्ट राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का साफ़-साफ़ मानना है कि लोकतंत्र मुंड गणना है जिसमें सबके मत बराबर होते हैं, इसे समाप्त कर इसके स्थान पर 'कुछ विशिष्ट और योग्य लोगों' द्वारा शासन चलाने की प्राचीन महान प्रणाली की बहाली की जानी चाहिए। यह महान प्रणाली क्या है, इसे भी उन्होंने कभी नहीं छुपाया है; इसका नाम है मनुस्मृति!! संघ के विचारकों के मुताबिक़ पंचायतों के लिए होने वाले चुनावों के चलते भारत के गांवों की वह महान और सनातन एकता बिखर गई है जिसमे गांव का 'सम्माननीय और बड़ा आदमी' जो कहता था उसे पूरा गांव मान लिया करता था। मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी ने गुजरात में इसी दिशा में कदम बढ़ाया और पंचायतों में चुनाव को हतोत्साहित करने के लिए एक विशेष प्रोत्साहन योजना शुरू की जिसमें सर्वानुमति से निर्विरोध चुनी जाने वाली पंचायतों के लिये विशेष आर्थिक पैकेज और अतिरिक्त नकद राशि दिए जाने के प्रावधान किये गए। बाद में मध्यप्रदेश सहित अनेक संघ नियंत्रित भाजपा शासित राज्यों में भी इसे लागू कर दिया गया। भारतीय सामाजिक ढांचे में गांवों में किनके नाम पर सर्वानुमति बनेगी इसे समझा जा सकता है। चंडीगढ़ से सूरत वाया खजुराहो इसी फार्मूले को संसद और विधानसभाओं तक ले जाने का धतकरम है।

इससे पहले कि देर हो जाए, देश की लोकतंत्र हिमायती अवाम, संगठनों, दलों, व्यक्तियों को सूरत से बजे अलार्म की आवाज से खुद भी जागना होगा, बाकियों को भी जगाना होगा।

# निजी स्वास्थ्य सेवा में सुधार की तत्काल आवश्यकता

■ डॉ. अभय शुक्ला

कोविड-19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर सम्बंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती।

गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं। विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है। और यह संख्या हर साल बढ़ रही है, खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीज़ों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है।

यह परिदृश्य हाल ही में जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है।

**जनहित में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के इन उपायों को एक लोक-केंद्रित सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा विकसित करने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में देखना चाहिए जो सार्वजनिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर आधारित हो और ज़रूरत पड़ने पर विनियमित निजी प्रदाताओं को भी शामिल किया जा सकता है।**

पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण

भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं। अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग-अलग होती हैं - न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग-अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है। लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए। यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हज़ारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है।

बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिज़ेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48फीसदी) में सरकारी अस्पतालों (14फीसदी) की तुलना में तीन गुना अधिक है। चिकित्सकीय रूप से सीज़ेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10-15फीसदी अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में ये कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और ज़रूरत से ज़्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी-भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा।

रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है। इनमें शामिल हैं: प्रत्येक रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्थिति और उपचार की बुनियादी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार; चिकित्सा की अपेक्षित लागत तथा उसका मदवार बिल प्राप्त करने का अधिकार; दूसरी राय लेने का अधिकार; पूरी जानकारी के आधार पर सहमति देने का अधिकार; गोपनीयता और औषधियां व नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदाता चुनने का अधिकार; और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी अस्पताल किसी भी बहाने से रोगी के शव को रोके न रखे।

भारतीय संदर्भ में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 2018 में रोगियों के अधिकारों और ज़िम्मेदारियों की एक सूची तैयार की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 में इस चार्टर का संक्षिप्त रूप और फिर 2021 में एक समग्र चार्टर सभी राज्य सरकारों को भेजा था जिसमें रोगियों के 20 अधिकारों को शामिल किया गया था। अलबत्ता, अब तक इन अधिकारों पर आधिकारिक स्तर पर कम ही ध्यान दिया गया है। संपूर्ण रोगी अधिकार चार्टर (कुछ अस्पतालों में अपनाया गया कमज़ोर संस्करण नहीं) को देश की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इससे रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों को अनुकूल वातावरण में स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा। ऐसा सुरक्षित माहौल बनाने से रोगियों और प्रदाताओं के बीच आवश्यक विश्वास को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी।

इसके अलावा, रोगियों की निजी अस्पतालों से सम्बंधित गंभीर शिकायतों के लिए न्याय सुनिश्चित करने में मेडिकल काउंसिल जैसे मौजूदा तंत्र की विफलता को देखते हुए ज़रूरी है कि जिला स्तरीय उपयोगकर्ता-अनुकूल शिकायत निवारण प्रणाली शुरू हो, जिसकी निगरानी विविध हितधारकों द्वारा हो।

जन स्वास्थ्य अभियान के घोषणापत्र में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर लगाम कसने के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा से सम्बंधित कुछ उपायों का भी उल्लेख किया गया है। इसमें विशेष रूप से व्यावसायिक निजी मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने की तत्काल आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनकी फीस सरकारी मेडिकल कॉलेजों से अधिक न हो। इसके अलावा, चिकित्सा शिक्षा का विस्तार व्यावसायिक निजी संस्थानों की बजाय सरकारी कॉलेजों पर आधारित होना चाहिए। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को स्वतंत्र, बहु-हितधारक समीक्षा और सुधार की आवश्यकता है। इस निकाय की आलोचना होती रही है कि इसमें विविध हितधारकों के प्रतिनिधित्व का अभाव है, निर्णय प्रक्रिया अत्यधिक केंद्रीकृत है और चिकित्सा शिक्षा को अधिक व्यावसायिक बनाने का रुझान है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के पुनर्गठन की भी आवश्यकता है। वर्तमान स्वरूप में यह परीक्षा कमज़ोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए घाटे का सौदा प्रतीत हो रही है और राज्यों से स्वयं की मेडिकल प्रवेश प्रक्रियाओं को निर्धारित करने की स्वायत्तता छीन रही है।

जनहित में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के इन उपायों को एक लोक-केंद्रित सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा विकसित करने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में देखना चाहिए जो सार्वजनिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर आधारित हो और ज़रूरत पड़ने पर विनियमित निजी प्रदाताओं को भी शामिल किया जा सकता है। थाईलैंड के स्वास्थ्य सेवा तंत्र जैसे सफल मॉडलों का उदाहरण लेते हुए, भारत में भी मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक अधिकार-आधारित पहुंच प्रदान की जानी चाहिए।

आज, सभी राजनीतिक दलों को इन परिवर्तनों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, जबकि एक नागरिक होने की हैसियत से हमें दृढ़तापूर्वक इनकी मांग करनी चाहिए। भारत में 2024 का विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का यही सबसे उपयुक्त तरीका होगा।

## पावन प्रसंग

# अज्ञान से मुक्ति ही मोक्ष है

मोक्ष प्राप्ति को जीवन का परम लक्ष्य माना गया है। मोक्ष को ही विभिन्न दर्शनों व शास्त्रों में कैवल्य, अपवर्ग, मुक्ति, निर्वाण. स्वरूपस्थिति, स्थितप्रज्ञता, स्वोपलाब्धि, परमपद व नि:श्रेयस आदि कहा गया है। मोक्ष आखिर है क्या? मोक्ष का अभिप्राय क्या है? मोक्ष को जीवन का परम लक्ष्य क्यों कहा गया है?

वस्तुत: मोक्ष का आशय मुक्ति से है, पर प्रश्न यह उठता है कि किसकी मुक्ति और किससे मुक्ति? और मुक्ति क्यों और कैसे? दरअसल मुक्ति शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के 'मुच' धातु से हुई है। मुच धातु का प्रयोग छूटने के अर्थ में किया जाता है। इस प्रकार मोक्ष अथवा मुक्ति का आशय छूटने से है। जीव का जन्म और मरण के बंधन से छूट जाना ही मोक्ष है। मोह का क्षय होना या छूट जाना ही मोक्ष है। यहां पर मुक्ति (मोक्ष) का अर्थ जीवात्मा का समस्त दुखों तथा बंधनों से छूटकर अपने शुद्ध स्वरूप में स्थित होने से किया गया है। सभी प्रकार के दुखों, क्लेशों तथा बंधनों से छूटकर अपने शुद्ध स्वरूप, वास्तविक स्वरूप में जाती है।

जीवात्मा के इसी वास्तविक स्वरूप में स्थिति को ऋषिवर पतंजलि ने योगसूत्र 1.3 में कहा है -तदा द्रष्टुः स्वरूपेअवस्थानम। अर्थात जब चित्त की वृत्तियों का निरोध हो जाता है, उस समय द्रष्टा (आत्मा) अपने स्वरूप में स्थित हो जाती है अर्थात वह मोक्ष, मुक्ति अथवा कैवल्य अवस्था को प्राप्त हो जाता है। इस अवस्था में जीव आत्मा से ही प्रेम करता है, आत्मा से ही खेलता है, आत्मक्रीड़ा करता है। आत्मा में ही आसक्त रहता है और आत्मा में ही परमानंद को प्राप्त करता है। उपनिषदों के अनुसार अविद्या (अज्ञान) ही बंधन का कारण है। अविद्या के कारण ही अहंकार उत्पन्न होता है और यह अहंकार ही जीव को बंधनग्रस्त कर देता है। बंधन की अवस्था में जीव को ब्रह्म, आत्मा व जगत के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान नहीं रहता फलस्वरूप जीव इंद्रिय, मन, बुद्धि अथवा शरीर से तादात्म्य करने लगता है। आत्मा-शरीर, इंद्रिय और मन से भिन्न है परंतु अज्ञान के कारण जीवात्मा स्वयं को शरीर, इंद्रिय व मन से भिन्न नहीं समझती। इसके विपरीत वह शरीर, इंद्रिय और मन को वह तादात्म्यता हासिल कर लेती है। इसे ही बंधन कहते हैं। बंधन को उपनिषद में ग्रंथि भी कहा कहा गया है। ग्रंथि का अर्थ है- बंध जाना।

मुंडक उपनिषद में अविद्या को ग्रंथि कहा गया है, जिसे खोलने पर ही आत्मा का दर्शन संभव है। बंधन की अवस्था में मानव मन में गलत धारणाएं बनने लगती हैं। इसलिए बंधनग्रस्त, अज्ञानग्रस्त, अविद्याग्रस्त व्यक्ति अनात्मकत्व को आत्मा समझने लगता है। क्षणिक वस्तु को स्थायी समझने लगता है। अप्रिय वस्तु को प्रिय समझने लगता है और उसके अनुरूप कर्म करने लगता है और दुखों की दलदल में धंसता जाता है। जैसे नीले रंग का चश्मा पहन लेने से व्यक्ति को सारा संसार ही नीला दिखाई देने लगता है वैसे ही बंधनग्रस्त, अज्ञानग्रस्त व्यक्ति को दुख-सुख प्रतीत होता है, अर्थात अवास्तविक ही वास्तविक प्रतीत होता है पर जब वह नीले रंग का चश्मा उतार लेता है और किसी पारदर्शी जश्मे से इस दुनिया को देखता है तो उसे यह दुनिया अपने वास्तविक रूप में दिखाई पड़ने लगती है।

बंधन की अवस्था में आत्मा को सांसारिक दुखों के अधीन रहना पड़ता है। बंधन की अवस्था में जीवात्मा को निरंतर जन्म ग्रहण करना पड़ता है। इस प्रकार जीवन के दुखों को सहना तथा बार-बार जन्म ग्रहण करना ही बंधन है और इस बंधन का अंत ही मोक्ष है। इस बंधन से मुक्त हो जाना ही मुक्ति है। मोक्ष दुख के पूर्ण निरोध की अवस्था है। मोक्ष को अपवर्ग भी कहा गया है। अपवर्ग का अर्थ ही है शरीर और इंद्रियों के बंधन से आत्मा का मुक्त हो जाना। मोक्ष की अवस्था में जीव अपने यथार्थस्वरूप को पहचान लेता है तथा ब्रह्म के साथ उसकी तादात्म्यता हो जाती है। इस प्रकार मोक्ष अथवा मुक्ति ब्रह्मात्मैक्य बोध है अर्थात ब्रह्म और आत्मा की एकता का, अभिन्नता का ज्ञान अथवा बोध ही मोक्ष है, मुक्ति है, कैवल्य है, निर्वाण है, स्वरूपस्थिति है, स्वोपलब्धि है। ब्रह्म और आत्मा के अभेद का ज्ञान ही भवबंधन से मुक्त होने का कारण है, जिसके द्वारा जीवात्मा अद्वितीय, आनंदस्वरूप ब्रह्मपद, परमपद को प्राप्त कर लेता है। ब्रह्म और आत्मा की अभिन्नता का बोध हो जाने पर जीवात्मा को फिर जन्म-मरण रूपी संसार चक्र में नहीं पड़ना पड़ता और वह सभी प्रकार के सांसारिक दुखों व क्लेशों से मुक्त हो जाता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### लोकसभा चुनाव में नए समीकरण बनाए

चुनाव कोई मासी का घर नही है। मतदाताओं को रिझाने के लिए उनके कार्यो को करना पड़ता है। विकास के कार्य करने पड़ते है. वाद-विवाद और बड़लतें समीकरण की यह तस्वीर साफ झलक रही है कि जो दल जनता का है, जनता के कार्यो को निपटाया है और विकास की बुलंदियों को छुआ है वे जीत के हकदार है। एक फेज का चुनाव हो गया है और दूसरे फेज का चुनाव आज होना है। लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपनी दुंदुभिया बजा दी है। अब देखना यह है कि पांच साल में क्या परिवर्तन आया है और विपक्ष कहां है। पिछले लोकसभा चुनाव में कोई टक्कर नहीं थी। 2014 से लोकसभा चुनाव का सारा गणित बदल कर रख दिया है। पहले नंबर पर रही भाजपा तीसरे टर्म में भी अपनी प्रतिष्ठा बरकरार रखते हुए जीत की भारी उम्मीद है। सतारूढ़ दल के हिसाब से इस बार का मुकाबला दो दलीय नहीं है, क्योंकि भाजपा ही 400 पार का नारा दे रही है। तमाम योजनाओं के बाद विपक्षी गठबंधन ताल ठोकने में नाकामयाब हुए हैं। सबसे बड़ा गुण कर्मठता ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की पहचान है। यह मतदान करने की पहली सीढ़ी है। इन लोगों की साफ सुथरी छवि है। ईमानदारी और ईमानदार व्यक्तित्व की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखा जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव में लोक जागरण का काम किया है। सरकार की भ्रष्टाचार विरुद्ध मुहिम से लोक जागरूकता आई है। यह पहली प्राथमिकता है। अरबों रुपए के घोटाले पिछली सरकारों में हुए है जबकि इस दस सालों में कोई भी भ्रष्टाचार का केस नहीं है। अनीति और अत्याचार के खिलाफ जनजागृति अभियान चलाने के बाद देश में काफी बदलाव देखने को मिला है। लोग साफ छवि वाले नेताओं को वोट देना पसंद करते हैं। अपने मनपसंद उम्मीदवार को जिताने युवा भी मैदान में है। इस बार महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विशेषकर युवतियों की उस मुहिम पर ज्यादा लगाव रहा है और मतदान भी किया है। जबकि युवतियों ने पहली बार मतदान किया है और आज से शुरू होने वाले लोकसभा के दूसरे फेज में महिलाओं के साथ युवतियां मतदान करेंगी। क्योंकि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विशेष मुहिम है। चुनाव में लोक जागरण का काम जोर से हुआ है। हर दल जाति धर्म पर चुनाव जीतने की जुगत में है। देश की जनता को अपने पाले में करने के लिए नित नए प्रयोग कर रहे है। हमला करना मुख्यतया राजनीति की परिपाटी बन गई है। संदेश खाली पर हुए घटनाक्रम को ममता बनर्जी पर्दा डालना चाहती थी लेकिन सीबीआई ने न्याय दिलाने की ठान ही ली। ममता राजनीतिक खिलाड़ी हैं और पश्चिम बंगाल जब जल रहा था। उस समय ममता खेल रही थीं। कई बार अशांति की खबरें अखबारों में पढ़ने को मिलती थी।

### प्रचार प्रसार में रची-पची राजनीतिक पार्टियों के दूसरे चरण का मतदान

लोकतंत्र के पवित्र उत्सव के दूसरे फेज का चुनाव आज 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर 12 सौ उम्मीदवार उतरे हैं। इनके भाग्य का फैसला आज 26 को सुरक्षित होगा। भाजपा ने दस सालों की विकास की रूपरेखा देश के समक्ष पेश कर रही है। वहीं कांग्रेस एक-दो मुद्दे पर हमलावर है। राममंदिर की सौ करोड़ जनता आभारी है। शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन सरकार की नवयुवकों के लिए आगे बढ़ने की सौगात समझी जा रही है। कश्मीर की सुलगती आग को शांत करने की कोशिश की गई है। यह सतारूढ़ भाजपा की बड़ी उपलब्धि में से एक रही है। संरक्षण को लेकर पिछली सरकारों ने ध्यान नही दिया जिसके कारण संरक्षण विभाग को सरकार ने मजबूती देकर देशहित में काम किया है। नक्सलियों को अपनी औकात बताते हुए सरकार ने आतंकवादी और नक्सलियों की हिंसा से आहत होकर नेस्तनाबूद करने के लिये तैयार है। मशीनरियों को कड़क बनाने का काम किया है। कोरोना के दौरान वैक्सिनेशन की इस बड़ी उपलब्धि के लिए भारत का बखान दुनिया ने किया है। भारत उभरती शक्ति है। पांचवी आर्थिक शक्ति की ओर बढ़ते भारत को अमेरिका की ईर्ष्या से नेताओं के दिल खट्टे हो गए हैं। अमेरिका ही दुनिया की बड़ी शक्ति के रूप में रहना चाहता है। काशी कोरिडोर और स्पेस पर विजय पताका फहराना किसी के वश में नहीं था। दुनिया ने भारत को नजदीक से निहारा है। जीरो बम्ब ब्लास्ट कश्मीर में शांति स्थापित कर पाकिस्तान को बता दिया कि भारत किसी से कम नहीं है। रेलवे में सौ प्रतिशत बिजलीकरण और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत ने दूसरा दर्जा प्राप्त कर लिया है। हर घर नल योजना और आयुष्मान भारत योजना के तहत बीमा योजना ही नहीं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए चारधाम योजना की विषय पर योजनाओं का लाभ जनता उठा रही है। विपक्ष ने हर समय सतारूढ़ सरकार पर हमला बोलकर कहा है कि सतारूढ़ सरकार देश बेचने निकली है। मतदाता ही निर्णय कर सकते हैं। सुरक्षित जीवन और बच्चों के भविष्य की चिंता हर माता-पिता को होती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## जॉर्डन में दस सितंबर को होंगे संसदीय चुनाव

**अम्मान,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जॉर्डन में संसदीय चुनाव दस सितंबर को होंगे। स्वतंत्र चुनाव आयोग ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकारी अल मामलक टीवी ने बताया कि आयोग ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के सभी चरणों की समय सारिणी अगले सप्ताह की शुरुआत में घोषित की जाएगी। जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय ने दिन की शुरुआत में चुनाव कानून के प्रावधानों के अनुसार संसदीय चुनाव कराने का आदेश दिया। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोग का भी दौरा किया। आयोग के अनुसार, पचास लाख से अधिक पात्र मतदाता हैं, जबकि 1,600 मतदान केंद्र नामित किए गए हैं और 19 मुख्य चुनाव समितियों का चयन किया गया है।

# आतंकवाद से लड़ने में दोहरे मानदंड न अपनाएं : अजीत डोभाल

**मास्को**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। रूस पहुंचे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने अपने रूसी समकक्ष निकोलाई पात्रुशेव के साथ द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। डोभाल और

■ **द्विपक्षीय सहयोग के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा**

पात्रुशेव के बीच इस महीने हुई यह दूसरी मुलाकात है। दोनों शीर्ष अधिकारियों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के साथ ही आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

पात्रुशेव रूस की शक्तिशाली सुरक्षा परिषद के सचिव भी हैं। सेंट पीटर्सबर्ग शहर में उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक से इतर हुई दोनों शीर्ष अधिकारियों की यह मुलाकात हुई है। यह जानकारी भारत के मास्को स्थित दूतावास ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स के जरिए दी है। मुलाकात के दौरान भारतीय एनएसए ने मास्को के नजदीक स्थित क्राकस सिटी हाल में 22 मार्च को हुए बर्बर आतंकी हमले की निंदा की।



**आतंक के साथ मजबूती से लड़कर उसे परास्त किया जाना चाहिए : डोभाल**

उन्होंने कहा, आतंक के राक्षस से लड़ने में दोहरे मानदंड नहीं अपनाए जाने चाहिए। आतंक के साथ मजबूती से लड़कर उसे परास्त किया जाना चाहिए। इससे पहले कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में डोभाल ने सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर साजिशकर्ताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता जताई थी। बुधवार को पात्रुशेव ने ब्रिक्स देशों के एनएसए की बैठक की मेजबानी की और सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस बैठक में आतंकवाद से लड़ने में सहयोग को बढ़ाने और सीमा क्षेत्र में आतंकी वारदातों की रोकथाम के लिए समन्वित योजना बनाने पर बल दिया गया। इस बैठक में पाकिस्तान के भी शीर्ष अधिकारी शामिल थे। इसके अतिरिक्त डोभाल ने म्यांमार के एनएसए एडमिरल मोए आंग से उनके देश की स्थिति पर बात की ।

## अमेरिकी व इजराइली जहाजों को निशाना बनाया : हौथी

**सना,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। यमन के हौथी समूह ने अदन की खाड़ी में दो अमेरिकी जहाजों और हिंद महासागर में एक इजराइली जहाज को निशाना बनाकर किए गए तीन हमलों की जिम्मेदारी ली है।

हौथी के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने बुधवार को एक बयान में कहा कि गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में और हमारे देश (यमन) के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता के जवाब में, हमारे नौसैनिक बलों ने कई उपयुक्त नौसैनिक मिसाइलों के साथ अदन की खाड़ी में अमेरिकी जहाज को निशाना बनाया और हमला सटीक था।

प्रवक्ता ने हमलों की तारीख बताए बिना कहा कि हमने बम से लैस ड्रोनों का उपयोग करके अन्य दो सैन्य अभियानों को भी अंजाम दिया। जिनमें से एक ने कई ड्रोनों के साथ अदन की खाड़ी में एक अमेरिकी युद्धपोत को निशाना बनाया और दूसरे ऑपरेशन में कई ड्रोनों के साथ हिंद महासागर में इजरायली जहाज को निशाना बनाया। दोनों ऑपरेशनों ने अपने लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किए। उन्होंने कहा कि हम पुष्टि करते हैं कि हम इजराइली जहाजों या इजराइल की ओर जाने वाले किसी भी जहाज को लाल सागर, अरब सागर और हिंद महासागर में जाने से तब तक रोकना जारी रखेंगे जब तक कि गाजा में फिलिस्तीनी लोगों पर इजरायली आक्रामकता बंद नहीं हो जाती और घेराबंदी नहीं हटा ली जाती। प्रवक्ता ने शपथ ली की उनका समूह आने वाले दिनों में और अधिक कार्रवाई करेगा। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले दिन में यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने अदन की खाड़ी में एक जहाज के पास विस्फोट की सूचना दी थी।



**हमने बम से लैस ड्रोनों का उपयोग करके अन्य दो सैन्य अभियानों को भी अंजाम दिया : याह्या सारेया**

## सुडोकू 6536


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | | | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | 5 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | 3 | |
| 4 | | | 8 | | 3 | | | 7 |
| | 9 | | | | 6 | | 4 | |
| | 3 | 5 | | | | | 7 | |
| | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | | | | 6 | 1 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6536




**बायें से दायें:-**

१. कूटनीतिज्ञ
४. जंगल की पैदावार
६. घर
७. दौड़ने वाला धोबी, दूत
८. वेश्या
१०. जोड़ने वाला, संधि, मेल
११. गुत्थी, फंसाव, सोच, चिंता, कठिनाई
१२. लड्डू
१४. घूस, रिश्वत
१५. नुकसान के बदले दी जाने वाली रकम, क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१७. दृष्टि, निगाह (उर्दू)
१९. दूर तक फैली हुई ऊंची और चौरस जमीन
२१. कमल
२२. अनुभवी, कुशल विद्वान
२४. सूर्यपुत्री

**ऊपर से नीचे:-**

१. शासन, केंद्र
२. मनुष्य की खोपड़ी
३. ब्रह्मा, पद्मासन
४. जंगलों में रहना
५. बांस की तीलियों और कागज से बना एक खिलौना, जिसे तागे के द्वारा आकाश में उड़ाया जाता है
९. नाटक करने या लिखने वाला
११. कर्ज या ऋण
१२. पहाड़ आदि से गिरने वाली जलधारा, निर्झर
१३. बंधन, कष्ट आदि से छुड़ाना
१४. विलंब न सह सकने वाली इच्छा, प्रिय से मिलने की इच्छा
१५. सहयात्री (उर्दू)
१६. पशु, प्राणी (उर्दू)
१८. अवश्य (उर्दू)
१९. पढ़ा हुआ
२०. चलन, तौर-तरीका
२३. निपुण, कुशल

### वर्ग पहेली-6535



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 26 अप्रैल, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - आज आप आध्यात्मिक विचारों में ज्यादा रुचि लेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं की तरफ विशेष आकर्षण होगा। गहरे चिंतन- मनन से अलौकिक अनुभूति होगी। वाणी पर संयम रखने से बहुत-सी गलतफहमियों से बच सकेंगे।

वृषभ - आज आपको दांपत्यजीवन का विशेष आनंद मिलेगा। आप सपरिवार किसी सामाजिक स्थान पर घूमने जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन करने का अवसर आएगा।

मिथुन - कार्य सफलता और यश-कीर्ति प्राप्त करने के लिए आज का दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं।

कर्क - आज का दिन शांत रहकर गुजारने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको बेचैन करेंगी। आकस्मिक खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद के कारण मनमुटाव होंगे।

सिंह - नकारात्मक विचार हताशा पैदा करेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता अनुभव करेंगे। घर में किसी से विवाद हो सकता है। माता-पिता के साथ मतभेद होगा। स्वास्थ्य खराब होगा।

कन्या - आज किसी भी काम की नई शुरुआत कर सकते हैं। आपको काम में सफलता मिलेगी। आप विरोधियों को भी परास्त कर सकेंगे। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे। आर्थिक लाभ भी होगा।

तुला - अपना जिद्दी व्यवहार छोड़कर काम करें। आपकी अनियंत्रित वाणी किसी से मनमुटाव हो सकता है। दुविधा में फंसा मन आपको किसी ठोस निर्णय पर नहीं आने देगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना उचित होगा।

वृश्चिक - तन-मन से खुश और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन, यात्रा या मुलाकात का अवसर आएगा। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। आर्थिक लाभ होगा। शुभ अवसर पर बाहर जाना होगा।

धनु - आज का दिन आपके लिए थोड़ा कष्टदायक रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ बहसबाजी से मन दु:खी रहेगा। परिणाम स्वरूप आप मानसिक रूप से भी परेशान रहेंगे। क्रोध पर अंकुश रखें।

मकर - नौकरी- धंधे और व्यापार के क्षेत्र में आज का दिन लाभदायक रहेगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ घूमने जाएंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मित्रों और पुत्र से लाभ होगा।

कुंभ - आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे होंगे। इससे आपको खुशी मिलेगी। नौकरी-व्यवसाय में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। काम में सफलता मिलेगी। गृहस्थ जीवन में आनंद रहेगा। धन प्राप्ति और पदोन्नति के योग हैं।

मीन - नकारात्मक विचार आप पर हावी न हो, इसका ख्याल रखें। मानसिक अस्वस्थता से परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों के साथ सावधानीपूर्वक काम करें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1865- अमेरिकी सेना के सैनिकों ने कॉर्नियर और फेटली में जॉन विल्क्स बूथ, अमेरिकी राष्टपति अब्राहम लिंकन के हत्यारे को गोली मार दी।
1890- लंदन में हेनरी मॉर्टन स्टेनली का उद्घाटन किया गया।
1903- एटलेटिको मैड्रिड, स्पेन के पेशेवर फुटबॉल क्लब के रूप में प्रसिद्ध हुआ।
1920- प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का चेन्नई में निधन।
1933- गेस्टापो (एसएस प्रतीक चित्र), नाजी जर्मनी में आधिकारिक गुप्त पुलिसबल की स्थापना की गई थी।
1937- स्पेनिश सिविल वॉर-द बॉम्बिंग ऑफ़ गर्निका द कॉन्डर लेगिओनॉफ़ द्वारा जर्मन लूफ़्टवाफे ने एक विनाशकारी आग्नेयास्त्र उत्पन्न किया जिससे विनाश और असैन्य मौतें हुईं और पाब्लोइकसो के सबसे प्रसिद्ध चित्रों में से एक प्रेरित हुआ।
1942-चीन में मंचूरिया के होन्केको में कोयला खदान में धमाके से 1,549 लोगों की मौत।
1945- द्वितीय विश्व युद्ध- जर्मन और पोलिश-सोवियत दोनों पक्षों ने जीत का दावा किया क्योंकि बॉटलन की लड़ाई में प्रमुख लड़ाई समाप्त हो गई।
1946 -अमेरिका के इलिनोइस के नैपेरविले में दो यात्री गाड़ियों में टक्कर हो गई, जिसमें 45 लोग मारे गए और लगभग 125 लोग घायल हो गए।
1955- 583 प्रदर्शनों के बाद जिस्मफेल्ड थियेटर न्यूयॉर्क सिटी में किस्मत बंद हो गई।
1964 तंजानिका और ज़ांज़ीबार विलय के साथ तंजानिया में जूलियस नायरेरे के साथ इसके पहले अध्यक्ष बने।
1966- 7.5 तीव्रता वाले भूकंप से उज्बेकिस्तान का ताशकंद शहर पूरी तरह तहस नहस हो गया।

## 11 आईएस इराक मे आतंकवादियों को दी फांसी

**बगदाद,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। इराकी अधिकारियों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह का सदस्य होने के आरोप में 11 दोषियों को फांसी दे दी।



एक सुरक्षा सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी।

जेल के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर 'शिन्हुआ' को बताया कि इराकी राजधानी बगदाद से लगभग 350 किलोमीटर दक्षिण में नासिरिया शहर में नासिरियाह सेंट्रल जेल में मंगलवार को 11 दोषियों को फांसी दे दी गई। सूत्र ने कहा कि इराकी न्याय मंत्रालय की एक टीम ने इराकी राष्ट्रपति के अनुसमर्थन सहित सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद मौत की सजा के कार्यान्वयन की निगरानी की। वर्ष 2017 के अंत में इराकी बलों द्वारा इराक में आईएस को हराने के बाद सैकड़ों आईएस समर्थक मारे गए या पकड़े गए, जबकि कई अन्य अभी भी इराक या विदेश में बड़े पैमाने पर छिपे हुए हैं। इराक में मृत्युदंड को 10 जून 2003 को निलंबित कर दिया गया था।

## कंबोडिया मलेरिया मुक्त लक्ष्य हासिल करने के राह पर अग्रसर : मानेट

**नोम पेन्ह,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। कंबोडिया प्रधानमंत्री हुन मानेट ने गुरुवार को कहा कि देश 2025 तक मलेरिया मुक्त लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। मानेट ने राष्ट्रीय मलेरिया दिवस पर अपने एक संदेश में कहा हालांकि मलेरिया अभी भी जीवन को प्रभावित कर रहा है और इससे उत्पादकता को गंभीर नुकसान, सार्वजनिक स्वास्थ्य और दुनिया तथा कंबोडिया की सामाजिक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि देश 2025 तक मलेरिया मुक्त लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कंबोडिया में 2023 में मलेरिया के केवल 1,384 मामले दर्ज किए गए और 2018 के बाद से मलेरिया से कोई मौत नहीं हुई है। पूरे देश में शांति, राजनीतिक स्थिरता के संदर्भ में हम 2025 तक मलेरिया को ख़त्म करने की कगार पर पहुंच रहे हैं।



■ **2018 के बाद से मलेरिया से कोई मौत नहीं हुई**

## जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति ने कैबिनेट में किया फेरबदल

**हरारे,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। एमर्सन मनांगाग्वा ने अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। राष्ट्रपति और कैबिनेट के मुख्य सचिव मार्टिन रशवेया ने कैबिनेट फेरबदल की घोषणा की और कहा कि पुनर्नियुक्ति और नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। म्नांगाग्वा ने विंस्टन चिटांडो को लोक निर्माण मंत्रालय से हटाते हुए उन्हें खान और खनन विकास मंत्रालय के प्रमुख के रूप में फिर से नियुक्त किया और उनकी जगह पर राष्ट्रीय आवास और सामाजिक सुविधाओं के पूर्व मंत्री डैनियल गार्वे को नियुक्त किया गया है।

## एक सौ 12 मेडिकल स्नातकों को भारतीय सशस्त्र बलों में कमीशन

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पुणे स्थित सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को कमीशन प्रदान कर गुरुवार को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल किया गया।



कॉलेज के 58वें बैच के कैडेटों ने परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन किया। इस बैच में दूसरे देशों के पांच कैडेट भी शामिल थे। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में नियुक्त 112 कैडेटों में से 87 जेंटलमैन कैडेट हैं और पच्चीस महिला कैडेट हैं। इनमें से 88 को सेना में, 10 को नौसेना में और 14 को वायु सेना में नियुक्त किया गया है। इस वर्ष 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पद' फ्लाइंग ऑफिसर आयुष जयसवाल को और 'कलिंगा ट्रॉफी' सर्जन सब लेफ्टिनेंट बानी कौर को प्रदान की गई।

इस अवसर पर शानदार पासिंग आउट परेड का भी आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक एवं सेना चिकित्सा कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने नवनियुक्त अधिकारियों को बधाई देते हुए उन्हें समर्पण के साथ देश और सशस्त्र बलों की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलें सौंपी : पेंटागन

**वाशिंगटन**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पेंटागन ने बताया कि अमेरिका ने डिलीवरी पर गुप्त हस्ताक्षर मिलने के बाद यूक्रेन को एक नई लंबी दूरी की मिसाइल प्रणाली भेजी। हथियार मार्च में अमेरिका द्वारा यूक्रेन के लिए घोषित आपातकालीन सैन्य पैकेज का हिस्सा थे, लेकिन उनके अनुरोध पर यूक्रेन के लिए परिचालन सुरक्षा बनाए रखने के लिए उन्हें स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध नहीं किया गया था। पेंटागन ने बुधवार को कहा कि रूस द्वारा उत्तर कोरिया से बैलिस्टिक मिसाइलें खरीदने और उन्हें यूक्रेन के खिलाफ इस्तेमाल करने के बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी टीम को डिलीवरी करने का निर्देश दिया था।

एटीएसीएमएस के नाम से जाना जाने वाला आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम यूक्रेन को कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में कहीं भी रूस को सुरक्षित पनाहगाह देने से इनकार करने में यूक्रेन की मदद करेगा। कई अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स ने अमेरिकी सरकार के अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि मिसाइलें पिछले हफ्ते आई और पहले ही इस्तेमाल की जा चुकी हैं।

## चीन ने बैलिस्टिक मिसाइलें स्थापित करने के अमेरिकी फैसले पर जताया विरोध

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें स्थापित करने के अमेरिकी फैसले पर विरोध जताया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने आज बताया कि इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी सेना प्रशांत के प्रवक्ता के माध्यम से पता चला है कि अमेरिका इस साल के अंत तक एशिया-प्रशांत में एक मध्यम दूरी की मिसाइल प्रणाली स्थापित करने वाला है। कियान ने संवाददाताओं से कहा कि हम एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी मध्यवर्ती दूरी की मिसाइलों को स्थापित करने का कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के इस फैसले से एशिया-प्रशांत क्षेत्र की शांति भंग होगी।

**नाराजगी** | दुनियाभर के विवि में इजराइल-गाजा संघर्ष को लेकर विरोध प्रदर्शन

# इजराइल ने की फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन की निंदा

**लॉस एंजिल्स, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। इजराइल और फिलीस्तीन के चरमपंथी आतंकवादी संगठन हमास के बीच लंबे समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अधिकतर देशों के विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। अलजजीरा की रिपोर्टों के अनुसार फ्रांस, अमेरिका के कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय (यूसिड), मिशिगन विश्वविद्यालय, टेक्सास विश्वविद्यालय सहित अन्य देशों के विद्यार्थियों ने इजराइली हमले के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया है।**

जिससे विद्यार्थियों की बड़े पैमाने पर गिरफ्तारी हुई है। लॉस एंजिल्स के पुलिस विभाग (एलएपीडी) ने दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में गाजा पर इजरायल के हमले के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने वाले 94 लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की। एलएपीडी कैप्टन केली मुनिज़ के हवाले से बताया गया कि 93 लोगों को अतिचार के उल्लंघन पर गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य गिरफ्तारी धारदार हथियार से हमला करने के मामले में हुई है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में फिलिस्तीन समर्थक विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन की कड़ी निंदा की और कहा कि प्रदर्शनों को रोकना होगा। इसके अलावा कोलंबिया विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बुधवार को हाउस स्पीकर माइक जॉनसन का घेराव किया। छात्रों ने श्री जॉनसन को घेराव उस समय किया जब वह गाजा में इजरायली हमले पर राष्ट्रव्यापी छात्र प्रदर्शनों के केंद्र का दौरा कर रहे थे। ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया। प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों ने फ़िलिस्तीनी नागरिकों पर इज़राइली हमलों पर लगाम लगाने के लिए अमेरिकी सरकार पर दबाव बनाने की मांग की है। अधिकारियों ने कहा कि टेक्सास विश्वविद्यालय के शिविरों में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजरायल-फिलीस्तीन के संघर्ष के दौरान अब तक करीब 34,262 लोग मारे गए।



**93 लोगों को अतिचार के उल्लंघन पर किया गिरफ्तार**

## दुनिया को जानें

### डायबिटीज के खतरे को बढ़ा सकते हैं फूड इमल्सीफायर : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। विशेषज्ञों ने कहा है कि आइसक्रीम, कुकीज, दही और मेयोनेज में स्वाद बढ़ा देने वाले जैंथम गम और ग्वार गम जैसे इमल्सीफायर डायबिटीज के खतरे को बढ़ा सकते हैं। लंबे समय से सीमित स्तर पर सुरक्षित माने जाने वाले ये फूड एडिटिव अब स्तन और प्रोस्टेट के कैंसर जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों के लिए जोखिम कारक के रूप में उभर रहे हैं।

'द लांसेट डायबिटीज एंड एंडोक्राइनोलॉजी' जर्नल में छपे 14 साल लंबे फ्रांसीसी अध्ययन से पता चला है कि आमतौर पर इमल्सीफायर टाइप 2 डायबिटीज के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। अध्ययन के अनुसार मधुमेह के खतरे को बढ़ाने वाले इमल्सीफायर में कैरेजेनन (प्रति दिन 100 मिलीग्राम की वृद्धि पर 3 प्रतिशत जोखिम), ट्रिपोटेशियम फॉस्फेट (प्रति दिन 500 मिलीग्राम की वृद्धि पर 15 प्रतिशत जोखिम) शामिल हैं। साथ ही फैटी एसिड के मोनो और डाइएसिटाइल टार्टरिक एसिड एस्टर (प्रति दिन 100 मिलीग्राम पर 4 प्रतिशत जोखिम) शामिल हैं।

# प्रादेशिकी

## उत्तराखंड में भी सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान

**देहरादून।** मौसम विभाग ने इस वर्ष मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह के अनुसार इसकी संभावनाएं साठ फीसदी से अधिक हैं, इसलिए सभी विभागों को इसे ध्यान में रखते हुए अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भी सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान है। गुरुवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यूएसडीएमए की ओर से मानसून की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में डॉ. बिक्रम सिंह ने कहा कि मौसम विभाग मौसम संबंधी जानकारियों को लेकर लगातार एलर्ट भेजता है।

# कांग्रेस ने आजादी के समय से ही तेलंगाना के साथ किया विश्वाघात : धामी

### चुनाव प्रचार के लिए तेलंगाना पहुंचे मुख्यमंत्री

**देहरादून,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तेलंगाना में 13 मई को चुनाव होना है। उससे पहले राजनीतिक दलों ने यहां चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी गुरुवार 25 अप्रैल को तेलंगाना के निज़ामाबाद जिले में पहुंचे, जहां सीएम धामी ने निज़ामाबाद से बीजेपी प्रत्याशी अरविंद धर्मपुरी के लिए जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा।

■ उत्तराखंड सरकार ने धर्मांतरण के खिलाफ भी सख्त कदम उठाया



निज़ामाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड में उनकी सरकार ने लैंड जिहाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, वहां पर बीजेपी सरकार ने करीब पांच एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। इतना ही नहीं उत्तराखंड में बीजेपी सरकार दंगा विरोध कानून भी लेकर आई है, जिसके तहत अब मुआवजे और नुकसान की भरपाई दंगा भड़काने वालों से ही की जाएगी। इतना ही नहीं सीएम धामी ने अपने संबोधन में उत्तराखंड धर्मांतरण विरोधी कानून का भी जिक्र किया। सीएम धामी ने कहा ने उनकी सरकार ने उत्तराखंड में धर्मांतरण के खिलाफ भी सख्त कदम उठाया है। ऐसे कई काम उत्तराखंड में बीजेपी सरकार ने किए है। सीएम धामी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार भारत को सशक्त और विकसित बनने की दिशा में संकल्पित होकर काम कर रही है, जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस और बीआरएस के नेता तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और जनता को लूटने वालों के प्रतिनिधि है।

सीएम धामी ने कहा कि कांग्रेस ने तो आजादी के समय से ही तेलंगाना के साथ बहुत बड़ा विश्वाघात किया है। एक तरफ सत्ता में बैठी कांग्रेस है, जिसने हमेशा से ही देश के अंदर भ्रष्टाचार को जनने का काम किया है। यदि दूसरे शब्दों में कहा जाए तो देश में भ्रष्टाचार की जनती कोई है तो वो कांग्रेस है।

## देश को मिले 99 नए आईएफए अफसर

**देहरादून,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून से आज भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 99 अधिकारी पास आउट हुए। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी शिरकत की। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पास आउट हुए इण्डियन फॉरेस्ट सर्विस के अधिकारियों को संबोधित भी किया। 99 पास आउट होने वाली अधिकारियों में तीन उत्तराखंड के हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून के साल 2022-24 के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के बाद पास आउट हुए अधिकारियों को प्रमाण पत्र और अवॉर्ड प्रदान किए। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि जंगलों के महत्व को आज समाज भूलता जा रहा है, लेकिन लोगों को याद होना चाहिए की जंगल जीवन देता है। जंगल केवल संसाधनों का भंडार नहीं, बल्कि परिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो मनुष्य के जीवन च्रक में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यहां पास आउट होने वाले भारतीय वन सेवा के अधिकारियों पर प्रकृति के संरक्षण का दायित्व है। उन्हें उम्मीद है कि सभी अधिकारी इस दायित्व वो अच्छी तरह निभाएंगे। विकास और संरक्षण के बीच अच्छा तालमेल बैठाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा विकास के मानकों का मूल्यांकन करना होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्राकृतिक संरक्षण में एआई के तकनीक के समावेश पर भी जोर दिया है।

# बाजपुर मंडी का मार्केटिंग इस्पेक्टर 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**देहरादून,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मण्डी परिसर बाजपुर ऊधमसिंहनगर में तैनात मंडी के मार्केटिंग इस्पेक्टर को हल्द्वानी सेक्टर की विजिलेंस टीम ने 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजिलेंस टीम आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। निदेशक सतर्कता डा. वी. मुरूगेशन से रिश्वतखोर मार्केटिंग इस्पेक्टर को गिरफ्तार करने वाली विजिलेंस टीम को नगद पुरूस्कार देते की घोषणा की। गुरुवार को पुलिस उपाधीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान, हल्द्वानी सेक्टर नैनीताल अनिल सिंह मनराल तथा निरीक्षक हेम चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में विजिलेंस टीम ने

■ वरिष्ठ विपणन अधिकारी के कार्यालय में ले रहा था रिश्वत

शिकायतकर्ता की शिकायत पर कार्यालय वरिष्ठ विपणन अधिकारी खाद्य विभाग मण्डी परिसर बाजपुर जनपद ऊधमसिंहनगर के विपणन अधिकारी मोहन सिंह टोलिया के उनके कार्यालय से 50 हजार रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान में शिकायत की थी कि उनकी बन्नाखेड़ा में राईस मिल है जिसमें सरकारी धान को लेकर उसका चावल बनाकर सरकार को दिया जाता है जिसमें सरकार उनको कुटाई, ढुलाई, सफाई आदि के पैसे देती है। केन्द्र में तैनात मोहन सिंह टोलिया विपणन अधिकारी उनसे 19.50 रूपये प्रति कुन्टल की दर से घूस मांग रहे हैं। उसने कहा कि वह रिश्वत नहीं देना चाहता है। उसके आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई चाहता है। शिकायत पर पुलिस उपाधीक्षक अनिल सिंह मनराल ने शिकायतकर्ता के शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच



कराने पर तथ्य सही पाये जाने पर निरीक्षक हेम चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए आज विपणन अधिकारी मोहन सिंह टोलिया पुत्र बाल सिंह टोलिया निवासी केयर ऑफ कृष्ण कुमार संजय कालोनी मण्डी बाजपुर जिला ऊधमसिंहनगर को 50 हजार रूपये की रिश् वत लेते हुये कार्यालय वरिष्ठ विपणन अधिकारी, खाद्य विभाग बाजपुर ऊधमसिंहनगर से रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। इस प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अनुसंधान किया जायेगा। निदेशक सतर्कता डा. वी. मुरूगेशन ने ट्रैप टीम को नगद पुरूष्कार से पुरूष्कृत करने की घोषणा की गयी है।

## सार संक्षेप

### नौकर को शराब पीने से रोका तो मालिक के 13 महीने के मासूम का रेता गला

काशीपुर। उधमसिंह नगर जिले के काशीपुर में बीते दिनों 21 अप्रैल को 13 महीने के बच्चे का गला रेतकर बेहरमी से हत्या करने का प्रयास किया गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है, जिसका पुलिस ने अब खुलासा किया है। काशीपुर सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि यूपी के सहारनपुर जिले का रहने वाला नदीम काशीपुर में मेले में जूस की दुकान लगाता है। नदीम के पास ही उसके गांव का आशू भी काम करता है। 21 अप्रैल की शाम को आशू, नदीम के 13 महीने के बेटे को घुमाने के बहाने ले गया था, लेकिन देर रात भी वापस नहीं आया था। नदीम को अपने बच्चे की चिंता हुई तो उसने आशू को फोन किया। आशू ने फोन पर कहा कि वो थोड़ी देर में आ रहे हैं, लेकिन फोन करने के काफी देर बाद भी जब आशू नहीं आया तो नदीम को कुछ अनहोनी की आशंका हुई और उसने तीन बजे मेले थाने में अपने तेरह माह के बच्चे के संबंध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अभय सिंह ने इस मामले का गंभीरता से लिया और सीओ आनुशा बड़ोला के निर्देशन में पुलिस टीम का गठन कर तत्काल बच्चे की तलाश शुरू की। पुलिस ने कुछ ही देर में आरोपी आशू को गिरफ्तार कर लिया।

### परमार्थ निकेतन में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**ऋषिकेश।** लक्ष्मण झूला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले परमार्थ निकेतन में एक कर्मचारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। बताया जा रहा है कि कर्मचारी पिछले करीब 20 साल से परमार्थ निकेतन में अपनी सेवाएं दे रहा था। वहीं, घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। मिली जानकारी के मुताबिक 40 वर्षीय लक्की सिंह परमार्थ निकेतन में पिछले 20 साल से अपनी सेवाएं दे रहा था। बीती रात लक्की सिंह परमार्थ निकेतन परिसर के बैक साइड में बने फैमिली क्वार्टर में अपने परिवार के साथ सोने चला गया। लक्की सिंह की पत्नी और दो बेटे अलग कमरे में सो रहे थे, जबकि लक्की सिंह दूसरे कमरे में अकेला सो रहा था। जिसके बाद सुबह पत्नी ने लक्की सिंह का दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा नहीं खुला। अनहोनी की आशंका के चलते आश्रम के अन्य लोगों ने मिलकर दरवाजा तोड़ा, तो लक्की सिंह का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। आनन फानन में कर्मचारियों ने लक्की सिंह को उपचार के लिए एम्स पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में लक्ष्मण झूला थाना प्रभारी रवि सैनी ने बताया कि पुलिस ने परमार्थ निकेतन में एक कर्मचारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है।

### सुडोकू 6536 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 4 |

# किसानों की आय दोगुनी तो नहीं हुई पर भाजपा ने दबाई एमएसपी की मांग : चंद्र कुमार

**शिमला,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने कहा है कि पिछले दस वर्षों से केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में जुमलों की सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों से उनकी आय को दोगुना करने का वादा किया था लेकिन यह बात जुमला सिद्ध हो चुकी है। भाजपा ने किसानों की आय को दोगुना करना तो दूर, बल्कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क़ानून बनाने की मांग कर रहे किसानों की आवाज़ को बलपूर्वक कुचलने का प्रयास किया और आंदोलन कर रहे 50 से अधिक किसानों की हत्या की गई। चौधरी चंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार ने गाय के दूध में 13 रुपए की ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य 45 रुपए कर दिया है, जबकि भैंस के दूध का ख़रीद मूल्य बढ़ाकर 55 रुपए प्रति लीटर किया गया है। उन्होंने कहा कि दूध की ख़रीद पर



किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल प्रदेश पहला राज्य बना है। इसके साथ

■ दूध पर एमएसपी देने वाला देश का पहला राज्य बना हिमाचल

ही मनरेगा मज़दूरी में 60 रुपए की ऐतिहासिक बढ़ौतरी की तथा प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रुपए तथा मक्की का रेट 30 रुपए तय किया गया है। उन्होंने कहा कि पशु पालकों की आय को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार जिला कांगड़ा के ढगवार में 1 लाख 50 हजार लीटर प्रतिदिन की क्षमता का दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित कर रही है, जिसकी क्षमता 3 लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाई जा सकती है। यह संयंत्र पूरी तरह से स्वचालित होगा जिस पर 226 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं की समस्या को देखते हुए वर्तमान राज्य सरकार ने निजी गौ-सदनों में आश्रित गौवंश के लिए दिए जाने वाले अनुदान 700 रुपए को बढ़ाकर 1200 किया गया है। चौधरी चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के निरंतर प्रयास कर रही है, क्योंकि गाँव को आत्मनिर्भर बनाकर ही प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह वर्तमान राज्य सरकार की इच्छाशक्ति का प्रतीक है कि कृषि को स्वरोज़गार के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़कर किसानों की आय को बढ़ाना का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों पर भाजपा का भारी दबाव : जगत सिंह नेगी

**शिमला,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायको पर भाजपा का भारी दबाव है। इसी दबाव के चलते उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को अपना त्यागपत्र दिया है। उनके त्यागपत्र अभी भी विधानसभा अध्यक्ष के पास लंवित है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के पास यह शक्ति है कि वह किसी के भी त्यागपत्र की पूरी जांच करें कि क्या वह स्वेछा से दिया गया है या किसी दबाव में। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के पास इसे स्वीकार या अस्वीकार करने का भी पूरा अधिकार है। आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए जगत सिंह नेगी ने कहा कि निर्दलीय विधायको को जिस प्रकार से केंद्र की भाजपा सरकार ने सुरक्षा दे रखी थी उससे भी साफ है कि उन पर कोई दबाव है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में यह पहला मामला है जहां निर्दलीय विधायकों ने त्यागपत्र दिया हो और अपने त्यागपत्र स्वीकार करवाने के लिये उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहें हो। उन्होंने कहा कि चूंकि अभी इन निर्दलीय विधायको पर विधानसभा अध्यक्ष का फैसला आना बाकी है,इसी बीच इन तीन विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। जगत सिंह

■ देश के इतिहास में यह पहला मामला है जहां निर्दलीय विधायकों ने त्यागपत्र दिया हो

नेगी ने कहा कि उन्होंने अब इस मामले को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष चुनौती दी है कि निर्दलीय विधायक किसी भी अन्य दल में शामिल नही हो सकते इसलिए इन्हें भी अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के छह बागी नेता अब दागी के नाम से जाने जाएंगे। उन्होंने कहा कि कानून के तहत इन विधायकों की सदस्यता खत्म हुई है,इसके लिए वह स्वम् दोषी है।

# तरसेम सिंह हत्याकांड का आरोपी सर्वजीत सिंह भगौड़ा घोषित

अमरनाथ तिवारी

**खटीमा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ऊधम सिंह नगर जिले के नानकमत्ता में 28 मार्च को डेरा कारसेवा प्रमुख तरसेम सिंह की हत्या करने के आरोपी एक लाख के इनामी शूटर सर्वजीत सिंह को भगोड़ा करार दे दिया गया।खटीमा के सिविल जज अमित भट्ट की तरफ से भगोड़ा घोषित करने की कार्रवाई करने के बाद उत्तराखंड कीउत्तराखंड पुलिस करीब तीन घंटे तक गांव में रही। गांव के विभिन्न चौक-चौराहों पर भी सर्वजीत के भगोड़ा होने के पोस्टर लगाए गए हैं। तरनतारन के डीएसपी तरसेम मसीह ने बताया कि सर्वजीत के भगोड़े होने बाबत गांव में मुनादी भी कारवाई गई है। बता दें कि सर्वजीत सिंह गैंगस्टरों की सूची में आता है। 12 वर्ष पहले अपराध की दुनिया से जुड़े सर्वजीत ने दो वर्ष पहले भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरजीत सिंह संधू पर भी जानलेवा हमला किया था। आरोपी के विरुद्ध नशा तस्करी का केस भी दर्ज है।



पुलिस ने तरनतारन जिले के गांव मियांविंड में पहुंचकर आरोपी के घर पर पोस्टर भी लगा दिए

# कांग्रेस का राजनीतिक एजेंडा, जनता की संपत्ति हड़पना : रणधीर

**शिमला,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी मीडिया विभाग प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस गठबंधन द्वारा जारी घोषणापत्र जहाँ अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति पर आधारित है वहीं इस घोषणापत्र में कॉम्युनिस्ट और माओवाद की झलक भी दिख रही है। कांग्रेस के घोषणापत्र में जातिगत सर्वेक्षण, जातिगत गणना और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की भी बात की गई और घोषणा पत्र में उन्होंने कहा है कि इस सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर हम इस देश के लोगों की संपत्ति का सर्वेक्षण करेंगे और उसका पुनर्वितरण करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोषणापत्र में अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की बात कही गई है। अल्पसंख्यकों को तरजीब देने की बात कही गई है। सरकारी नौकरियों में 15 प्रतिशत आरक्षण, बच्चों को विदेश में पढ़ाने के लिए विशेष छात्रवृत्ति स्कॉलरशिप की बात हो यह अल्पसंख्यकों के लिए विशेष रूप से योजनाएं शुरू करने का घोषणा पत्र ने संकल्प लिया है। मुस्लिम



लीग की विचारधारा है कि इस देश में बहुसंख्यकवाद नहीं चलेगा, लेकिन हमारे देश की विचारधारा सर्वधर्म समभाव की है। रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने कहा है कि अमेरिका की तरह हिंदुस्तान में भी विरासत टैक्स लगाया जा सकता है। जिसके अनुसार किसी व्यक्ति की संपत्ति वो अगली पीढ़ी को विरासत में जाएगी तो उसका 55 प्रतिशत हिसाब सरकार के पास चला जाएगा। कांग्रेस और इंडी एलायंस वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई, धन-दौलत, सम्पत्ति, घर, जमीन-जायदाद ज़ब्त करने की फिराक में है। जनता की पैतृक संपत्ति और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मेहनत से

कांग्रेस पार्टी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने कहा कि अमेरिका की तरह हिंदुस्तान में भी विरासत टैक्स लगाया जा सकता है : रणधीर शर्मा

बनाए गए सभी संसाधनों को भी हड़पने का सपना देख रही कांग्रेस अपने मकसद को पूरा के लिए इसे पुनर्वितरण का नाम दे रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस और इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र से यह तस्वीर बिल्कुल स्पष्ट झलक रही है की आम जनता की संपत्ति घर, सोना, एफडी कुछ भी सुरक्षित नहीं रहेगा यही कांग्रेस का हिडन एजेंडा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता को अपने बुद्धि और विवेक से निर्णय करने की आवश्यकता है क्योंकि सामने दो विकल्प हैं।

# उत्तराखंड की लैंसडाउन सैन्य छावनी तक पहुंची जंगल की आग

**देहरादून,** 25 अप्रैल (देशबन्धु) उत्तराखंड में वनाग्नि का तांडव रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। जंगलों लगी आग विकराल रूप लेती जा रही है। लैंसडाउन वन प्रभाग क्षेत्र में लगी आग छावनी परिसर तक पहुंच गई थी, जिस

■ सेना ने संभाला मोर्चा, 12 घंटे में बुझाई वनाग्नि

■ आग लगने से लोगों को सांस लेने में हो रही मुश्किल

पर काबू करने के लिए सेना को भी मैदान में उतराना पड़ा, तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया गया। इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए लैंसडाउन वन प्रभाग क्षेत्र रेंज क्षेत्राधिकारी राकेश चंद्र ने बताया कि लैंसडाउन वन प्रभाग क्षेत्र में वनाग्नि की ये पहली घटना थी। बुधवार देर रात को ही जंगलों में आग लगी थी, जिसकी लपटें लैंसडाउन छावनी क्षेत्र तक पहुंच गई थी। वन विभाग की टीम के साथ सेना के जवान भी मैदान में उतरे और करीब 12 घंटे के बाद वनाग्नि पर काबू पाया गया। भूमि संरक्षण वन प्रभाग लैंसडाउन



### वनाग्नि से 24 घंटे के अंदर सात हेक्टेयर जंगल हुआ बर्बाद

**पौड़ी।** पूरे पौड़ी जिले की बात की जाए तो बीते 24 घंटे के अंदर 7 हेक्टेयर जंगल वनाग्नि से बर्बाद हो गया। जबकि अक्टूबर से अप्रैल महीने के बीच पौड़ी जिले में वनाग्नि के करीब 20 मामले सामने आए हैं, जिसमें करीब 42 हेक्टेयर जंगल जल गया। इससे वन विभाग को करीब एक लाख 15 हजार 105 रुपए का नुकसान हुआ है।

जहरीली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी बीडी जोशी ने बताया कि आग रिहायशी इलाके के पास तक पहुंच गई थी। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। इस वनाग्नि में करीब कई हेक्टेयर जंगल जलकर नष्ट हो गए। स्थानीय निवासी नरेंद्र ने बताया कि आग ने इतना विकराल रूप ले लिया था, उसके धुएं से लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। वहीं, लैंसडाउन वन प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी नवीन पंत ने बताया कि क्षेत्र में आग लगाने वाले की जानकारी जुटाई जा रही है। वनाग्नि की घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ तत्काल विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### घर में लगी आग से दमकल कर्मियों ने बुजुर्ग महिला को बचाया

**हरिद्वार।** रुड़की में जादूगर रोड पर एक मकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से आसपास क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घर में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल की टीम द्वारा घर के अंदर मौजूद वृद्ध महिला को सकुशल बचा लिया गया। साथ ही टीम ने घर में रखे दो एलपीजी सिलेंडरों को भी फटने से बचा लिया और बड़ी घटना होने से बच गई। गुरुवार की सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर फायर स्टेशन रुड़की को सूचना मिली कि कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के जादूगर रोड पर एक घर में आग लगी है। सूचना मिलते ही फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंच कर मोटर फायर इंजन से दो हौज पाइप फैलाकर पंपिंग कर घर के अंदर लगी आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। आग को फैलने से भी रोका गया। बताया गया है कि उक्त स्थल पर दो गैस सिलेंडर भी रखे हुए थे। फायर यूनिट कर्मियों द्वारा दोनों सिलेंडरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसी के साथ उक्त मकान में रह रही वृद्ध महिला उर्मिला कांत पत्नी दर्शनकांत को भी सुरक्षित बचा लिया गया। वृद्ध महिला उर्मिला के परिजनों का किसी कार्य से शहर से बाहर होना बताया गया है। उन्हें फोन कर सूचित कर दिया गया है। वहीं आग लगने की इस घटना से घर में लगा एसी, स्टेबलाइजर, रजाई, गद्दे और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गये। मकान की दीवारें भी आग व धुएं से काली पड़ गई हैं। आग लगने का कारण स्टेबलाइजर में शॉर्ट सर्किट होना बताया गया है।

### आग से धधक रहे पहाड़ी जनपदों के जंगल

**देहरादून।** श्रीनगर व कीर्तिनगर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के जंगलों में आग लगने वन संपदा जलकर राख हो गई। इधर, नगर क्षेत्र के समीपवर्ती सुमाड़ी के जंगल भी रातभर जलते रहे। वन क्षेत्राधिकारी आरपी कुकरेती ने कहा कि आग पर नियंत्रण के लिए टीम को भेजा गया है। वहीं दूसरी ओर कीर्तिनगर के बडोन, बडोला, पाली व चौरास के समीपवर्ती जंगल भी आग से धधक रहे हैं। कीर्तिनगर वन क्षेत्राधिकारी बुद्धिप्रकाश ने बताया कि जहां पर आग लगने की सूचना मिल रही है वहां टीमों को भेजा जा रहा है। उधर जनपद चमोली के सोनला, सिणजी, पीपलकोटी और पुरसाड़ी के ऊपर चीड़ के जंगलों में अभी भी आग सुलग रही है। बदरीनाथ, केदारनाथ और अलकनंदा वन प्रभाग के फायर वाचर से लेकर वन कर्मी तक आग बुझाने में लगे हुए हैं, लेकिन आग को काबू नहीं किया जा सका है।

# प्रादेशिकी

## सपा प्रत्याशी, जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक सहित चार आचार संहिता उलंघन में फंसे

**फर्रुखाबाद,**25 अप्रैल (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी, सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक सहित चार नामजद व 40-50 अज्ञात के खिलाफ आचार संहिता उलंघन का केस दर्ज किया गया है। कोतवाली फतेहगढ़ में तैनात उप निरीक्षक मिथिलेश कुमार नें दर्ज कराए गए मुकदमें में कहा है कि 24 अप्रैल को दोपहर लगभग 1 बजे से 2 बजे के बीच सपा प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव, रजत क्रांतिकारी, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी अपने 40-50 अज्ञात साथियों के साथ मिलेट्री चौराहे से कलेक्ट्रेट की तरफ आ रहे थे। कलेक्ट्रेट गेट की तरफ भीड़ ना जाने की पुलिस बल द्वारा चेतावनी दी गई लेकिन ना मामने पर शक्ति का प्रयोग कर हटा दिया गया।

# दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा : योगी

**लखनऊ/आगरा/इटावा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आगरा और इटावा में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। आगरा में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ इसी सीट से भाजपा प्रत्याशी एसपीएस बघेल और फतेहपुर सीकरी सीट से प्रत्याशी राजकुमार चाहर के लिए वोट की अपील की। वहीं इटावा में मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा नेत्री और सांसद डिंपल यादव के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री और यहीं से पार्टी प्रत्याशी जयवीर सिंह के पक्ष में जनता से मतदान की अपील की।

■ **आगरा और फतेहपुर सीकरी के भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट**

आगरा की रैली में मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर जहां कांग्रेस और इंडी गठबंधन रहा, वहीं मैनपुरी लोकसभा सीट के लिए रैली में मुख्यमंत्री पूरे तेवर में दिखे। उन्होंने सपा सरकार में हुई हत्याओं का हिसाब मांगा। सीएम योगी ने दिवंगत विधायक कृष्णानंद राय, राजू पाल व अधिवक्ता उमेश पाल की नृशंस तरीके से की गई हत्या का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि अलका राय, पूजा पाल, जया पाल और कारसेवकों की पत्नियों के मंगलसूत्र का हिसाब समाजवादी पार्टी कब देगी। आगरा में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 में पीएम मोदी के नेतृत्व पर किए गए आपके विश्वास का परिणाम है कि दुनिया के अंदर भारत का सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत आतंकवाद व नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। विकास के बड़े-बड़े कार्य हुए हैं। जनता को बिना भेदभाव गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक ताकत के रूप में उभरता दिख रहा है। जिन्हें गरीब कल्याणकारी व विकास की योजनाएं और सुरक्षित भारत अच्छा नहीं लग रहा है, वे फिर से षडयंत्र करने आपके बीच आए हैं। सीएम योगी ने कहा कि देश के आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पंच प्रण का आह्वान किया था। यह भारत के अंदर गुलामी के अंशों को समाप्त करने, विरासत का सम्मान करने, आत्मनिर्भर व विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रत्येक भारतवासियों के साथ मिलकर आगे बढ़ाने का आह्वान करता है तो दूसरी ओर भारत के प्रति नफरत की भावना के साथ खड़े कांग्रेस, सपा व इंडी गठबंधन के लोग हैं, जिनका इतिहास देश के खिलाफ गद्दारी और अतीत जाति, क्षेत्र व भाषा के आधार पर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का रहा है। सत्ता में आने पर उन लोगों ने अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति व गरीबों के हकों पर डकैती डालने का कुत्सित प्रयास किया है।



जनता को बिना भेदभाव गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है : योगी आदित्यनाथ

## सपा सरकार में हुई हत्याओं का मांगा हिसाब

समाजवादी पार्टी के गढ़ मैनपुरी लोकसभा सीट पर रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अपने पूरे तेवर में दिखे। उन्होंने सपा सरकार में हुई हत्याओं का हिसाब मांगा। सीएम योगी ने दिवंगत विधायक कृष्णानंद राय, राजू पाल व अधिवक्ता उमेश पाल की नृशंस तरीके से की गई हत्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अलका राय, पूजा पाल, जया पाल और कार सेवकों की पत्नीयों के मंगलसूत्र का हिसाब समाजवादी पार्टी कब देगी। सपा नेत्री जवाब दें, माफिया के द्वारा गाजीपुर में भाजपा के विधायक कृष्णानंद राय के साथ मारे गए छह लोगों की विधवाओं का क्या हुआ। सपा सरकार में पाले गए माफिया ने विहिप के अंतरराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नंदकिशोर रूंगटा की अपहरण कर निर्मम हत्या कर दी थी। उनकी विधवा का क्या हुआ। सपा ने अपने कृत्यों पर कभी पश्चाताप नहीं किया। यह देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं और भाजपा देश के लिए राजनीति करती है। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में जिन रामभक्तों का लहू सपा सरकार ने बहाया था। उन नौजवानों की विधवाओं के मंगलसूत्र पर सपा नेत्री जवाब कब देंगी। उन्होंने सपा के परिवारवाद पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या परिवार के बाहर सपा को कोई यदुवंशी कार्यकर्ता नहीं मिला, जिसे वे सदन में भेज सकें। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# अमेठी में राहुल व रायबरेली में प्रियंका गांधी के नामांकन की तैयारी में कांग्रेस

■ स्वामीनाथ शुक्ल



**अमेठी,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। अमेठी में राहुल गांधी और रायबरेली में प्रियंका गांधी का चुनाव लड़ना बिल्कुल फाइनल हो गया है। जिससे कांग्रेस के दोनों गढ़ में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नामांकन की तैयारी शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी एक मई को और प्रियंका गांधी दो मई को नामांकन-पत्र दाखिल करेंगे। इसके पहले अयोध्या में भगवान राम लला के दर्शन पूजन करने जाएंगे। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नामांकन में सोनिया गांधी भी मौजूद रहेंगी। राहुल गांधी अमेठी से तीन बार सांसद बन चुके हैं। लेकिन चौथी बार स्मृति ईरानी से हार गए थे। स्मृति ईरानी अमेठी से तीसरी बार भाजपा की उम्मीदवार बनाई गई है। सांसद चुने जाने के बाद पांच साल के अंदर अमेठी में घर भी बना लिए है। जिससे स्मृति ईरानी अमेठी की वोटर बन चुकी है। केंद्रीय मंत्री छह महीने पहले से घर घर जाकर सीधे जनता से संवाद स्थापित करती है। एक दिन में 18 से 20 चौपाल करती है। जबकि राहुल गांधी 2019 में चुनाव हारने के बाद केवल तीन बार कुछ घंटों के लिए अमेठी आए थे। स्मृति ईरानी महीने में चार से पांच बार अमेठी आती है।एक दौरे में तीन से चार दिन अमेठी में जनता के बीच में जाती है। रायबरेली में प्रियंका गांधी का पहला चुनाव हैं। इस सीट पर सोनिया गांधी पांच बार सांसद बन चुकी है। फिरोज गांधी की रायबरेली सीट पर इंदिरा गांधी भी सांसद और प्रधानमंत्री बन चुकी है। फिरोज गांधी रायबरेली के पहले सांसद चुने गए थे। प्रियंका गांधी 1999 से अमेठी रायबरेली में चुनाव की कमान संभालती आ रही है। अमेठी रायबरेली की हर गली और गांव से परिचित हैं। सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने से रायबरेली सीट खाली हुई है।

**अयोध्या में भगवान रामलला के करेंगें दर्शन-पूजन**

रायबरेली में अबतक भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हुई है। अमेठी में तीसरी बार राहुल गांधी और स्मृति ईरानी आमने-सामने होंगे। जिससे अमेठी एक बार फिर हाट सीट बन गई है। अमेठी में बीस मई को मतदान होना है। 26 अप्रैल से तीन मई तक नामांकन दाखिल होंगे। स्मृति ईरानी 29 अप्रैल को तीसरी बार नामांकन करेंगी। इनके नामांकन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आदि मौजूद रहेंगे।

## सार संक्षेप

### मेधावियों को विद्या प्रकाशन ने किया सम्मानित



**मवाना।** फलावाद रोड स्थित कृषक इण्टर कालिज के जनपद में प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा हादिया अफरोज व कु. खुशी कन्नौजिया व अन्य मेधावियों को वद्या प्रकाशन की और से अग्रिम कक्षा हेतु पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रतिष्ठित विद्या प्रकाशन उत्तम पुस्तकों के प्रकाशन के साथ-2 अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन में भी सदैव अग्रणी भूमिका में रहा है। प्रकाशन के चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार जैन व प्रबन्ध निदेशक सौरभ कुमार जैन के सौजन्य से जनपद में प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त कर फलक पर विद्यालय का नाम रोशन करने वाली छात्राओं हादिया अफरोज व खुशी कन्नौजिया व अन्य मेधावियों को विद्या प्रकाशन के कन्ट्री हैड राजीव ओबराय व एरिया मैनेजर अनुज डागर द्वारा पुस्तकें उपहार स्वरूप प्रदान की गई हैं। यहां पर विनोद कुमार, चौधरी गोविन्द सिंह, मेधावी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता सहित दो मुकदमों में पांच फंसे

**फर्रुखाबाद।** कारागार में निरुद्ध बंदी की जमानत हेतु फर्जी प्रपत्र न्यायालय में दाखिल करने मे अधिवक्ता सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उपनिरीक्षक जय भान सिंह ने जिला कारागार में निरुद्ध बंदी के महुआ पुत्र श्रीधर अग्निहोत्री को जमानत दिलाने के नाम पर अधिवक्ता बृजेश सिंह से मिलकर आरोपियों श्याम बाबू पुत्र। विश्राम सिंह निवासी दारापुर राजेपुर, प्रेम चंद पुत्र हिम्मा निवासी हुसैनपुर हड़ाई अमृतपुर ने फर्जी कुटरचित दस्ताबेज न्यायालय में पेश किये। जिससे अभियुक्त महुआ को रिहा कराया। दूसरा मुकदमा भी उपनिरीक्षक उदयभान सिंह ने दिलाया। जिसमे आरोपी श्याम सिंह, प्रेमचंद ने अधिवक्ता ब्रजेश सिंह के साथ मिलकर जेल में निरुद्ध अभियुक्त विकास यादव पुत्र राजेंद्र निवासी अहमदपुर मऊदरबाजा को भी जमानत दिलाने के लिए फर्जी प्रपत्र तैयार कर न्यायालय में पेश किए। पुलिस ने दोनों मुकदमों में धारा 420,467,468,471, 209 व 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जांच उपनिरीक्षक रमाशंकर पांचाल को दी गई है।

### पशु क्रूरता अधिनियम में मामला दर्ज

**मवाना।** हस्तिनापुर रोड डिफेंस कालोनी निवासी सतराज सिंह ने कुत्ते को जान से मारने के सम्बंध में तहरीर दी है। मवाना पुलिस ने पशु क्रूरता का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने धारा 429 और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 के तहत कार्रवाई की है। हस्तिनापुर रोड डिफेंस कालोनी निवासी सतराज सिंह ने तहरीर में कहा कि वह 21 अप्रैल को परिवार के साथ मेरठ गया था। वहां से वापिस आने पर उसने देखा कि कालोनी में कई आदमी खड़े हुए है। मारपीट कर कुत्ते को कहीं डाल आए हैं। सतराज ने अपने मकान की छत पर देखा कि वहां पर खून व गंदगी पड़ी हुई है। उन लोगों से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि यह कुत्ता तुम्हारी छप पर आ गया था, उसको वहीं मारा है।

# नलकूपों और नाला निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**मवाना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)।। गर्मियों का मौसम शुरू होते ही नगर में पानी की किल्लत होने लगेगी। इस मामले में पानी की व्यवस्था बेहतर कराने को बुधवार दोपहर को नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने अलग-अलग नलकूपों का निरीक्षण किया। नलकूपों पर तैनात कर्मचारियों को आदेश दिए कि पेयजल व्यवस्था में कोई गड़बड़ मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। सभी नलकूपों पर तैनात आपरेटर समय से डयूटी पर तैनात रहने चाहिए। नगर पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने नगर में कराये जा रहे नाला निर्माण कार्य व नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थित पालिका के नलकूपों और शौचालयों पर जाकर औचिक निरीक्षण किया, नगर के अशोक विहार स्थित नलकूप का निरीक्षण किया। डयूटी पर कर्मचारी उपस्थित मिला। नलकूपों पर कार्यरत कर्मचारियों से नलकूपों को चलाने के समय व नलकूपों पर मशीनों व पम्प आदि के सही संचालन की जानकारी की गयी। उन्होंने नगर में हो रहे नाला निर्माण कार्य को देखा गया व सम्बन्धित ठेकेदार को नाला निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय से पूर्ण कराने के आदेश दिए।



■ **संबंधित कर्मियों को निर्धारित समय पर नलकूप चलाने के आदेश**

# उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण का मतदान आज

**लखनऊ,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर मतदान की प्रक्रिया 26 अप्रैल शुक्रवार को संपन्न होगी। दूसरे चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश के अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ तथा मथुरा लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होने जा रहा है। यह लोकसभा क्षेत्र प्रदेश के 9 जिलों में अवस्थित हैं। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदान से पूर्व प्रत्याशियों और पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल भी कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने बताया कि द्वितीय चरण में कुल 1,67,77,198 मतदाता हैं, जिसमे 90,26,051 पुरुष मतदाता तथा 77,50,356 महिला मतदाता एवं 791 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। सबसे अधिक मतदाता गाजियाबाद (29 लाख, 45 हजार 487) तथा सबसे कम मतदाता बागपत (16 लाख 53 हजार 146) लोकसभा क्षेत्र में हैं। सबसे अधिक 15 प्रत्याशी गौतमबुद्ध नगर एवं मथुरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम 6 प्रत्याशी बुलंदशहर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में कुल 17704 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) तथा 7797 मतदान केंद्र हैं। इन मतदेय स्थलों में से 3472 क्रिटिकल हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 3 विशेष प्रेक्षक, 8 सामान्य प्रेक्षक, 5 पुलिस प्रेक्षक तथा 12 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1451 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 190 जोनल मजिस्ट्रेट, 222 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 1599 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए 4213 भारी वाहन, 3251 हल्के वाहन तथा 79338 मतदान कार्मिक लगाए गए हैं।



■ **प्रदेश के आठ लोकसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे शुरू होगा मतदान**
■ **शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बल तैनात**

### 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर की गई लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था

बताया जाता है कि 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर (8852 मतदेय स्थल) लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 967 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। द्वितीय चरण में कुल 148 आदर्श मतदेय स्थल, 53 समस्त महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 35 समस्त युवा कर्मी मतदेय स्थल तथा 32 समस्त दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाए गए हैं। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता सायं 6: 00 बजे उपस्थित रहेंगे, उन मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा।

# मेरठ कैंट स्थित गांधी बाग पहुंचे भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल

**मेरठ,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। चुनाव प्रचार थमने के बाद भाजपा प्रत्याशी रामायण सिरियल में राम की भूमिका निभा चुके अरुण गोविल गुरुवार की सुबह मोर्निंग वाक पर मेरठ कैंट स्थित गांधी बाग पहुंचे इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के साथ पार्क में टहलते हुए लोगों मुलाकात की तथा साथ में सब्जियों के जूस का सेवन किया तथा लोगों से चुनाव पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक मतदान जागरूकता पर जोर देते हुए भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक वोट करने की अपील भी की। वहीं उन्होंने मेरठ लोकसभा क्षेत्र के विकास के कार्यों को करवाने को लेकर लोगों को भरोसा दिलाया। इस मौके पर गांधी बाग के ठेकेदार अनिल गर्ग, सुदेश राणा, छावनी परिषद पुर्व सभासद राजकुमार गुप्ता, बी आर स्टूडियो के मालिक, प्रदीप सेठी, मदन गोपाल गोयल, सौरभ गोयल व अनिल मित्तल वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे। उसके बाद अरुण गोविल हनुमान चौक के निकट बीरू चाय वाले की दुकान पर रुके जहां अक्सर सुबह मोर्निंग वाक के बाद दूर दराज के वरिष्ठ उद्योगपतियों व वरिष्ठ नागरिकों जमावड़ा रहता है अरुण गोविल ने उनके साथ चाय का सेवन किया साथ ही चर्चा के दौरान अपने लिए वोट की अपील की। इस मौके पर लोगों ने उनके साथ सल्फी ली। आपको बता दें अचानक लोगों के बीच पहुंचे अरुण गोविल को देख कर लोग अचंभित रह गए। दोनों जगह अरुण गोविल को लोगों ने ऐतिहासिक जीत का आश्वासन दिया।



**वरिष्ठ नागरिकों के साथ की चुनाव पर चर्चा**

## मतदान के लिए पोलिंग पार्टी रवाना

**मेरठ,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए सामान्य प्रेक्षक गुरिन्दर पाल सिंह सहुता द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ विक्टोरिया पार्क स्थित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। पोलिंग पार्टियों को सामान्य प्रेक्षक महोदय की उपस्थिति में सकुशल रवाना किया गया। इस अवसर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, सीडीओ नुपूर गोयल, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## रुद्रा स्कॉलरशिप टेस्ट परिश्रम के बारे में कराया अवगत

**मवाना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बहुप्रतीक्षित रुद्रा स्कॉलरशिप टेस्ट परिश्रम के बारे में युवाओं को अवगत कराने के उद्देश्य से एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। संस्थान की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल, निदेशक डॉ. मनोज शर्मा, प्रवेश प्रभारी सुमित काकरान, अकादमिक समन्वयक संजीत सिंह ने यूपी बोर्ड के 12वीं परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए प्रेस वार्ता का प्रारंभ किया।

निदेशक डॉ. मनोज शर्मा ने मीडिया को बताया कि रुद्रा स्कॉलरशिप टेस्ट 2024 जिसे परिश्रम नाम दिया गया है, के लिए युवा छात्रों में अति उत्साह देखने को मिल रहा है और अभी तक 1500 से अधिक छात्रों ने इसके लिए पंजीकरण कराया है और अंतिम तिथि 28 अप्रैल 2024 तक पंजीकरण की संख्या 3000 से अधिक होने की संभावना है। संस्थान के प्रवेश प्रभारी सुमित काकरान ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि रुद्रा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के विभिन्न संस्थान जैसे रुद्रा इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी, रुद्रा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, रुद्रा कॉलेज ऑफ लॉ और अन्य सभी संस्थाओं में प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः प्रारंभ हो चुकी है।





इच्छुक छात्र किसी भी कार्य दिवस में कॉलेज में आकर संपर्क कर सकते हैं और प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी अर्जित कर सकते हैं। संस्थान के अकादमिक समन्वयक संजीत सिंह ने संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न मूल्य वर्धित पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

# जो जीतेगा विस दरियाबाद व रुदौली, फैजाबाद लोस जीत का सेहरा उसके माथे

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पिछले तीन दशक से देश में राजनीति की धुरी बनी अयोध्या, लोकसभा फैजाबाद का हिस्सा है। यहां बीस मई को मतदान है। जहां मतदाता खामोश हैं वहीं प्रत्याशी जमकर पसीना बहा रहे हैं। मुख्य मुकाबला इंडिया गठबंधन व भाजपा गठबंधन के बीच है। पिछले दो लोकसभा चुनावों की तरह इस बार भी दरियाबाद व रुदौली विधानसभा निर्णायक की भूमिका में होगी। जीत का सेहरा उसी के माथे सजेगा जो इन दोनों में बढ़त हासिल करेगा। अयोध्या विधानसभा भी है। अयोध्या को लेकर फैजाबाद में चार अन्य विधानसभा रुदौली, दरियाबाद, बीकापुर व मिल्कीपुर शामिल हैं। इनमें मिल्कीपुर विपक्ष के पास तो शेष चार पर भाजपा के विधायक हैं फिर भी संघर्ष बहुत कड़ा है। इंडिया गठबंधन से मिल्कीपुर सपा विधायक अवधेश प्रसाद मैदान में हैं तो मुकाबले में भाजपा से वर्तमान सांसद लल्लू सिंह। लल्लू सिंह का यह पांचवा लोकसभा चुनाव है जिसमें वह दो बार जीते हैं तो दो बार हारे भी हैं जबकी अवधेश प्रसाद का यह पहला चुनाव है। उत्तर प्रदेश के 2022 विधानसभा चुनाव के आंकड़ों को देखें तो भाजपा दरियाबाद और रुदौली विधानसभा के आधार पर लगभग सत्तर हजार आगे दिखाई पड़ती है। हालांकि अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। जिन कारणों से यहाँ भाजपा विधानसभा जीती थी वे कारण इंडिया गठबंधन के खाते में जमा हो चुके हैं। रुदौली में सपा के ही पूर्व विधायक रुश्दी मियां बागी बनकर बसपा से लड़ गए तो भाजपा जीत गई थी। रुश्दी मियां अब सपा में हैं। दरियाबाद में सपा के पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप इसलिए हार गए थे कि वहां भी सपा के पूर्व विधायक राजा राजीव सिंह बागी हो गए थे। चुनाव के दरम्यान ही राजा साहब का देहांत हो गया था तो उनके पुत्र रितेश कुमार सिंह निर्दल लड़े थे।



■ **मतदाताओं की खामोशी के बीच प्रत्याशी जमकर बहा रहे पसीना**
■ **बीस मई को होगा मतदान**
■ **इंडिया गठबंधन व भाजपा गठबंधन के बीच माना जा रहा मुख्य मुकाबला**

रितेश सिंह अब सपा में हैं। लोकसभा की शेष तीन विधानसभाओं बीकापुर, अयोध्या, मिल्कीपुर में आंकड़ों की बात करें तो दस पांच हजार की घटत बढ़त रहेगी। बीकापुर विधानसभा चुनाव भी भाजपा किसी तरह जीती थी। यह विधानसभा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी का गढ़ रही है। मिल्कीपुर से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी लगभग एक लाख पांच हजार वोट पाकर खुद विधायक हैं। भाजपा गठबंधन प्रत्याशी लल्लू सिंह पिछले लोकसभा चुनाव में भी इस विधानसभा से हार गए थे। भाजपा ने यहां कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अरविंद सेन यादव से आस लगा रखी है। पुलिस अधिकारी रहे अरविंद पूर्व सांसद मित्रसेन के बड़े पुत्र हैं। कुछ दिन पहले जेल से छूटे थे। देश की राजनीतिक धुरी बन चुकी रामनगरी, अयोध्या विधानसभा तो हाट है ही। भाजपा गठबंधन प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह यहां से लगातार 21 साल विधायक रह चुके हैं। पिछला विधानसभा चुनाव भी भाजपा जीती लेकिन जीत का अंतर कम था। पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन का दावा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को अयोध्या विधानसभा में हरा देंगे। कुल मिलाकर लोकसभा जीत का सेहरा उसी के सिर सजेगा जो दरियाबाद और रुदौली विधानसभा में मतदाताओं का दिल जीतेगा।

## औरैया सड़क हादसे में दो की मौत

**औरैया,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के नेशनल हाईवे पर भीखेपुर के पास गुरुवार को गलत दिशा में आ रही तेज रफ्तार बस ट्राला से जा टकराई। इस हादसे में बस में सवार यात्रियों में दो की मौत हो गयी जबकि 22 लोग घायल हो गये। बस में सवार सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए कानपुर से आगरा जा रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कानपुर शहर के रामा देवी निवासी चंद्र शेखर वर्मा की पुत्री प्रगति उर्फ सोना की गुरुवार को आगरा में शादी होनी थी। दिन में परिवार के सभी लोग एक बस से आगरा जा रहे थे। उनकी बस औरैया जिले में नेशनल हाईवे पर भीखेपुर के पास विपरीत दिशा में तेज रफ्तार से जा रही थी, तभी सामने से आ रहे एक ट्रक से जा टकराई।



# कांग्रेस ने तीन योद्धाओं पर फिर लगाया दांव

## महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के नेता तारिक अनवर चुनावी समर में

**पटना,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने वर्ष 2019 में पराजित तीन योद्धाओं पर भरोसा जताते हुए इस बार के चुनाव में उनपर दाव लगाया है और उन्हें चुनावी रण में फिर से उतार दिया है।

इस बार के चुनाव में कांग्रेस को इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) में सीटों में तालमेल के तहत नौ सीट किशनगंज, कटिहार, पश्चिमी चंपारण, समस्तीपुर (सु), सासाराम (सु), पटना साहिब, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज मिली है। इनमें से तीन सीट कटिहार, सासाराम (सु) और महाराजगंज सीट पर कांग्रेस ने वर्ष 2019 में पराजित राजनेताओं पर भरोसा जताते हुए उन्हें इस बार के चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 के चुनाव में कटिहार संसदीय सीट से महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के दिग्गज नेता तारिक अनवर चुनावी समर में उतरे थे, जहां उन्हें राजग के घटक दल जदयू प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी ने शिकस्त दी थी। इस बार के चुनाव में भी अनवर की चुनावी टक्कर जदयू प्रत्याशी गोस्वामी से है। सासाराम (सु) सीट पर वर्ष 2019 में हुए आम चुनाव में भाजपा के छेदी पासवान ने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सांसद मीरा कुमार को पराजित किया था। इस चुनाव में बसपा उम्मीदवार मनोज कुमार तीसरे नंबर पर रहे थे। इस बार के चुनाव में जहां मीरा कुमार ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है, वहीं भाजपा ने छेदी पासवान को बेटिकट कर दिया है। भाजपा ने सासाराम (सु) पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुनि लाल के पुत्र अगिआंव विधानसभा के पूर्व विधायक शिवेश राम को चुनावी रणभूमि में उतारा है, जो पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं इस बार के चुनाव में कांग्रेस ने सासाराम (सु) सीट पर पराजित बसपा प्रत्याशी मनोज कुमार पर दाव लगाया है। वर्ष 2019 के चुनाव में पूर्वी चंपारण सीट पर (भाजपा) के कद्दावर नेता एवं केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह ने कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र रालोसपा प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह को पराजित किया था। इस बार आकाश ने अपना रण क्षेत्र के साथ ही पार्टी भी बदल ली है। आकाश इस बार पूर्वी चंपारण की जगह महाराजगंज संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, जहां उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल से होगा।

### दल बदलकर मुकाबला करने के लिए तैयार प्रत्याशी

बिहार लोकसभा चुनाव 2024 में मुजफ्फरपुर संसदीय सीट पर वर्ष 2019 के प्रत्याशी एक बार फिर दल बदलकर मुकाबला करने के लिए तैयार है। वर्ष 2019 के चुनाव में मुजफ्फरपुर संसदीय सीट पर राजग में शामिल भाजपा प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद के पुत्र अजय निषाद ने महागठबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) उम्मीदवार राजभूषण चौधरी निषाद को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में भाजपा ने अजय निषाद को बेटिकट कर दिया है, जिससे नाराज होकर निषाद ने भाजपा का साथ छोड़ इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) में शामिल कांग्रेस का 'हाथ' थाम लिया है और चुनावी संग्राम में उतर आये हैं। वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने निषाद की जगह राजभूषण निषाद को प्रत्याशी बनाया है।

### कांग्रेस के टिकट पर पूर्व सांसदों के पुत्र वर्तमान सांसदों को देंगे चुनौती

बिहार आम चुनाव 2024 में कांग्रेस के टिकट पर दो पूर्व लोकसभा सांसदों के पुत्र राजग में शामिल वर्तमान सांसद को चुनौती देंगे। इस बार के चुनाव में कांग्रेस को इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) में सीटों में तालमेल के तहत नौ सीट किशनगंज, कटिहार, पश्चिमी चंपारण, समस्तीपुर (सु), सासाराम (सु), पटना साहिब, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज मिली है। इनमें से दो सीट महाराजगंज और पटना साहिब सीट पर पूर्व लोकसभा सासंदों के पुत्र राजग के वर्तमान सांसद को चुनौती देंगे। बिहार की महाराजगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व लोकसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र आकाश कुमार सिंह को टिकट दिया है। आकाश का मुकाबला राजग प्रत्याशी भाजपा जनार्दन सिंह सिग्रीवाल से होगा। राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र आकाश इससे पूर्व ने वर्ष 2019 में उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी रालोसपा के टिकट पर पूर्वी चंपारण सीट से चुनाव लड़ा था, जहां उन्हें भाजपा के कद्दावर नेता एवं केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह से हार का सामना करना पड़ा था।

# जमशेदपुर लोकसभा सीट पर झामुमो ने विधायक समीर मोहंती को उतारा

## गांडेय विधानसभा उपचुनाव में कल्पना बनीं उम्मीदवार



**रांची,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार इंडिया गठबंधन ने राज्य की 14वीं लोकसभा सीट जमशेदपुर में भी प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने समीर मोहंती को प्रत्याशी बनाया है। वह बहरागोड़ा सीट से पार्टी के विधायक हैं।

पार्टी ने गांडेय विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की उम्मीदवारी का ऐलान भी आधिकारिक तौर पर कर दिया है।

इंडिया गठबंधन में राज्य की 14 में से पांच लोकसभा सीटें झामुमो के हिस्से आई हैं। कांग्रेस ने सात सीटों पर उम्मीदवार उतारा है, जबकि राजद और सीपीआई-एमएल के हिस्से एक-एक सीट आई है। इनमें से एकमात्र जमशेदपुर सीट पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा अब तक नहीं हुई थी। लंबे मंथन के बाद झामुमो ने विधायक समीर मोहंती को मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। उनका मुकाबला लगातार दो बार सांसद चुने गए भाजपा के विद्युत वरण महतो से होगा। खास बात यह है कि विद्युत वरण महतो भी पहले झामुमो में थे। वह 2014 के लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा में शामिल हुए थे और पार्टी ने उन्हें यहां से उम्मीदवार बनाया था। गांडेय सीट पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की उम्मीदवारी का औपचारिक ऐलान किया गया है। झामुमो के विधायक रहे सरफराज अहमद के इस्तीफे की वजह से सीट खाली हुई है। यहां कल्पना सोरेन का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा से होगा।

# इटावा के खाते में जुड़ा है चुनाव आयोग के नंबरों का रोचक किस्सा

**इटावा,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वर्ष 1974 से 1996 के बीच इटावा जिले की सात विधानसभाओं के नंबर भारतीय दंड संहिता की संगीन धाराओं से जुड़े हुए रहे हैं। दरअसल, चुनाव आयोग चुनाव-दर-चुनाव विधान सभाओं के नंबर बदलता रहा है। विधानसभा सीटों के नंबरों की अदला बदली चुनाव आयोग अपनी सुविधा के मुताबिक और नियम के आधार पर करता है। इटावा संसदीय सीट से जुड़ी औरैया, अजीतमल, लखना, इटावा, जसवंतनगर और भरथना को ऐसे नंबर मिले जिनका भारतीय दण्ड संहिता की धारा हत्या और हत्या के प्रयास की धाराओं से ताल्लुक है।

चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार 1974 में इटावा संसदीय सीट से जुड़ी विधानसभा औरैया को 301 नंबर से पहचान मिली, इसी तरह से अजीतमल सुरक्षित विधानसभा के खाते में 302 नंबर आया। लखना सुरक्षित को 303 मिला। इटावा को 304, जसवंतनगर को 305, भरथना को 306 और बिधूना ने 307 नंबर से पहचान पायी। इन्ही नंबरों से 1974 से 1996 तक इटावा जिले की सभी सातो विधान सभा सीटों पर चुनाव हुए। चुनाव आयोग संसदीय और विधानसभा सीट के लिए एक नंबर जारी करता है जिससे किसी की संसदीय सीट और विधान सभा सीट की पहचान आम तौर पर होती है।

इटावा जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री देवेंद्र सिंह बताते है कि धारा 301 का इस्तेमाल इरादतन हत्या का जुर्म करने वाले शख्स के खिलाफ किया जाता है। 302 की धारा का हत्या में इस्तेमाल की जाती है। धारा 303 का इस्तेमाल आजीवन कारावास की सजा पाए अगर कोई व्यक्ति हत्या करता है तो उसके खिलाफ इसका प्रयोग होगा। धारा 304 का प्रयोग गैर इरादतन हत्या के लिए किया जाएगा। धारा 306 का प्रयोग आत्महत्या के लिए प्रेरित करने को होगा और धारा 307 का इस्तेमाल हत्या के प्रयास के लिए किया जाता है।

वर्ष 1996 के बाद चुनाव आयोग ने 301 से लेकर 307 नंबर पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोंडा, सिद्धार्थनगर और बस्ती जिले से जुड़ी हुई विधानसभाओं को जारी किए गए। 301 नंबर गोंडा जिले की गौरा विधानसभा को मिला वहीं 302 शोहरतगढ़ विधानसभा जिला सिद्धार्थ नगर के खाते में गया। इसी तरह से 303 नंबर सिद्धार्थनगर की कपिलवस्तु विधानसभा के नाम इंद्राज हुआ। 304 नंबर सिद्धार्थनगर की बांसी विधानसभा के नाम रहा। 305 नंबर सिद्धार्थनगर की इटवा विधानसभा के नाम हुआ। 306 नंबर सिद्धार्थनगर की डुमरियागंज विधानसभा के नाम दर्ज हुआ और 307 नंबर बस्ती जिले की हरैया विधानसभा को हासिल हुआ।

# दमोह में 'राहुल भैया', तो सतना में 'डब्बू भैया' कर सकते हैं मतदाताओं को भ्रमित

**भोपाल,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में कल होने वाले दूसरे चरण के मतदान के तहत दमोह संसदीय क्षेत्र में 'राहुल भैया', तो सतना में 'डब्बू भैया' मतदाताओं को भ्रमित कर सकते हैं। दरअसल इन दोनों संसदीय क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के अलावा उनके हमनाम भी चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं। ऐसे में मतदाताओं को अब नाम के साथ ही अपने पसंदीदा प्रत्याशी के चुनाव चिह्न पर भी गौर करना होगा। दमोह संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने राहुल सिंह लोधी को अपना प्रत्याशी बनाया है, जिनके सामने दो और राहुल भैया निर्दलीय होकर ताल ठोंक रहे हैं। यहां से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी तरबर सिंह लोधी को भी इस परिस्थिति के चलते भ्रम का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि एक अन्य तरवर सिंह लोधी भी चुनावी मैदान में हैं।

कमोबेश यही स्थिति सतना से कांग्रेस प्रत्याशी डब्बू सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा के सामने भी हो सकती है क्योंकि उनके सामने चुनावी मैदान में न केवल एक अन्य डब्बू भैया हैं, बल्कि एक सुखलाल वर्मा भी हैं। रीवा संसदीय क्षेत्र में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के सामने भी एक निर्दलीय जनार्दन मिश्रा मिश्रा ताल ठोंक रहे हैं। दिलचस्प ये भी है कि भाजपा प्रत्याशी का चुनाव चिह्न जहां कमल का फूल है, वहीं दूसरे जनार्दन मिश्रा का गोभी का फूल है।

# झारखंड की पांच सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों की अहम भूमिका

**रांची,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड की 14 में से पांच लोकसभा सीटों पर इस बार निर्दलीय प्रत्याशी बड़ा फैक्टर हैं। मैदान में उनकी मौजूदगी से मुकाबले में दिलचस्प कोण बनते दिख रहे हैं। ये सीटें हैं- लोहरदगा, चतरा, राजमहल, गिरिडीह और कोडरमा। इन सीटों पर कद्दावर निर्दलीय नेता इंडिया गठबंधन के वोटों में सीधे तौर पर सेंध लगा सकते हैं।

### 'इंडिया' गठबंधन के वोटों में करेंगे सेंधमारी



अनुसूचित जनजाति यानी आदिवासी के लिए आरक्षित लोहरदगा सीट पर इंडिया गठबंधन ने कांग्रेस के सुखदेव भगत को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। लेकिन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक चमरा लिंडा ने बतौर निर्दलीय पर्चा दाखिल कर सियासी हलचल मचा दी। इस सीट पर वह 2004, 2009 और 2014 में भी चुनाव लड़ चुके हैं और हर बार मुकाबले की महत्वपूर्ण धुरी रहे। 2004 में वह 58947 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने अपने इस पहले चुनाव में ही सबको चौंका दिया था। इसके बाद 2009 के चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें 136345 वोट मिले। यहां विजयी हुए भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत से वह मात्र 8283 मतों के अंतर से पिछड़ गए थे। इसके बाद वह 2014 में तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे और इस बार 118355 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे। 2019 में उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन, इसके पहले के तीन चुनावों में मिले वोट बताते हैं कि उनका निजी तौर पर यहां एक बड़ा जनाधार है। जाहिर है, उनके मैदान में आने के पहले भाजपा और कांग्रेस में दिख रही सीधी फाइट ने अब त्रिकोणीय शक्ल ले लिया है। इस बार वह इंडिया गठबंधन में झामुमो की तरफ से उम्मीदवारी का दावा कर रहे थे, लेकिन समझौते में लोहरदगा सीट कांग्रेस के हिस्से आई। चमरा लिंडा का कहना है कि उन्होंने दो साल पहले ही पार्टी को बता दिया था कि वह यहां चुनाव लड़ेंगे। इसके बावजूद सीट कांग्रेस को दे दी गई। ऐसे में उन्हें निर्दलीय चुनाव में उतरना पड़ा है।

उनका दावा है कि यहां उनकी फाइट सीधे भाजपा के प्रत्याशी समीर उरांव से होगी। कांग्रेस मुकाबले में कहीं नहीं है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि चमरा लिंडा को नाम वापस ले लेना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर पार्टी उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। इसी तरह आदिवासी के लिए आरक्षित राजमहल सीट पर भी झामुमो के बागी विधायक लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। लोबिन हेंब्रम यहां से प्रत्याशी बनाए गए मौजूदा सांसद विजय हांसदा का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस क्षेत्र में हांसदा के खिलाफ जनाक्रोश है। उन्होंने पार्टी को पहले ही इससे अवगत करा दिया था।

# लोकतंत्र के महापर्व पर 26.75 लाख मतदाता करेंगे मत का प्रयोग

## 1826 बूथों पर डाले जाएंगे वोट

## 11 हजार पुलिसकर्मी तैनात

## सीसीटीवी से होगी निगरानी

**नोएडा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में जनपद गौतमबुद्ध नगर में वोट डाले जाएंगे। यहां पांच विधानसभा सीट जेवर, दादरी, नोएडा, खुर्जा और सिकंद्राबाद है। इन पांचों विधानसभा में कुल 26.75 लाख मतदाता वोट करेंगे। वोटिंग सुबह सात बजे से शुरू हो जाएगा। इस बार सबसे ज्यादा मतदाता 7,82,872 नोएडा विधानसभा क्षेत्र में है। वोटिंग सुबह सात बजे से शुरू हो जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से पूरी लोकसभा सीट को सात सुपर जोन और 120 सेक्टर में बांटा गया है। पुलिस के आला अधिकारियों की देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कोई भी व्यक्ति मतदान को प्रभावित न कर सके, इसके लिए हर बूथ पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात रहेंगे। सुबह पांच बजे से पुलिसकर्मी बूथ पर तैनात रहेंगे। सुरक्षा के लिहाज से करीब 11 हजार पुलिसकर्मी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने मोर्चा संभाला है। हर बूथ पर सीसीटीवी से निगरानी और कंट्रोल रूम से नजर रखी जा रही है।

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर करीब एक माह से चल रहा चुनाव प्रचार बुधवार को शाम पांच बजे थम गया था। गुरुवार को पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। अब मतदान की घड़ी आ गई है। जिले में दूसरे चरण के तहत 641 मतदान केंद्र व 1826 मतदेय स्थलों पर मतदान किया जाएगा। चुनाव कराने के लिए जिले को 26 जोन में बांटा गया है। मतदान के दिन मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगा दी गई है, जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड पर रखेंगे।

### अब जानते है विधानसभा वार कितने मतदाता मत का करेंगे प्रयोग

नोएडा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 7,82,872 है। इस लोकसभा क्षेत्र में यहां सबसे ज्यादा मतदाता हैं। जो पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले 17.13 प्रतिशत ज्यादा है। महिला मतदाताओं की संख्या 345064 है, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 437,796 है। 12 ट्रांसजेंडर भी मतदान करेंगे।

दादरी विधानसभा क्षेत्र इस विधानसभा कुल मतदाताओं की संख्या 7,29,481 है। पिछले चुनाव के मुकाबले 35.89 प्रतिशत मतदाता बढ़े हैं। सबसे ज्यादा मतदाताओं की संख्या इसी विधानसभा में बढ़ी है। यहां महिला मतदाता 331773 और पुरुष मतदाता 397,644 हैं। सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र सिकंदराबाद में कुल मतदाता 3,99,091 हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले सबसे कम मतदाता बढ़े हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में 3.86 प्रतिशत मतदाता बढ़े हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 190,169 हैं। वहीं 208,906 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

खुर्जा विधानसभा क्षेत्र इस विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,93,880 हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार बढ़े मतदाताओं का प्रतिशत 4.03 है। इस विधानसभा क्षेत्र से 187,486 महिला मतदाता मतदान करेंगी। वहीं पुरुष मतदाताओं की संख्या 206,376 है। जेवर विधानसभा क्षेत्र इस विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 3,69,824 है। पिछले चुनाव के मुकाबले यहां 10.39 प्रतिशत मतदाता बढ़े हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 169,742 है। वहीं पुरुष मतदाता 200,073 हैं। ट्रांसजेंडर मतदाता 0 है।





### मतदाता सूची में नाम है, लेकिन पहचान पत्र नहीं तो इनका करे प्रयोग

मतदाता का मतदाता सूची में नाम है, लेकिन उनके पास पहचान पत्र नहीं है, तो ऐसे मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी डिजिटल वोटर आईडी कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। ऐसे मतदाता पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लि.मि. कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यू.डी.आई.डी.) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करके अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

### पिछले लोकसभा के चुनावों का पोलिंग प्रतिशत

पिछले लोकसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर मतदान प्रतिशत में प्रदेश में 31वें स्थान पर रहा था। इस बार जिला प्रशासन ने मतदान बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम सहित कई उपाय किए गए। इसका रिजल्ट कल ही आ जाएगा। वर्ष 2019 में लोकसभा क्षेत्र में 60.49 लोगों ने मतदान किया था जो प्रदेश के 80 लोकसभा क्षेत्र में मत प्रतिशत के लिहाज से 31वां सबसे ज्यादा था। पहले स्थान पर अमरोहा रहा था। यहां लोकसभा चुनाव में 71 .05 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं 2014 में 60.39 और 2009 में 48.54 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार मत प्रतिशत बढ़ाकर यहां नया रिकार्ड बनाया जाएगा।

### 3 विधानसभा में बनाए गए 51 मॉडल बूथ, 7 बूथ महिलाएं हैंडल करेंगी

गौतम बुद्ध नगर की तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 51 मॉडल बूथ तैयार किए गए हैं। नोएडा विधानसभा क्षेत्र में कुल 35 मॉडल बूथ बनाए गए हैं। इसमें गांधी स्मारक इंटर कॉलेज चौड़ा सादतपुर, गांधी स्मारक जूनियर हाई स्कूल चौड़ा सादतपुर, समर विलेज स्कूल डी 89ए सेक्टर-22 नोएडा, सिटी पब्लिक स्कूल सेक्टर-51 नोएडा, विश्व भारती पब्लिक स्कूल सेक्टर 28 नोएडा, आर्मी पब्लिक स्कूल सेक्टर 37, आरएसएस इंटरनेशनल स्कूल सदरपुर, पाथवे स्कूल सेक्टर-100 आदि है।

दादरी विधानसभा क्षेत्र में 15 मॉडल बूथ जिसमें महागुन माइवुड्स क्लब हाउस, एग्जॉटिका ड्रीम विले क्लब हाउस, चेरी काउंटी क्लब हाउस, पंचशील ग्रीन्स-1 क्लब हाउस, सुपरटेक इको विलेज-1 क्लब हाउस, ट्राईडेंट एंबेसी क्लब हाउस, पूर्वांचल रॉयल सिटी क्लब हाउस, जेपी अमन किला हाउस सेक्टर-151, मॉडल बूथ एटीएस प्रिस्टीन क्लब हाउस सेक्टर-150 है। जेवर विधानसभा क्षेत्र में 01 मॉडल बूथ समसारा वर्ल्ड पब्लिक स्कूल है।

# जालंधर में मोगैंबो, गब्बर, गजनी दे रहे वोट डालने का संदेश

**जालंधर,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब में जालंधर जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव दौरान अधिक से अधिक लोगों को बिना किसी डर या भय के मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए फिल्मों के लोकप्रिय किरदार मोगैंबो, गब्बर, गजनी आदि ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का न्योता दे रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा स्वीप प्रोग्राम के तहत बड़े स्तर पर विशेष पहल के तहत बड़े-बड़े चौक-चौराहों पर अलग-अलग ग्राफिटियां बनाई गई हैं। इनमें मोगैंबो, गब्बर और गजनी संदेश देते दिखाई दे रहे हैं। जिला चुनाव अधिकारी डॉ हिमांशु अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के दौरान 70 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य हासिल करने के लिये जिला प्रशासन ने स्वीप के अधीन लोगों को जागरूक करने के लिये जगह-जगह पर लोकप्रिय फिल्मों के संवादों, चित्रों द्वारा मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिये प्रेरित कर रहा है।




डॉ अग्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर बनायी ग्राफिटियां लोगों विशेषकर युवाओं के लिये आकर्षण का केंद्र बन गयी हैं और उन्हें देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लिखे स्लोगन जैसे 'यूथ दा इको ही टशन मनायेंगे वोटो दा जश्न', 'अरे ओ सांभा कब है वोट, एक जून 2024', 'यह ना सोचो कि इक वोट कया फर्क लाएगा, अपका मतदान की देश को आगे बढ़ाएगा' और 'इस वार वोट डालना नहीं भुलांगा' का नारा दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने जिले में वोट प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं, साथ ही स्कूल और कालेजों के विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में अधिक से अधिक जानकारियां दी हैं। लोगों को लोकतंत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान जिले के 16.42 लाख मतदाता 1951 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसके लिये जिला प्रशासन ने मतदाताओं की सुविधा के लिये प्रत्येक मतदान केंद्र पर पर्याप्त प्रबंध किये हैं।

इसके अतिरिक्त आज सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) प्रोग्राम के तहत विधानसभा क्षेत्र जालंधर कैंट के ऐसे क्षेत्रों में डोर-टू-डोर अभियान चलाया गया, जहां पिछले चुनावों के दौरान कम मतदान हुआ था। इस अभियान के दौरान स्वीप टीम के सदस्यों ने मतदाताओं को बिना किसी डर और भय के अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिये प्रेरित किया।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 5.98 प्रतिशत |
| एसबीआई | 5.10 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.55 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.39 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.30 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 10.85 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.25 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.05 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.46 प्रतिशत |
| मारुति | 0.31 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की जमा अग्रिम में तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। छोटे कर्ज देने वाले एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 428 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दिखाया है जो तिमाही आधार पर लाभ में 14 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है।

■ **बैंक अपनी जमा-आधारित परिसंपत्ति वृद्धि की रणनीति को जारी रखेगा**

बैंक की गुरुवार को जारी तिमाही रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसके जमा और अग्रिम (ऋण) कारोबार में तीसरी तिमाही की तुलना में नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 2023-24 के लिए शेयरधारकों को प्रतिशेयर एक रुपए की दर से लाभांश देने की सिफारिश की है। बैंक ने कहा कि मजबूत परिचालन के माध्यम से उसने 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में जमा में वार्षिक 26 प्रतिशत और ऋण कारोबार में वार्षिक 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वित्त वर्ष 2024 के अंत में बैंक के जीएनपीए का अनुपात घटकर 1.67 प्रतिशत पर रहा। वर्ष के दौरान इसकी आरओए 1.6 प्रतिशत और लाभ-शेयर पूंजी (अनुपात ) आरओई 13.5 प्रतिशत रहा। बैंक ने कहा है कि बैंक अपनी जमा-आधारित परिसंपत्ति वृद्धि की रणनीति को जारी रखेगा और फिनकेयर एसएफबी के अधिग्रहण के बाद उसके कारोबार का पैमाना बढ़ेगा तथा उसमें और दक्षता आएगी। दोनों का विलय 01 अप्रैल 2024 से प्रभावी हो गया है। वित्त वर्ष'24 की चौथी तिमाही में बैंक ने प्रावधानों से पहले 664 करोड़ रुपए का पीपीओपी दर्ज किया 16 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय वार्षिक आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 1,337 करोड़ रुपए रही।

बैंक ने गत 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में असाधारण मदों को छोड़कर वार्षिक आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 428 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया। बैंक की कुल जमा तिमाही दर तिमाही आधार पर नौ प्रतिशत तथा वार्षिक आधार पर 26 प्रतिशत बढ़ कर 31 मार्च 2024 को 87,182 करोड़ रुपए थी।

## वेदांता का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 27 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** लौह अयस्क, एल्यूमीनियम, जस्ता, तेल और गैस क्षेत्र में परिचालन करने वाली कंपनी वेदांता लिमिटेड को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत घटकर 2,273 करोड़ रुपए रहा जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 3132 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद शेयर बाजारों को बताया कि परिचालन से शुद्ध राजस्व, वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34,937 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले 37,225 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वेदांत का शुद्ध लाभ 2022-23 में 14,506 करोड़ रुपए से 48 प्रतिशत कम होकर 7,537 करोड़ रुपए रहा। जबकि कुल राजस्व में 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और यह 2023-24 में 1,41793 करोड़ रुपए रहा जबकि 2022-23 में यह 1,45,404 करोड़ रुपए था। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए वेदांता के कार्यकारी निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 वेदांता के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है। हमने अपने प्रमुख व्यवसायों में रिकॉर्ड उत्पादन हासिल किया है, जो परिचालन उत्कृष्टता पर हमारे निरंतर फोकस का प्रमाण है।



## सीबीडीटी ने फॉर्म 10ए/10एबी दाखिल करने की तारीख बढ़ाई

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल(एजेंसियां)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिनियम, 1961 के तहत फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी दाखिल करने की तारीख को आगे बढ़ाते हुए 30 जून, 2024 कर दी है। सीबीडीटी ने आज यहां कहा कि पहले करदाताओं की वास्तविक कठिनाइयों को कम करने के लिए ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों द्वारा फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी दाखिल करने की नियत तारीख को कई बार बढ़ाया जा चुका है।




■ **फॉर्म दाखिल करने की तारीख 30 जून कर दी**

ऐसे फॉर्म दाखिल करने की अंतिम तिथि 30.09.2023 से आगे बढ़ाने का अनुरोध किया गया है और करदाताओं को वास्तविक कठिनाइयों से बचने के लिए, सीबीडीटी ने फॉर्म 10 ए /10एबी दाखिल करने की नियत तारीख बढ़ा दी है। उसने कहा कि यदि ऐसा कोई मौजूदा ट्रस्ट, संस्थान या फंड विस्तारित नियत तारीख के भीतर निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए फॉर्म 10ए दाखिल करने में विफल रहा है, और बाद में, एक नई इकाई के रूप में अंतिम पंजीकरण के लिए आवेदन किया और फॉर्म 10एसी प्राप्त किया, तो अब भी कर सकता है उक्त फॉर्म10एसी को सरेंडर करने के इस अवसर का लाभ उठाएं और 30 जून 2024 तक फॉर्म10ए में एक मौजूदा ट्रस्ट, संस्था या फंड के रूप में वर्ष 2022-23 के लिए पंजीकरण के लिए आवेदन करें। वे ट्रस्ट, संस्थान या फंड जिनके पुन: पंजीकरण के आवेदन केवल देर से दाखिल करने के आधार पर खारिज कर दिए गए थे, वे 30 जून की समय सीमा के भीतर जमा कर सकते हैं।

## वित्त वर्ष 24 में एसीसी लिमिटेड को मिला सर्वाधिक लाभ

**अहमदाबाद**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। अंबुजा सीमेंट्स की सहायक कंपनी एसीसी लिमिटेड ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2024 में 2,337 करोड़ रुपए का अब तक का सर्वाधिक शुद्ध वार्षिक लाभ (पीएटी) की घोषणा की। यह पिछले साल के मुकाबले 378 प्रतिशत अधिक है।

अदाणी समूह की सहायक एसीसी लिमिटेड ने 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में 79 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 837 करोड़ रुपये का परिचालन ईबीआईटीडीए दर्ज किया। कंपनी ने बेहतर प्रदर्शन का श्रेय मात्रा, लागत और दक्षता मापदंडों में चौतरफा सुधार को दिया।

एसीसी लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अजय कपूर ने कहा कि हम सीमेंट उद्योग के अगुवा के रूप में अपनी स्थिति मजबूत बनाए हुए हैं। वर्ष के दौरान ईबीआईटीडीए में 138 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ हमारा वित्तीय प्रदर्शन हमारे बिजनेस मॉडल की मजबूती का प्रमाण है। वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही के लिए, कंपनी ने 945 करोड़ रुपए का पीएटी दर्ज किया। यह पिछले साल के मुकाबले तीन गुना अधिक है।

## अब 10 भारतीय भाषाओं में भी इंडस ऐपस्टोर का वॉयस सर्च फीचर

**बेंगलुरु**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। स्वदेशी ऐप मार्केटप्लेस फोनपे के इंडस ऐपस्टोर का वॉयस सर्च फीचर अब अंग्रेज़ी के अलावा 10 भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगा।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह इनोवेटिव फीचर यूज़र के अनुभव में सुधार लाता है, जिससे यूज़र अपनी पसंद की भाषा में वॉयस सर्च से ऐप ढूंढ सकते हैं। वॉयस सर्च टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करती है। वॉयस सर्च विभिन्न प्रकार के उच्चारणों और स्पीच पैटर्न को समझ लेता है, जिससे सर्च के उचित परिणाम मिलते हैं।




■ **यूजर अपनी पसंद की भाषा में वॉयस सर्च से ऐप ढूंढ सकते है**
■ **भारत में इंटरनेट चलाने वालों में 75 प्रतिशत लोग बोलते है स्थानीय भाषा**

भारत में इंटरनेट चलाने वालों में करीब 75प्रतिशत लोग अपनी स्थानीय भाषा बोलते हैं। इस आंकड़ें से पता चलता है कि ऐप खोजने और उनका इस्तेमाल करने में आने वाली भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करना कितना ज़रूरी है। क्षेत्रीय भाषाओं में पारंपरिक टेक्स्ट आधारित खोज में कई तरह की मुश्किलें होती हैं, जैसे विशेष कीबोर्ड की ज़रूरत और मुश्किल अक्षर लिखना। इससे आसानी से संचार नहीं हो पाता है। उसने कहा कि इंडस ऐपस्टोर की वॉयस सर्च टेक्नोलॉजी से यूजर को बेहतरीन अनुभव मिलता है। इससे वे आसानी से वॉयस सर्च बटन को टैप करके अपनी स्थानीय भाषा में पसंदीदा ऐप को खोज सकते हैं। यह इंडस ऐपस्टोर मिशन के साथ जुड़ा हुआ है, जो सभी लोगों को शामिल करने और आसानी से इस्तेमाल किए जा सकने वाले फीचर के माध्यम से यूजर को सशक्त बनाना है।

### सार संक्षेप

#### ऑडी की कारें होंगी 2 प्रतिशत तक महंगी

**नई दिल्ली।** लक्जरी कार बनाने वाली जर्मन कंपनी ऑडी ने आज अपनी कारों के अलग-अलग मॉडलों की कीमतों में एक जून 2024 से 2 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि लागत तथा परिवहन के खर्च में बढ़ोतरी होने के कारण ग्राहकों पर कुछ बोझ डालना पड़ा है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा कि इनपुट का बढ़ता खर्च हमें 2 प्रतिशत तक कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर कर रहा है और यह बढ़ोतरी 1 जून, 2024 से प्रभावी होगी। इस मूल्य-सुधार के पीछे ऑडी इंडिया और हमारे डीलर पार्टनरों की स्थायी तरक्की सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। हमने हमेशा से यह कोशिश की है कि बढ़ती कीमतों का प्रभाव हमारे ग्राहकों पर यथासंभव कम से कम पड़े।

#### टेक महिंद्रा का मुनाफा 41 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टेक महिंद्रा ने 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में 661 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के शुद्ध लाभ की तुलना में 41 प्रतिशत कम है। कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी अपने वितीय लेखाजोखा में कहा कि दूरसंचार, संचार, मीडिया और मनोरंजन सहित प्रमुख क्षेत्रों में जारी मंदी के कारण मुनाफे पर दबाव बना है। वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही में कंपनी का सकल राजस्व 6.2 प्रतिशत घटकर 12,871 करोड़ रुपए रहा। उसने कहा कि वित्त वर्ष में राजस्व 51,996 करोड़ रुपए रहा, जो सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत कम हुआ और शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 51.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,358 करोड़ रुपए रहा। बोर्ड ने पांच रुपए के शेयर पर 28 रुपए प्रति शेयर अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।

#### एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के राजस्व में 17 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि


**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 23-24 के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा कर दी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 23-24 में 319 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) अर्जित करते हुए वृद्धि गति को जारी रखा, जो वित्त वर्ष 23 के मुकाबले 30% अधिक है। कंपनी के ग्रॉस रिटेन प्रीमियम (जीडब्ल्यूपी) में पिछले साल के मुकाबले 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 12,731 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के विविध प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो, वितरण पहुंच, ब्रांड और लागत अनुकूलन की वजह से इन आंकड़ों को प्राप्त करने में मदद मिली। मोटर और हेल्थ के नेतृत्व में रिटेल बिजनेस में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। प्राइवेट मार्केट में पर्सनल एक्सिडेंट सेगमेंट में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस नंबर पर बना हुआ है। वहीं हेल्थ, होम, फसल, वाणिज्यिक और मोटर सहित व्यवसायों में कंपनी की मजबूत उपस्थिति बरकरार है।

# बैंकों की तेजी से बाजार ने भरी उड़ान

**मुंबई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एक्सिस बैंक और एसबीआई समेत 22 दिग्गज कंपनियों की करीब छह प्रतिशत तक की तेजी से आज शेयर बाजार ने उड़ान भरी। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 486.50 अंक अर्थात 0.66 प्रतिशत की छलांग लगाकर 74,339.44 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 167.95 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की उड़ान भरकर 22,570.35 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.71 प्रतिशत मजबूत होकर 41,247.11 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत उछलकर 47,112.78 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 3934 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2076 में लिवाली जबकि 1718 में बिकवाली हुई वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियों के शेयर मजबूत रहे जबकि 10 ने नुकसान उठाया।

■ **सेंसेक्स 0.66 प्रतिशत की छलांग लगाकर 74,339.44 अंक पर**
■ **निफ्टी 0.75 प्रतिशत की उड़ान भरकर 22,570.35 अंक पर बंद**

बीएसई में रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की 0.45 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.68, सीडी 0.22, ऊर्जा 0.87, एफएमसीजी 0.75, वित्तीय सेवाएं 0.69, हेल्थकेयर 0.97, इंडस्ट्रियल्स 0.86, आईटी 0.32, दूरसंचार 0.41, यूटिलिटीज 0.90, ऑटो 0.91, बैंकिंग 0.71, कैपिटल गुड्स 0.87, धातु 1.16, तेल एवं गैस 0.88, पावर 0.94, टेक 0.40 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.71 प्रतिशत चढ़ गए।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.62, हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.27 प्रतिशत उछल गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.61, जापान का निक्केई 2.16 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.76 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 281 अंक लुढ़कर 73,572.34 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद 73,556.15 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 74,571.25 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,852.94 अंक के मुकाबले 0.66 प्रतिशत उछलकर 74,339.44 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी भी 86 अंक उतरकर 22,316.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,305.25 अंक के निचले जबकि 22,625.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें एक्सिस बैंक 5.98, एसबीआई 5.10, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.55, नेस्ले इंडिया 2.39, सन फार्मा 2.30, आईटीसी 2.02, एनटीपीसी 1.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.76, एचसीएल टेक 1.62, आईसीआईसीआई बैंक 1.48, इंडसइंड बैंक 1.44, टाटा स्टील 1.27, टाटा मोटर्स 0.93, पावरग्रिड 0.71, रिलायंस 0.61, टीसीएस 0.54, इंफोसिस 0.46, एलटी 0.43, टेक महिंद्रा 0.34, अल्ट्रासिमको 0.27 और विप्रो 0.17 प्रतिशत शामिल है। वहीं, कोटक बैंक 10.85, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.25, टाइटन 1.05, बजाज फाइनेंस 0.46, मारुति 0.31, एशियन पेंट 0.25, भारती एयरटेल 0.10 और एचडीएफसी के शेयर 0.02 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## भारत व ब्रिटेन में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए साझेदारी

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। किंग्स कॉलेज लंदन, गाइज़ एंड सेंट थॉमस एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट, हिंदुजा फाउंडेशन यूके और पीडी हिंदुजा अस्पताल एवं मेडिकल रिसर्च सेंटर ने स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए उन्नत प्रशिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान क्षमताओं के विस्तार के लिए एक नई साझेदारी की है। किंग्स कॉलेज लंदन, गाइज़ एंड सेंट थॉमस और नेशनल हेल्थ एंड एजुकेशन सोसाइटी ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जो भारत और यूके में स्वास्थ्य पेशेवरों को सर्वोत्तम नैदानिक प्रथाओं को साझा करने के लिए नैदानिक और गैर-नैदानिक लघु पाठ्यक्रमों, अनुसंधान क्षमता निर्माण और कार्यकारी शिक्षा में किंग्स एंड गाइज़ और सेंट थॉमस प्रशिक्षण प्रदान करेगा।



विशेष रूप से, हिंदुजा फाउंडेशन ने बायोमेडिकल इंजीनियरिंग और इमेजिंग विज्ञान में भारतीय छात्रों के लिए पीएचडी और मास्टर्स स्कॉलरशिप के माध्यम से स्वास्थ्य इंजीनियरिंग अनुसंधान और नैदानिक नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। किंग्स के अग्रणी अनुसंधान, शिक्षण और बायोमेडिकल प्रौद्योगिकियों, स्वास्थ्य डेटा (एआई सहित) और उन्नत उपचारों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ आशा की जाती है कि भारत में स्वास्थ्य सेवा प्रदान का समर्थन करने के साथ-साथ, यह साझेदारी इन क्षेत्रों में वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों का समाधान करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों के विकास को आगे बढ़ाने में मदद करेगी।

## सरसों, सोया व वनस्पति तेल महंगा

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल में उबाल रहा वहीं अन्य सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 82 रिंगिट लुढ़ककर 3958 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.05 सेंट की गिरावट के साथ 45.22 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 134 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।



सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 11000-11100, अरहर दाल 12000-12100 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और चावल : 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## वित्त वर्ष में 82-82.50 रुपए प्रति डॉलर तक मजबूत होगी भारतीय मुद्रा : केयर रेटिंग्स

**चेन्नई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। केयर रेटिंग्स के एक शीर्ष अर्थशास्त्री के अनुसार डॉलर की तुलना में भारतीय रुपया के मौजूदा वित्त वर्ष में 82-82.50 रुपए तक मजबूत होने की उम्मीद है जबकि निकट भविष्य में यह 83-83.50 रुपए के बीच बना रहेगा।

साख निर्धारक एजेंसी की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा कि निकट भविष्य में भारतीय रुपए के 83-83.50 रुपए प्रति डॉलर के बीच कारोबार करने की उम्मीद है, हालांकि भूराजनीतिक तनाव संभावित जोखिम पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारतीय रुपया मामूली रूप से मजबूत होकर लगभग 82-82.50 रुपए प्रति डॉलर हो जाएगा जो लगभग सात प्रतिशत की स्वस्थ आर्थिक वृद्धि, चालू खाता घाटा के जीडीपी के लगभग एक प्रतिशत के आरामदायक स्तर और वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में भारत के शामिल होने के बाद एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेश) प्रवाह में अपेक्षित वृद्धि के भारत के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों से प्रेरित होगा। सिन्हा ने कहा कि हालांकि ईरान-इजरायल तनाव को लेकर चिंताएं कम हो गई हैं, लेकिन मजबूत डॉलर का भारतीय रुपए सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बना हुआ है।

**एशियाई देशों की तुलना में रुपया शीर्ष प्रदर्शन करने वाला बना हुआ है, जिसे आरबीआई का समर्थन मिलने की संभावना है : रजनी सिन्हा**

## आरबीआई की कार्रवाई के बाद डैमेज कंट्रोल मोड में कोटक बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी। आरबीआई ने ऑनलाइन नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगा दी। इस कार्रवाई के बाद कोटक महिंद्रा बैंक अब डैमेज कंट्रोल मोड में आ गया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और एमडी अशोक वासवानी ने कोटक महिंद्रा बैंक के कर्मचारियों को पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने बैंक के खिलाफ आरबीआई की कार्रवाई पर उनके डर को दूर करने की कोशिश की। उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया है कि प्रबंधन आरबीआई जांच में उठाए गए मुद्दों पर काम करेगा।

# खेल जगत

## रसिख सलाम को आचार संहिता उल्लंघन पर लगी फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज रसिख सलाम डार को अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में गुजरात टाइटंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच 40 के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। डार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।



# नारायण और रसेल के बूते केकेआर अपने जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। अपने कैरिबियाई ऑलराउंडर सुनील नारायण और आंद्रे रसेल के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत आरसीबी से किस्मत के सहारे पिछला मैच मात्र एक रन से जीतने से सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ मौजूदा आईपीएल 2024 में दूसरे स्थान पर चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अब इन दोनों के बूते शुक्रवार को अपने घर में कोलकाता में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने के मकसद से उतरेगी। वहीं अपने कप्तान शिखर धवन के चोट के चलते बाहर होने से पिछले चार मैच बेहद करीबी अंतर से हारने वाली पंजाब किंग्स की कोशिश कोलकाता नाइट राइडर्स पर जीत के साथ लगातार पांचवी हार से बचने की होगी। सुनील नारायण (कुल 286 रन) के लिए एक शतक और एक अर्धशतक सहित कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए रन बनाने में आगे चल ही रहे हैं आंद्रे रसेल व हर्षित राणा के साथ समान रूप से नौ-नौ विकेट चटका कर रन बनाने में सबसे आगे चल रहे हैं। आंद्रे रसेल कोलकाता नाइट राइडर्स की कोलकाता



में पहले मैच एसआरएच पर और पिछले आरसीबी के खिलाफ सांस रोक देने वाले रिटर्न मैच में जबकि सुनील नारायण आरसीबी के खिलाफ बेंगलुरु में, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दिल्ली में गेंद और बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर दो-दो मैचों मैन ऑफ द मैच रहे। केकेआर की टीम अब तक मौजूदा चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स से कुल दो मैच हारी है। सुनील नारायण के अर्द्धशतक के बावजूद जोश बटलर ने शतक जड़ने के बाद मैच की आखिरी गेंद पर चौका राजस्थान रॉयल्स को दो विकेट से जीत दिला दी थी। दोनों टीमों के बीच आईपीएल में पिछले पांच मैचों में तीन केकेआर ने और दो पंजाब किंग्स ने जीते हैं। सुनील नारायण के साथ उनके सलामी जोड़ीदार दो अर्द्धशतक जड़ने वाले विकेटकीपर फिल साल्ट (कुल 249 रन) ने बल्ले से कोलकाता के लिए बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया ही है

■ पंजाब किंग्स की कोशिश लगातार पांचवीं हार से बचने की
■ केकेआर के शीर्ष क्रम के लिए पंजाब के हर्षल, करेन व रबाड़ा से पार पाना आसान नहीं

कप्तान श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर ने एक एक अर्द्धशतक जड़ सही वक्त पर सही प्रदर्शन किया है। बावजूद इसके केकेआर के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए बुमराह व चहल की तरह कुल 13-13 विकेट चटकाने वाले पंजाब किंग्स के चतुर तेज गेंदबाज हर्षल पटेल, कप्तान की जिम्मेदारी भी संभाल रहे सैम करेन (कुल 11 विकेट) कसिगो रबाड़ा (10 विकेट) और स्पिनर हरप्रीत बराड़ (चार विकेट) से पार पाना आसान नहीं होगा। खासतौर पर पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज रबाड़ा, हर्षल और करेन ने पारी के शुरू में यदि कोलकाता नाइट राइडर्स के पिंच हिटर सुनील नारायण, साल्ट और अब तक एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले वेंकटेश अय्यर और कप्तान श्रेयस अय्यर को जल्द सस्ते में आउट कर यदि पैवेलियन की राह दिखा तो फिर मेजबान टीम का सारा गणित और रणनीति की हवा में ही निकल जाएगी। शुरू में यदि जल्दी कोलकाता नाइट के विकेट गिर जाते हैं फिर फिनिशर रिंकू और उनके रसेल जैसे बल्ले और अपनी बाजुओं पर भरोसा करने वाले विस्फोटक पारी खेल केकेआर की नैया किनारे लगाना खासा मुश्किल हो जाएगा।

आईपीएल 2024

अनुभवी कप्तान शिखर की गैरमौजूदगी में पंजाब किंग्स के लिए एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले नौजवान बल्लेबाज शशांक सिंह (कुल 195 रन), आशुतोष शर्मा ( 159 रन) और अब कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाल रहे सैम करेन (कुल 152 रन) ने बेशक अच्छी पारियों खेली हैं लेकिन पंजाब किंग्स को उसके पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चार विकेट से और गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसके घर में एक गेंद के बाकी रहते तीन विकेट से जीत के अलावा बाकी पिछले लगातार चार मैचों सहित आठ मैचों में छह हार झेलनी है। छत्तीसगढ़ से खेलने वाले शशांक सिंह और बेहद कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले आशुतोष शर्मा के साथ यदि इंग्लैंड के सैम करेन, लियाम लिविंगस्टन व जॉनी बैरिस्टो तथा जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने साथ निभा बड़ी पारियां खेली तो पंजाब किंग्स की टीम बड़े नामों वाली केकेआर का गणित बिगाड़ कर नौ मैचों में अपनी तीसरी जीत की उम्मीद कर सकती है।

## टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा कर सकते हैं : बीसीसीआई



आईसीसी टी20 विश्व कप

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में खेले जाने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा करने के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की इस सप्ताह के अंत में मुंबई में बैठक होने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने आईएएनएस को यह जानकारी दी। आईसीसी ने भाग लेने वाले बोर्डों के लिए विश्व कप के लिए अपने अस्थायी टीमों की घोषणा करने के लिए 1 मई की समय सीमा निर्धारित की है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीज़न में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर एक संतुलित 15 सदस्यीय टीम चुनने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों ने आईएएनएस से कहा कि वे (चयनकर्ता) 15 सदस्यीय टीम चुनने के लिए 27 या 28 अप्रैल को बैठेंगे। टीम का नाम बताना वास्तव में कठिन होगा क्योंकि मौजूदा आईपीएल में कुछ युवा खिलाड़ी वास्तव में प्रभावशाली हैं।

## ज़ावी जून 2025 तक बार्सिलोना के कोच बने रहेंगे

**मैड्रिड ( स्पेन ),** 25 अप्रैल (एजेंसियसां)। एफसी बार्सिलोना के कोच ज़ावी हर्नांडेज़ ने मौजूदा सीज़न के अंत में प्रथम-टीम के कोच के रूप में पद छोड़ने के अपने फैसले को पलट दिया है और अब उनका अनुबंध जून 2025 के अंत तक रहेगा। बार्सिलोना उपाध्यक्ष राफ़ा युस्टे ने ज़ावी के साथ बैठक के बाद क्लब के अध्यक्ष जोन लापोर्टा के घर के बाहर इस खबर की पुष्टि की। युस्टे ने इंतजार कर रहे पत्रकारों से कहा कि ज़ावी रुकेंगे, वह वास्तव में खुश और उत्साहित हैं, क्लब ने इस बात पर ज़ोर देने से पहले कि कभी भी किसी अन्य कोच के साथ बातचीत शुरू नहीं की थी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले बुधवार को जावी ने लापोर्टा और बार्सिलोना के खेल निदेशक डेको के साथ आमने-सामने बातचीत की, जिसमें उन्होंने संकेत दिया कि उन्होंने जनवरी में लिए गए फैसले के बारे में अपना मन बदल लिया है। ज़ावी ने बार्सिलोना को तब चौंका दिया जब उन्होंने घरेलू मैदान पर विलारियल से 5-3 की हार के बाद टिप्पणी की कि वह इस सीज़न के अंत में पद छोड़ देंगे।

**सार संक्षेप**

### श्यामलाल कॉलेज 115 रनों से हारा

**नई दिल्ली।** द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में राम लाल आनंद कॉलेज ने श्यामलाल कॉलेज को 115 रनों से हराया। पी.जी.डी.ए.वी कॉलेज (प्रातः) द्वारा आयोजित टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर कृष्णा शर्मा ने सिक्का उछालकर किया। राम लाल आनंद कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 207 रन का विशाल स्कोर बनाया। टीम के लिए सर्वोत्तम शर्मा ने 32 गेंदों में 49 रन बनाए और मेहुल चौहान ने 11 रन देकर तीन विकेट लिए। राम लाल आनंद कॉलेज के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए श्यामलाल लाल कॉलेज की टीम को 14 ओवर में 92 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 115 रनों से जीत लिया। सर्वोत्तम शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### अर्जन सिंह हांकी प्रतियोगिता में भारतीय वायु सेना ने श्रीलंका वायु सेना को हराया

**चंडीगढ़।** भारतीय वायु सेना ने मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2024 के पांचवें संस्करण के पहले दिन गुरुवार को नंबर 3 बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी) में श्रीलंका वायु सेना को हरा दिया। पहले दिन चार मैच खेले गए। भारतीय वायुसेना ने श्रीलंका वायुसेना के खिलाफ 4-0 से जीत दर्ज की. भारतीय वायु सेना के जेडब्ल्यूओ लवदीप सिंह ने चार गोल किये। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच चंडीगढ़ इलेवन ने पंजाब पुलिस से 5-3 से जीता। एयर मार्शल आरके आनंद, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन, जो मुख्य अतिथि थे, ने टूर्नामेंट के उद्घाटन की घोषणा की। मुख्य अतिथि ने अनुभवी खिलाड़ियों - धर्मवीर सिंह (ओलंपियन) और पूर्व वायु सेना हॉकी खिलाड़ियों, ग्रुप कैप्टन जेएस मिन्हास (सेवानिवृत्त) और पूर्व सार्जेंट प्रेम कुमार को सम्मानित किया।

### डीपी वर्ल्ड की बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल नई दिल्ली में युवा क्रिकेटरों को बना रही सशक्त

**नई दिल्ली।** स्मार्ट एंड-टू-एंड आपूर्ति श्रृंखला समाधानों की अग्रणी वैश्विक प्रदाता कंपनी डीपी वर्ल्ड दुनिया भर में क्रिकेट सामग्रियों की पहुंच में सुधार लाने के लिए प्रयासरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए डीपी वर्ल्ड 'बियोन्ड बाउंड्रीज' पहल के तहत दिल्ली के एयरोसिटी ग्राउंड में जमीनी स्तर की एकेडमीज़ को 500 क्रिकेट किट वितरित कर रही है।

यह पहल क्रिकेट के विकास को समर्थन करने की खातिर एक वैश्विक मिशन का हिस्सा है, जिसकी आपूर्ति विशेष उद्देश्य से तैयार 50 पुनर्निर्मित शिपिंग कंटेनरों के माध्यम से की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जमीनी स्तर के क्रिकेट क्लबों के पास खेल खेलने के लिए आवश्यक किट, उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध हों। इन दो नवीनतम कंटेनरों से दिल्ली क्षेत्र में बाल भारती और बाल भवन सहित अन्य एकेडमीज़ के 500 युवा खिलाड़ियों को लाभ होगा। दोनों कंटेनरों को बाहर से अनूठी कलाकृति से सजाया गया है जो क्रिकेट की भावना और दिल्ली शहर के साथ इसके संबंधों को दर्शाते हैं और ये कंटेनर लाभार्थियों के लिए चेंजिंग रूम और विश्राम पवेलियन्स के रूप में भी काम करेंगे।

## चोट की वजह से न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी बचे टी20 में नहीं खेलेंगे रिजवान

**लाहौर,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। मोहम्मद रिजवान और इरफ़ान ख़ान नियाज़ी न्यूजीलैंड के खिलाफ बाक़ी बचे टी20 से बाहर हो गए हैं। पीसीबी ने बयान में कहा है कि उन्हें दोनों की रेडियोलॉजी रिपोर्ट्स मिली हैं और दोनों को सीरीज से बाहर करने का निर्णय लिया गया है। रिज़्वान को तीसरे टी20 में बल्लेबाज़ी करते समय हैमस्ट्रिंग हो गई थी और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा था। पीसीबी की ओर से कहा गया है कि उनके सप्ताह से 10 दिन तक मैदान के बाहर रहने की उम्मीद है और यह चोट उन्हें भविष्य के दौरे से बाहर रखने लायक नहीं है। वहीं नियाज़ी को उस मैच में किसी तरह की तक़लीफ़ में नहीं देखा गया था, लेकिन पता चला है कि उनको भी हैमस्ट्रिंग हुई है और इसकी वजह से पीसीबी ने उन्हें सीरीज़ से बाहर कर दिया है। इस जोड़ी के अलावा आज़म ख़ान पहले ही चोट के कारण अनुपलब्ध थे। वहीं इस साल की शुरुआत में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टी20 पदार्पण करने वाले हसीबुल्लाह को आज़म के कवर के तौर पर बुलाया गया है, इसके अलावा किसी बदलाव की घोषणा नहीं की गई है।रिज़्वान की अनुपस्थिति में पाकिस्तान के पास विकेटकीपिंग के कई विकल्प हैं। हसीबुल्लाह को अभी तक खेलने का मौक़ा नहीं मिला है, वह विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। उस्मान ख़ान ने भी पीएसएल में मुल्तान सुल्तांस के लिए दो मैचों में कीपिंग की थी। दूसरे मैच में हारने के बाद न्यूजीलैंड ने तीसरे मैच में वापसी करते हुए सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया, आखिरी दो मैच अब लाहौर में खेले जाने हैं।



## टी20 विश्व कप : टीम इंडिया में पंत की जगह लगभग पक्की

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ऋषभ पंत ने बतौर विकेटकीपर, बल्लेबाज और कप्तान तीनों में बेहतरीन प्रदर्शन दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सांस रोक देने वाले बेहद रोमांचक रिटर्न मैच में अपने घरेलू दर्शकों के सामने यहां आईपीएल 2024 क्रिकेट में अरुण जेटली स्टेडियम में बड़े स्कोर वाले बेहद रोमांचक मैच में बृहस्पतिवार देर रात चार रन से जीत दिला नौ मैचों में चार जीत और पांच हार के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंचा दिया। ऋषभ पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के नौ मैचों में मौजूदा सीजन में अपने तीसरे अर्द्धशतक के साथ कुल 342 रन बना कर अपनी टीम के लिए शीर्ष और अंक तालिका कुल तीसरे नंबर पर है। वह दिल्ली की गुजरात टाइटंस पर दोनों जीत में मैन ऑफ द' मैच रहे और उन्होंने बतौर विकेटकीपर 9 कैच लपके और दो खिलाड़ियों को स्टंप किया। बेहद खतरनाक कार दुर्घटना के बाद अपने जीवट से ऋषभ पंत ने विकेट के पीछे और आगे दमदार प्रदर्शन कर जून में अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी टी-20 विकेट के लिए भारतीय टीम में जगह पाने की होड़ में मौजूदा आईपीएल के आधे से ज्यादा का सफर पूरा करने के बाद संजू सैमसन (कुल314), केएल राहुल (302 रन), दिनेश कार्तिक (कुल 251 रन) और इशान किशन (कुल 185 रन) को कहीं पीछे छोड़ अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को उसके घर में छह विकेट से हराया था। पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर पॉवरप्ले में मात्र छह ओवर में तीन विकेट 44 रन पर गंवाने के बाद कप्तान मैन ऑफ द' मैच ऋषभ पंत की मात्र 43 गेंदों में अविजित 88 रन की तूफानी पारी और उनकी अक्षर पटेल (66 रन) के साथ चौथे विकेट की 113 रन की भागीदारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 224 रन का पहाड़ का स्कोर बनाया।



पंत ने दिल्ली कैपिटल्स को नौ मैचों में चार जीत और पांच हार के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंचा दिया

जहां तक मेरा खुद का ताल्लुक है, मैं अब हर दिन के साथ बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं पूरी शिद्दत से खेला। मैं हर घंटे मैदान पर रहना पसंद करता हूं : ऋषभ पंत

पंत ने गुजरात के मोहित शर्मा को निशाना बना उनकी मात्र 18 गेंदों में आठ छक्कों और सात चौकों सहित 62 रन बनाए। जवाब में नौजवान तेज गेंद बाज रसिक सलाम (3/44) और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव(2/29) ने सई सुदर्शन (66 रन, 39 गेंद), डेविड मिलर (55, 23 गेंद) और राशिद खान (21 रन, 11गेंद) की तूफानी पारियों की बावजूद गुजरात टाइटंस को आठ विकेट पर 220 रन पर रोक कर दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स की बृहस्पतिवार रात गुजरात टाइटंस पर अपने घर में भी जीत के बाद ऋषभ पंत ने कहा कि जहां तक मेरा खुद का ताल्लुक है मैं अब हर दिन के साथ बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं अपनी पूरी शिद्दत से खेला। मैं हर घंटे मैदान पर रहना पसंद करता हूं। मैं मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करता हूं। जहां तक नौजवान तेज गेंदबाज रसिक सलाम से 19 वां ओवर फिंकवाने की बात है तो हमने यह देख चुके हैं कि अनुभवी ऑनरिक नोकिया बेहद महंगे साबित हुए थे।

## बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल के तहत दिल्ली में 500 युवा क्रिकेटरों को क्रिकेट किट का वितरण

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता कंपनी डीपी वर्ल्ड ने 'बियोन्ड बाउंड्रीज' पहल के तहत दिल्ली के एकेडमियों से जुड़े 500 युवा किक्रेटरों को क्रिकेट किट वितरित कर रही है। कंपनी ने यहां कहा कि यह पहल क्रिकेट के विकास को समर्थन करने की कंपनी की एक वैश्विक मिशन का हिस्सा है, जिसकी आपूर्ति विशेष उद्देश्य से तैयार 50 पुनर्निर्मित शिपिंग कंटेनरों के माध्यम से की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जमीनी स्तर के क्रिकेट क्लबों के पास खेल खेलने के लिए आवश्यक किट, उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध हों। दो कंटेनरों से दिल्ली क्षेत्र में बाल भारती और बाल भवन सहित अन्य एकेडमी के 500 युवा खिलाड़ियों को लाभ होगा। दोनों कंटेनरों को बाहर से अनूठी कलाकृति से सजाया गया है जो क्रिकेट की भावना और दिल्ली शहर के साथ इसके संबंधों को दर्शाते हैं और ये कंटेनर लाभार्थियों के लिए चेंजिंग रूम और विश्राम पवेलियन्स के रूप में भी काम करेंगे। बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल के लॉन्च मौके पर दिल्ली कैपिटल्स टीम के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली के अलावा टीम के प्रमुख खिलाड़ियों डेविड वार्नर, एनरिक नॉर्टजे, यश ढुल और पूनम यादव ने शिरकत की। इसके साथ ही डीपी वर्ड के अधेंद्रू जैन और दिल्ली कैपिटल्स की पुरुष और महिला टीमों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे, जिन्होंने एकेडमियों से बात की और 7 अकादमियों के युवा लाभार्थियों को क्रिकेट किट वितरित करने में मदद की।



## पाकिस्तान की बिस्माह मारूफ ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**कराची,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान महिला टीम की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। मारूफ ने अपने बयान में कहा कि मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे अधिक पसंद है। उन्होंने कहा कि यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने शुरू से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि पीसीबी का समर्थन अमूल्य रहा है, विशेषकर मेरे लिए पहली अभिभावक नीति को लागू करने में, जिसने मुझे एक मां होने के दौरान उच्चतम स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम बनाया।

## तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय पुरुष रिकर्व टीम फाइनल में

तीरंदाजी विश्व कप

**शंघाई ( चीन ),** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। लगातार तीन जीत के साथ, धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण रमेश जाधव की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने गुरुवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में जगह पक्की कर ली। भारतीय तिकड़ी इंडोनेशिया के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5-3 से जीत हासिल की। उस शुरुआती लड़खड़ाहट के बाद, उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और आगामी चरणों में स्पेन और इटली के खिलाफ 5-1 से आसानी से जीत हासिल की। भारत ने नॉकआउट चरण में अपना फॉर्म बरकरार रखा, कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रहा और 55 से ऊपर के औसत स्कोर के साथ फाइनल में पहुंचा। 28 अप्रैल को, वे फाइनल में मजबूत दक्षिण कोरियाई टीम के खिलाफ खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। महिला रिकर्व टीम ने अपना निराशाजनक प्रदर्शन बरकरार रखा और 16वें राउंड में मेक्सिको से 3-5 से हार गई, इस प्रकार पुरुषों की जीत के विपरीत प्रतियोगिता से जल्दी बाहर हो गई।



# अर्जुन ने ओलंपिक चयन ट्रायल में एयर राइफल फाइनल का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। अर्जुन बाबूता ने राइफल और पिस्टल के लिए चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 1 और 2 के सातवें दिन शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में मौजूदा फाइनल विश्व रिकॉर्ड को तोड़ते हुए शानदार जीत दर्ज की। ओएसटी टी1 फाइनल में उनका सनसनीखेज स्कोर 254.0 था, जो इस साल की शुरुआत में काहिरा विश्व कप में साथी फाइनलिस्ट और भारतीय टीम के साथी दिव्यांश सिंह पंवार द्वारा निर्धारित अंक से 0.3 अधिक था।

नैंसी (महिला 10 मीटर एयर राइफल), वरुण तोमर (पुरुष 100 मीटर एयर पिस्टल) और रिदम सांगवान (महिला 10 मीटर एयर पिस्टल) ने भी अपने संबंधित ओएसटी टी1 फाइनल मैचों में जीत दर्ज की। अर्जुन की स्कोरशीट दो परफेक्ट 10.9 शॉट से जड़ी थी, इसके अलावा 13 अन्य शॉट्स भी थे जो 10.6 या उससे ऊपर थे। उनका सबसे कम स्कोर 10.0 केवल 21वें शॉट पर आया, तब तक उन्होंने मैदान पर एक बड़ा अंतर स्थापित कर लिया था, और अंत में 2022 के विश्व विजेता रुद्राक्ष पाटिल पर 2.8 से जीत हासिल की। श्री कार्तिक सबरी राज तीसरे स्थान पर रहे।



### महिलाओं की 10 मीटर में नैंसी ने बाजी मारी

महिलाओं की 10एम एयर राइफल ओएसटी टी1 फाइनल में नैन्सी शायद अर्जुन से थोड़ी कम घातक थी, लेकिन एक आरामदायक और समान जीत हासिल करने में निश्चित रूप से उतनी ही प्रभावी थी। उनका 253.4 का आंकड़ा, विश्व रिकॉर्ड अंक से 0.6 से चूक गया, लेकिन कोटा धारक मेहुली घोष को 0.7 से हराने के लिए पर्याप्त था। ओलंपियन एलावेनिल वलारिवान तीसरे स्थान पर रहीं।

### वरुण और रिदम ने एयर पिस्टल जीता

पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में पेरिस कोटा धारक वरुण तोमर ने 244.1 के स्कोर के साथ दिन में एक और आरामदायक जीत हासिल की। रविंदर सिंह दूसरे स्थान पर पूरे 4.1 अंक पीछे थे, जबकि वरुण के साथी पेरिस कोटा धारक सरबजोत सिंह (217.4) ने तीसरे स्थान के साथ अंतिम पोडियम अंक हासिल किए। रिदम सांगवान, महिला क्षेत्र में एयर पिस्टल और स्पोर्ट पिस्टल दोनों ट्रायल के लिए क्वालीफाई करने वाली तीन में से एक, ने व्यापक प्रदर्शन के बाद एयर पिस्टल स्पर्धा में समग्र बढ़त हासिल करके स्पोर्ट पिस्टल ट्रायल में पहले मिली निराशा की कुछ हद तक भरपाई की। अपने पहले ट्रायल मैच में बुधवार को 578 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के बाद, उन्होंने फाइनल में शुरू से अंत तक नेतृत्व किया और उपलब्ध उच्चतम पोडियम अंक भी जुटाए। उनका 243.5 का स्कोर दूसरे स्थान पर रहीं मनु भाकर से 5.7 बेहतर था। मौजूदा एशियाई खेलों की विजेता पलक तीसरे स्थान पर रहीं।

### 3पी क्वालिफिकेशन राउंड

उस दिन पुरुषों और महिलाओं की 50 मी राइफल 3 पोजीशन ओएसटी टी2 के लिए क्वालिफिकेशन राउंड भी आयोजित किया गया। ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और अंजुम मुद्गिल क्रमश: स्कोरिंग चार्ट में शीर्ष पर रहे। ऐश्वर्य विशेष रूप से सनसनीखेज थे क्योंकि उन्होंने 595 का शानदार स्कोर बनाया जिससे उनके और उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी के बीच आठ अंकों का अंतर रह गया।